जबलपुर
गुरुवार 23 अप्रैल 2026

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




बंगाल के दमदम में चुनावी रैली में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने टीएमसी और कांग्रेस को ललकारा

# लोग किसी विधायक या पार्टी सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि घुसपैठ मुक्त बंगाल बनाने के लिए मतदान करें, भाजपा राज्य को बनाएगी सुरक्षित-मजबूत

एजेंसी ▸▸ दमदम

पश्चिम बंगाल के दमदम में एक चुनावी रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनता से बड़ा आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी विधायक या पार्टी सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि घुसपैठ मुक्त बंगाल बनाने के लिए मतदान करना चाहिए। शाह ने रैली में कहा कि वोट का उद्देश्य राज्य को सुरक्षित और मजबूत बनाना होना चाहिए। उन्होंने जनता से अपील की कि वे ऐसे फैसले लें जिससे बंगाल में अवैध घुसपैठ पर रोक लग सके। राहुल गांधी का नाम लेते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पश्चिम बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में जनता का समर्थन पूरी तरह भाजपा के पक्ष में है।

**जनता का समर्थन भाजपा के साथ**

## कांग्रेस को असम में मिलेगी सबसे बुरी हार दीदी की हालत भी कमजोर, वे बाहर होंगी


मंच पर केंद्रीय गृहमंत्री शाह और प्रमुख नेतागण

### राहुल के असर से खरगे की भाषा बिगड़ गई

शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर तीखा हमला बोला, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। आतंकवाद को खत्म करने वाले को खरगे आतंकी कह रहे हैं। राहुल के साथ खरगे की भाषा भी बिगड़ गई है।



### तमिलनाडु और पुडुचेरी में कांग्रेस का नहीं खुलेगा खाता

शाह ने कहा कि मैं राहुल गांधी से कहना चाहता हूं कि तमिलनाडु और पुडुचेरी में वे दो अंकों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएंगे बंगाल में तो शायद वे अपना खाता भी न खोल पाएं और असम में कांग्रेस की अब तक की सबसे बड़ी हार होने वाली है। ममता दीदी आप इसी कांग्रेस के साथ बैठी हैं। आपकी स्थिति भी और बिगड़ने वाली है।

**अनुराग ने ममता पर आरोपों की बौछार की**

## प्रधानमंत्री ने जेब से 10 रु. दिए तो पीड़ा क्यों? वे कटमनी, कमीशन भूल गईं...

पीएम मोदी के झालमुड़ी खाने पर सीएम ममता बेनर्जी के हमले पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता भारत के प्रधानमंत्री लगातार तीसरी बार चुनकर आए हैं। वह एक छोटी दुकान पर झालमुड़ी खाने के लिए रुकते हैं, लोगों के साथ इस बात को साझा करते हैं, तो ममता कहती हैं प्रधानमंत्री की जेब में 10 रुपए कहां से आए? अरे ममता जी कट मनी, कट कमिशन खाने वालों ने लोगों की जेब में 10 रु.भी नहीं छोड़े?



### एनडीए की किसी राज्य में खाने पीने की रोक नहीं

मछली खाने पर आप की ओर से सवाल उठाए जाने पर ठाकुर ने कहा कि मैं 2000 से बंगाल आ रहा हूं। तब से मछली भात, रसगुल्ला, मिस्टी दही और संदेश खाता हूं, लेकिन आज संदेश देने का भी काम हो रहा है। 21 राज्यों एनडीए की सरकारें हैं। कहीं पर खाने-पीने पर कोई रोक नहीं है?

**पश्चिम बंगाल में बाइक बैन**

### ममता ने बनाया बड़ा चुनावी मुद्दा,हैरानी जताई

बंगाल के चुनाव वाले क्षेत्रों में बाइक के इस्तेमाल पर निर्वाचन आयोग की सख्ती से सीएम ममता बेनर्जी ने हैरानी और गुस्सा जाहिर किया है।ईसी ने 21 अप्रैल की शाम 6 बजे से मोटरबाइक की आवाजाही पर रोक लगा दी है।



**स्टालिन की मतदाताओं से अंतिम अपील**


### डीएमके गठबंधन को समर्थन देने का आग्रह

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रचार के अंतिम दिन मतदाताओं से अपील की। उन्होंने लोगों से राज्य के अधिकारों, संस्कृति और विकास की रक्षा के लिए डीएमके-गठबंधन का समर्थन को कहा।



**विधानसभा चुनाव से पहले ईसीआई सख्त**

### ईवीएम से छेड़छाड़ होने पर पुनर्मतदान का आदेश गड़बड़ी सामने आने पर होगी कार्रवाई कड़ी



तमिलनाडु और बंगाल के चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। किसी भी उम्मीदवार के बटन को टेप, गोंद से ढंका नहीं जाना चाहिए। कोई रंग, स्याही, इत्र या अन्य रसायन नहीं लगाया जाना चाहिए। ईवीएम में छेड़छाड़ या हस्तक्षेप चुनावी अपराध है। ऐसे मामले में ईसी दोषियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई करेगा। पूरे मतदान केंद्र पर फिर मतदान होगा।

**कोलकाता में राहुल को रैली की परमिशन नहीं**

## कांग्रेस भड़की और कहा बंगाल ममता की निजी जागीर नहीं

**कोलकाता।** बंगाल में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को रैली की परमिशन न मिलने पर अब कांग्रेस ने टीएमसी पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस ने कहा कि बंगाल टीएमसी और ममता बेनर्जी की निजी जागीर नहीं हैं। राहुल के चुनावी दौरे की अनुमति न देना विशुद्ध रूप से राजनीतिक असुरक्षा है, जिसे प्रशासन का मुखौटा पहना दिया गया है। पार्टी ने कहा कि पुलिस ममता सरकार के इशारे पर काम कर रही है। संशोधित कार्यक्रम के लिए प्रशासनिक अनुमति का एक नया अनुरोध भेजा जाएगा।





### टीवीके पर ईसी एक्शन की तलवार? वोटिंग से ठीक पहले बढ़ी मुश्किलें

तमिलनाडु में मतदान से पहले भूचाल गया है। अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा टीवीके के खिलाफ चुनाव आयोग में एक गंभीर शिकायत दर्ज कराई गई है।

योगी की ममता को खरी-खरी

## बंगाल की पहचान से नहीं कर पाएंगी खिलवाड़

बंगालके लिए भाजपा के प्रचार अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जोरासांको में कहा कि कोलकाता के मेयर के बयान में उर्दू के इस्तेमाल की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल की पहचान के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। बंगाल की पहचान काबा से नहीं, बल्कि मां कालीबाड़ी से जुड़ी रही है। बंगाल में अव्यवस्था है।



### बंगाल की धरती पर सिर्फ बांग्ला चलेगी, उर्दू नहीं

योगी बंगाल के नादिया में टीएमसी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि टीएमसी के एक महापौर का दावा है कि वे बंगाल की आधी आबादी को उर्दू बोलने पर मजबूर कर देंगे। मैं उन्हें यह बताने आया हूं कि बंगाल की धरती पर केवल बांग्ला ही बोली जाएगी और बंगाली संस्कृति के माध्यम से भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा। योगी ने कहा कि उनकी एक सांसद कहती हैं कि उनके हृदय में काबा और आंखों में मदीना बसा है, जो अब नहीं रहेगा।

## खबर संक्षेप

### अब बिना पीयूसी नहीं मिलेगा दिल्ली में ईंधन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के लिए सीएम रेखा गुप्ता ने सख्त निर्णय लिया है। अब बिना वैध पीयूसी प्रमाणपत्र वाले वाहनों को ईंधन नहीं मिलेगा। सभी पेट्रोल पंपों और एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। वायु प्रदूषण की चुनौती से निपटने कड़े कदम उठाना आवश्यक हैं।



### आईआरएस अफसर की बेटी की हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के अमर कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित कैलाश हिल इलाके में बुधवार सुबह आईआरएस अधिकारी की 22 वर्षीय बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। पुलिस ने घरेलू सहायक पर मुख्य रूप से संदेह जताया जा रहा है, जो वारदात के बाद से फरार बताया जा रहा है।



### नीतीश का भरोसा, झा बने कार्यकारी अध्यक्ष

**पटना।** नीतीश कुमार की अगुवाई में जेडीयू ने नई राष्ट्रीय टीम का ऐलान कर दिया है। नई टीम में संजय झा को एक बार फिर कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बार 12 नेताओं को राष्ट्रीय महासचिव और 8 नेताओं को सचिव बनाया है। इससे जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत होगी।



### 30 की उम्र में एक्ट्रेस दिव्यांका की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणवी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से दुखद खबर है। एक्ट्रेस दिव्यांका सिरोही का 30 की उम्र में निधन हो गया है। बताय गया है कि गत 21 अप्रैल 2026 देर रात उत्तर प्रदेश स्थित एक्ट्रेस के घर पर उन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा था। परिवार वाले अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



**आई-पैक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री पर की सख्त टिप्पणी**

# ममता ने लोकतंत्र को खतरे में डालने सिस्टम का इस्तेमाल किया, जांच के बीच में क्यों घुसीं?

I-PAC

आई-पैक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीएम ममता के खिलाफ कहा- यह अपने आप में एक ऐसे व्यक्ति का काम है, जिन्होंने लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया

**.जस्टिस मिश्रा ने स्पष्ट किया कि यह केवल केंद्र और राज्य के बीच का विवाद नहीं**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आई-पैक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के खिलाफ सख्त टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि यह अपने आप में एक ऐसे व्यक्ति का काम है, जो मुख्यमंत्री भी हैं और जिन्होंने लोकतंत्र को खतरे में डालने के लिए पूरे सिस्टम का इस्तेमाल किया है। उल्लेखनीय है कि बंगाल में विधानसभा चुनाव भी चल रहे हैं और दो फेज में वोटिंग होनी है। इस साल की शुरुआत में जनवरी महीने में ईडी ने आई-पैक के कई ठिकानों पर छापे मारे थे। इस दौरान, खुद ममता आईपैक के को-फाउंडर प्रतीक जैन के घर में रेड के समय घुस गई थीं और कुछ फाइलें लेकर आ गई थीं। तब यह बड़ा राजनैतिक मुद्दा बना था। केंद्रीय एजेंसी ने आरोप लगाया है कि बेनर्जी ने उस जगह से अहम सबूत हटा दिए। कोर्ट ने ममता के खिलाफ तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि उनके कामों ने लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी भी राज्य का मुख्यमंत्री, किसी जांच के बीच में, किसी जगह पर इस तरह से नहीं घुस सकता।

***ममता की एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी ने इसे सुनवाई योग्य न होने का दावा किया***

***आईपैक ने कानूनी कारणों से बंगाल में सभी ऑपरेशन 20 दिनों के लिए रोक दिए***



### संविधान बनाने वाले इस काम को मंजूरी नहीं देते

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान बनाने वाले इस काम को मंजूरी नहीं देते। आपने हमें अंबेडकर के लेखों के बारे में बताया, किसी ने भी ऐसी स्थिति की कल्पना नहीं की होगी कि मुख्यमंत्री, जब कोई जांच चल रही हो, तो दफ्तर में चला जाएगा।

### इसमें राज्य का कौन सा अधिकार शामिल?

**ममता ने सबूत हटाए**

इस तर्क से असहमति जताते हुए जस्टिस कुमार ने कहा कि इसमें राज्य का कौन-सा अधिकार शामिल है? यह राज्य और केंद्र सरकार के बीच का विवाद नहीं है। आप यूं ही बीच में दखल नहीं दे सकते। किसी भी राज्य का कोई भी मुख्यमंत्री, किसी जांच या तफ्तीश के बीच में ही पहुंच जाता है, और आप कहते हैं कि यह असल में राज्य और केंद्र सरकार के बीच का विवाद है?

### राज्य सरकार ने याचिका पर ही सवाल उठा दिया

राज्य ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत ईडी द्वारा दायर रिट याचिका की स्वीकार्यता पर सवाल उठाया है। राज्य के अधिकारियों की ओर से वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने यह तर्क दिया कि यह मामला मूल रूप से राज्य और केंद्र के बीच का विवाद है, और इसलिए अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका दायर करने के बजाय, भारत के संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत एक मुकदमा दायर किया जाना चाहिए।

### ईडी ने तृणमूल के दो उम्मीदवारों को भेजा समन

प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने भी तटीएमसी के नेताओं के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है। ईडी ने सुजीत बोस और रथिन घोष को 24 अप्रैल को उनके सामने पेश होने के लिए चौथा समन जारी किया है। सुजीत बंगाल विधानसभा चुनाव में बिधाननगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

### सीएम ममता ने रेड के बीच दखल दिया

आईपैक पर ईडी की रेड मामले में सीएम ममता के दखल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाते हुए कहा है कि उन्होंने रेड के बीच दखल देकर सिस्टम को ही खतरे में डाल दिया है। कोर्ट ने कहा कि ये कोई केंद्र और राज्य का झगड़ा नहीं है। हमने कभी नहीं सोचा था कि देश में ऐसा दिन भी आएगा। ममता की तरफ से पेश वकील मेनका गुरुस्वामी ने राज्य और केंद्र के बीच के एक मामले का हवाला देते हुए कहा कि ईडी को सुप्रीम कोर्ट के सामने मौलिक अधिकार लागू करने की अर्जी दाखिल करने का अधिकार नहीं है, तो जस्टिस मिश्रा ने इस पर अपनी टिप्पणी की।

### दोष साबित करने वाले सारे सबूत छीन लिए

जस्टिस मिश्रा ने कहा कि यह केंद्र और राज्य के बीच का मामला नहीं है।यहां राज्य का कौन सा अधिकार शामिल है? यहां एक ऐसा मामला है जहां एक व्यक्ति जो राज्य का सीएम है, जांच के बीच में एक जगह चला जाता है, जिससे लोकतंत्र खतरे में पड़ जाता है? आप इसे राज्य और केंद्र सरकार के बीच का झगड़ा नहीं कह सकते।

**गन्ने से जुड़ा पुराना कानून बदलेगा**

## सरकार का नियामक ढांचे से बदलने का प्रस्ताव, मांगे सुझाव

केंद्र 1966 के गन्ना कानून में करेगी परिवर्तन



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 1966 के गन्ना नियंत्रण आदेश को एक व्यापक नए नियामक ढांचे से बदलने का प्रस्ताव किया है। इसमें पहली बार एथनॉल उत्पादन, डिजिटल अनुपालन और कारखानों की मंजूरी के लिए एक औपचारिक व्यवस्था को एक साथ लाया गया है। सरकार ने इस मसौदे पर 20 मई तक लोगों से सुझाव मांगे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर उत्तर प्रदेश पर पड़ने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश भारत का 'चीनी का कटोरा' कहलाता है। अनुमानित आंकड़े के अनुसार देश का 40-50 फीसदी गन्ना उत्पादन यूपी में होता है। केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के गन्ना (नियंत्रण) आदेश 2026 के मसौदे में पुराने कानून की बुनियादी संरचना को बरकरार रखा गया है। हालांकि इसमें पूरी तरह बदल चुके उद्योग के अनुरूप एक नया ढांचा तैयार किया गया है।

**हरिद्वार में सनातन धर्म अपनाया**

## शहजाद बने शंकर, रजिया बनी सावित्री, 5 लोगों ने पहना जनेऊ

**हरिद्वार।** हरिद्वार में एक मुस्लिम परिवार ने स्वेच्छा से सनातन धर्म अपनाया। उत्तर प्रदेश के परिवार के मुखिया मोहम्मद शहजाद अब शंकर बन गए हैं और उनकी पत्नी रजिया से सावित्री। परिवार के 5 सदस्यों ने गंगा स्नान कर जनेऊ पहने। मोहम्मद शहजाद ने परिवार सहित स्वेच्छा से सनातन धर्म अपनाया। यह कार्यक्रम चंडीघाट स्थित ब्रह्मकुंड क्षेत्र में संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ परिवार को गंगाजल से स्नान के बाद यज्ञ कर शुद्धि प्रक्रिया संपन्न हुई। यज्ञोपवीत के बाद नामकरण संस्कार किया गया। जिसमें मोहम्मद शहजाद का नाम शंकर, पत्नी रजिया का नाम सावित्री, ज्येष्ठ पुत्री का नाम रुक्मणी, कनिष्ठ पुत्री का नाम दीक्षा और पुत्र का नाम रुद्र रखा गया।



**ट्रैफिक में फंसी महिला की खरी-खोटी**

## मंत्री महाजन ने दी सफाई, बड़ी रैली में जाम तो लग जाएगा ही

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता गिरीश महाजन को एक महिला के गुस्से का सामना करना पड़ा। मुंबई के वर्ली इलाके में एक प्रदर्शन के कारण लगे ट्रैफिक जाम से नाराज एक महिला ने मंत्री को बीच सड़क पर ही खरी-खोटी सुना दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद बुधवार को मंत्री ने अपनी सफाई दी। गिरीश ने बताया कि यह कार्यक्रम कांग्रेस के विरोध में महिला आरक्षण बिल के समर्थन में आयोजित किया गया था, जिसमें हजारों महिलाओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने स्वीकार किया कि बड़े आंदोलनों के दौरान सड़क पर लोगों को असुविधा होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि जब हम कोई बड़ा मार्च निकालते हैं, तो थोड़ी परेशानी तो होती ही है। इतिहास में भी ऐसे कई बड़े आंदोलन हुए हैं जो कई दिनों तक चले थे।



**सबरीमाला केस : केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में अपना रुख साफ किया**

# हिंदू मंदिरों पर नियंत्रण नहीं रखना चाहती सरकार

## केंद्र ने कहा कि उसने केवल संविधान के प्रावधानों की व्याख्या की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में साफ कहा कि वह मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण के पक्ष में नहीं है। उसने केवल संविधान के प्रावधानों की व्याख्या की है, न कि मंदिरों पर नियंत्रण की कोई मांग की है। यह मामला सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9 न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष 'आस्था बनाम मौलिक अधिकारों' की बहस के दौरान उठा। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और सबरीमाला अयप्पा मंदिर का प्रबंधन करने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंहवी ने सवाल किए।

### कई मंदिरों का प्रबंधन सरकार की निगरानी में हो रहा



जस्टिस बागची ने कहा कि व्याख्या एक नागरिक के दृष्टिकोण से होनी चाहिए। मेहता ने कहा कि उन्होंने हिंदू धर्म, इस्लाम, ईसाई धर्म, बौद्ध धर्म और अन्य संप्रदायों में पाई जाने वाली विविधता का संक्षिप्त विवरण दिया है। भारत के कई राज्यों में मंदिर का प्रबंधन सरकार की निगरानी में होता है।

### तमिलनाडु में 30,000 मंदिरों का प्रबंधन हो रहा

तमिलनाडु में हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग 30,000 से ज्यादा मंदिरों का प्रबंधन करता है। आंध्र प्रदेश में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट बोर्ड तिरुपति बालाजी मंदिर का प्रबंधन करता है।

### वह विशुद्ध रूप से संवैधानिक व्याख्या थी: एसजी मेहता

मेहता ने शंकरनारायणन के तर्कों का खंडन करते कहा कि सरकार मंदिरों को बिल्कुल भी नियंत्रित नहीं करना चाहती है और उन्होंने जो उल्लेख किया वह विशुद्ध रूप से संवैधानिक व्याख्या थी, जो राज्य को किसी भी धर्म की आर्थिक, राजनीतिक और धर्मनिरपेक्ष गतिविधियों का प्रबंधन करने का अधिकार देता है।

जबलपुर
गुरुवार 23 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष -06
वर्ष : 20, अंक : 352
पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 39
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद लगा भक्तों का तांता

सेना ने हेलिकॉप्टर से बरसाए फूल

# केदारनाथ धाम के खुले कपाट, घाटी में गूंजा 'हर-हर महादेव'

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

चारधाम यात्रा के चौथे दिन बुधवार सुबह 8 बजे केदारनाथ धाम के कपाट विधिवत खोल दिए गए हैं। इस दौरान हजारों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने और पूरा धाम 'हर-हर महादेव' के जयकारों से वातावरण से गुंजायमान हो उठा। परंपरा के अनुसार सबसे पहले मंदिर के पूर्व द्वार को खोला गया और मुख्य पुजारी, रावल व हक-हकूकधारियों ने अंदर प्रवेश कर पूजा-अर्चना शुरू की। इस दौरान पिछले साल कपाट बंद करते समय ज्योतिर्लिंग पर लगाई गई भस्म को हटाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में बांटा गया।

**सीएम धामी ने की पीएम मोदी के नाम की पहली पूजा**

---

1 **भाजपा सख्त : आईपीएस अफसर पर अमर्यादित टिप्पणी का मामला**

# विधायक प्रीतम लोधी को दिया नोटिस प्रदेश अध्यक्ष ने 3 दिन में मांगा जवाब

- ▶▶ सेंट्रल आईपीएस एसोसिएशन भी नाराज
- ▶▶ नितिन नवीन ने इस मामले की रिपोर्ट मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछोर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने नोटिस जारी किया है। खंडेलवाल ने प्रीतम लोधी से 3 दिन में अपना जवाब पेश करने को कहा है। प्रीतम लोधी के बेटे दिनेश की थार गाड़ी से हुए एक्सीडेंट के बाद विधायक ने प्रशिक्षु आईपीएस अफसर पर टिप्पणी की थी। इसके बाद मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है।


प्रीतम लोधी

**सेंट्रल का मिला साथ**

वहीं, प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी डॉ. आयुष जाखड़ को लेकर अमर्यादित बोल से सेंट्रल आईपीएस एसोसिएशन भी नाराज है। एसोसिएशन ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि आईपीएस एसोसिएशन, मध्य प्रदेश आईपीएस एसोसिएशन के साथ खड़ा है।

2 **दल-बदल विवादः बीना विधायक निर्मला सप्रे की बढ़ीं मुश्किलें**

# स्पीकर तोमर के सामने वे नहीं हुईं प्रस्तुत सिंघार ने कहा- खत्म की जाए विधायकी

- ▶▶ 29 अप्रैल को हाईकोर्ट में होनी है सुनवाई
- ▶▶ निर्मला सप्रे का कहना- वे कांग्रेस के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में दल-बदल को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर आक्रामक रुख अपनाए हुए है। बीना से विधायक निर्मला सप्रे की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। उनके खिलाफ दल-बदल कानून के तहत कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। इस मामले में 29 अप्रैल को हाईकोर्ट में सुनवाई प्रस्तावित है, जिस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। दरअसल, 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान निर्मला सप्रे ने भाजपा के मंच से समर्थन दिया था, जिसके बाद कांग्रेस ने इसे दल-बदल का मामला बताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। मामला अब न्यायालय तक पहुंच चुका है। हाईकोर्ट ने सुनवाई से पहले विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर निर्मला सप्रे की सदस्यता समाप्त करने की मांग की।


निर्मला सप्रे

---

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एमआई सीएसके
शाम 7.30 बजे से

**मप्र बना ऐसा पहला राज्य** ▶▶ मप्र के किसानों के हित में मोहन सरकार का बड़ा फैसला

# ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि के भूअर्जन पर मिलेगा बाजार दर का '4 गुना' मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि मप्र पहला ऐसा राज्य है, जहां किसानों को उनकी भूमि का अधिग्रहण करने पर चार गुना मुआवजा दिया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को एक ऐतिहासिक निर्णय लिया । मप्र में पहली बार ' मप्र भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम 2015' के तहत कृषि भूमि के भूअर्जन पर गुणन कारक (मल्टीफिकेशन फैक्टर) को दोगुना करते हुए 2.0 कर दिया गया है। यानी अब अधिग्रहित कृषि भूमि का मुआवजा किसानों को दोगुना के स्थान पर बाजार दर से 4 गुना मिल सकेगा। यह निर्णय समूचे प्रदेश की ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि के अधिग्रहण पर लागू होगा। कैबिनेट ने नगरीय सीमा में मुआवजा गुणन कारक को यथावत एक रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस मुद्दे को लेकर बुधवार देर शाम मुख्यमंत्री निवास में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की। उन्होंने किसानों के हित में लिए गए एक-एक फैसले की जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि मप्र पहला ऐसा राज्य है, जहां किसानों को उनकी भूमि का अधिग्रहण करने पर चार गुना मुआवजा दिया जाएगा।



**कैबिनेट में वित्त विभाग की आपत्ति के बाद भी सीएम ने किसानों के हित में लिया फैसला**


कैबिनेट बैठक के दौरान सीएम के साथ मंत्रिगण

▶▶ *कैबिनेट में सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क जैसे अधोसंरचना निर्माण तथा विकास के लिए 33 हजार 985 करोड़ रुपए की मिली मंजूरी*

▶▶ *सीएम ने कहा कि किसानों के मुद्दे पर वे समझौता नहीं कर सकते। किसानों का लाभ जहां होगा, सरकार वही कार्य करेगी*

**ऐसे किया गया फैसला**

डॉ. यादव ने पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में एक कैबिनेट कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी की कई दौर की बैठकें हुईं। इसके लिए उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार समेत कुल 11 राज्यों के भूमि अधिग्रहण कानून का अध्ययन किया गया।

**सिंचाई परियोजनाओं, सड़क, पुल, रेलवे और बांध निर्माण में आएगी गति**

कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक में भू अर्जन पर बड़ा निर्णय लिया गया। इस निर्णय से सिंचाई परियोजनाओं, सड़क, पुल, रेलवे और बांध निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए केंद्र व राज्य सरकार की ओर से अधिग्रहित की जाने वाली कृषि भूमि पर किसानों को काफी अधिक राशि मिल सकेगी। जमीन देने वाले किसान परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार होगा।

**सीएम ने बनाई थी एक कैबिनेट कमेटी**

इस निर्णय से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में एक कैबिनेट कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी की कई दौर की बैठकें हुईं। इसके लिए उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार समेत कुल 11 राज्यों के भूमि अधिग्रहण कानून का अध्ययन किया गया। इसमें पाया गया कि तीन राज्य उप्र, गुजरात और छत्तीसगढ़ ऐसे राज्य हैं।

**कैबिनेट से पहले सीएम ने बुलाई थी बैठक**

सीएम ने कैबिनेट से पहले अपने आवास पर सुबह 9.30 बजे वरिष्ठ अधिकारियों व मंत्रियों की बैठक बुला ली। उन्होंने एक बार फिर से प्रजेंटेशन देखा। इस दौरान वित्त विभाग ने आपत्ति दर्ज कराते हुए इसे ग्रेडेड करने का सुझाव दिया। इसमें ट्राइबल व नॉन ट्राइबल में नगरीय सीमा व ग्रामीण सीमा का प्रस्ताव रखा गया।


मतदान सामग्री के साथ अपने बूथों के लिए रवाना होते मतदानकर्मी

केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती

# बंगाल में पहले चरण का मतदान तमिलनाडु में भी फाइनल वोटिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**बंगाल : 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान**
**तमिलनाडु 5.73 करोड़ मतदाता हिस्सा लेंगे**

पश्चिम बंगाल में आज पहले चरण का मतदान होगा। 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान होगा। वहीं, तमिलनाडु में लोकतंत्र के इस बड़े त्योहार में 5.73 करोड़ मतदाता हिस्सा लेंगे। इस चुनाव में राजनीतिक दलों और निर्दलीयों सहित कुल 4,618 उम्मीदवार मैदान में हैं। बंगाल में पहले चरण में 3.60 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डालने के पात्र हैं। इनमें उत्तर बंगाल के आठ, दक्षिण बंगाल के तीन व जंगलमहल अंचल के पांच जिले शामिल हैं।

**तमिलनाडु में 1.47 लाख सुरक्षा कर्मियों की तैनाती**

तमिलनाडु में लगभग 75,032 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 3,022 स्थानों पर स्थित 5,938 मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। इन केंद्रों पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए हथियारबंद अर्धसैनिक बलों और तमिलनाडु विशेष पुलिस बल की तैनाती की गई है।



## खबर संक्षेप

### धार में तेंदुए के हमले में 5 लोग घायल

**धार।** जिले के धामनोद वन परिक्षेत्र के ग्राम गुजरी डेहरिया में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक तेंदुआ अचानक बस्ती में घुस आया और लोगों पर हमला करने लगा। इस हमले में वन विभाग के अधिकारी सहित पांच लोग घायल हो गए। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। लोगों को संभलने का मौका भी नहीं मिला और तेंदुए ने सामने आने वाले ग्रामीणों पर हमला करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही वन विभाग की दो टीमें मौके पर पहुंचीं और तेंदुए को पकड़ने का प्रयास शुरू किया। इसी दौरान तेंदुए ने वन विभाग के अधिकारी पर ही हमला कर दिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद अधिकारी को तेंदुए के चंगुल से छुड़ाया।



### भूख से बाघ शावक की गई जान, रिपोर्ट में खुलासा

**मंडला।** कान्हा टाइगर रिजर्व के सरही वन क्षेत्र में एक बाघ के नर शावक का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान यह दृश्य भी सामने आया, जहां मृत शावक के पास ही उसकी मां और बाकी शावक मौजूद रहे। पीएम रिपोर्ट में सामने आया कि शावक का पेट खाली था, जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि कई दिनों से वह भूखा था।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं का केस हाईकोर्ट में

### गिरफ्तार वर्करों को 27 को कोर्ट में पेश करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज:जबलपुर

जबलपुर हाईकोर्ट में कांग्रेस आईटी सेल से जुड़े 3 कार्यकर्ताओं की कथित अवैध गिरफ्तारी का मामला गरमा गया है। चीफ जस्टिस की बेंच ने मामले को गंभीर मानते हुए नोटिस जारी किए हैं। कोर्ट ने अब तीनों कार्यकर्ताओं को 27 अप्रैल 2026 को पेश करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने भोपाल के पुलिस आयुक्त को कानून के उल्लंघन के आरोपों की जांच करने और अगली सुनवाई तक अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। मप्र हाईकोर्ट की जबलपुर मुख्य पीठ में बुधवार को मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच के समक्ष हुई।



■ बिना एफआईआर अवैध तरीके से हिरासत में रखा

पटवारी सुसाइड केस में एक्शन

### रात भर चला धरना...नायब तहसीलदार सविता निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

जिले के आलोट में पदस्थ पटवारी रविशंकर खराड़ी के सुसाइड मामले में बढ़ते विरोध के बाद कलेक्टर मिशा सिंह ने नायब तहसीलदार सविता राठौर को निलंबित कर दिया है। मंगलवार रात से ही मृतक के परिजन और पटवारी संघ नायब तहसीलदार पर केस दर्ज करने की मांग को लेकर थाने में धरने पर बैठे थे। बुधवार सुबह परिजनों ने एफआईआर दर्ज होने तक शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और मेडिकल कॉलेज में धरने पर बैठ गए।



■ एफआईआर के आश्वासन पर माने परिजन

बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में गबन

### ईओडब्ल्यू ने 8 कर्मचारियों पर दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने मुरैना स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में करीब 23 लाख रुपए के गबन के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। जांच के बाद 8 बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वर्ष 2013 से 2016 के बीच शाखा में पदस्थ रहे हेड कैशियर महेंद्र सिंह बाजौरिया सहित अन्य ने खातों से अवैध रूप से रकम निकाली।


■ फर्जी खातों से निकाली गई थी रकम

मप्र में फिर खुलेंगे आरटीओ चेक पोस्ट

# मप्र हाईकोर्ट ने सरकार को 30 दिन में खोलने के दिए आदेश

राज्य सरकार ने 30 जून 2024 के बाद प्रदेशभर में आरटीओ चेक पोस्ट बंद कर दिए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की कोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बड़ा फैसला सुनाया है। राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि 30 दिनों के भीतर सभी चेक पोस्ट शुरू करें।

भारी वाहनों की जांच और हादसे रोकने के लिए चेक पोस्ट जरूरी हैं। हाईकोर्ट के आदेश के बाद परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश का अध्ययन करने के बाद विधि विशेषज्ञों की राय लेकर न्यायालय के आदेश के मुताबिक आगे की कार्रवाई कराई जाएगी। मप्र ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सीएल मुकाती ने कहा कि अभी 30 दिन का समय है। हम ऊपरी कोर्ट का रुख करेंगे। इस फैसले को चुनौती देंगे। एसोसिएशन कोर्ट में सौरभ शर्मा से जुड़े मामले का हवाला देगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के चेक पोस्ट खत्म करने को लिखे गए पत्र को भी आधार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले ही केंद्र स्तर पर चेक पोस्ट हटाने की दिशा में कदम उठाए जा चुके हैं, ऐसे में इन्हें फिर से शुरू करना तर्कसंगत नहीं है। राज्य सरकार पहले ही आदेश दे चुकी है कि ओवरलोडिंग की जांच टोल प्लाजा पर की जाएगी।





प्रदेश में तीन सड़क हादसों में 5 की गई जान

# सतना में डिवाइडर तोड़कर नहर में गिरा ट्रक, 3 की मौत, कटर से काटकर निकाले जा सके शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-39 पर नेमुआ मोड़ के पास बुधवार सुबह सरियालदा ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए नहर में गिर गया। हादसे में चालक, क्लीनर और एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने क्रेन और कटर मशीन की मदद से 4 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद तीनों शव निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे और जांच शुरू की।



### बड़वानी में ट्रेलर से टकराया ट्रक, 2 की मौत

**इंदौर।** बड़वानी जिले के सेंधवा से करीब 15 किलोमीटर दूर बिजासन घाट में बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे ने दो जिंदगियां लील लीं। घाट पर उतरते ट्रेलर को पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रक का केबिन पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसमें सवार चालक व सहचालक बुरी तरह फंस गए। इस हादसे में चालक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### खरगोन में बेकाबू होकर मकान में जा घुसी बस



जिले के कसरावद थाना क्षेत्र के ओझरा गांव में अचानक ब्रेक फेल होने से एक निजी यात्री बस बेकाबू होकर सड़क किनारे बने मकान में जा घुसी। हादसे के समय घर के भीतर भी लोग मौजूद थे।

**पाकिस्तान का कहना मानकर डोनाल्ड ट्रंप ने मियाद बढ़ाई**

फिलहाल, युद्ध का खतरा टला

# ईरान-अमेरिका के बीच सीजफायर बढ़ा लेकिन होर्मुज में गोलीबारी से बढ़ी टेंशन

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पाकिस्तान के कहने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ युद्धविराम आगे बढ़ाने का ऐलान किया है। सीजफायर की मियाद बुधवार को खत्म हो गई थी। सीजफायर कितने दिन का है? इसकी तारीख का कोई ऐलान नहीं किया गया है। ट्रंप का कहना है कि पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असीम मुनीर और पीएम शहबाज शरीफ ने मुझसे सीजफायर बढ़ाने का अनुरोध किया था । हमसे कहा गया है कि हम ईरान पर तब तक हमले न करें, जब तक कि उनके नेता और प्रतिनिधि एकमत से कोई प्रस्ताव लेकर नहीं आ जाते हैं। माना जा रहा है कि मध्यस्थ पाकिस्तान को अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का नया दौर आयोजित करने के लिए समय मिल गया है।


डोनाल्ड ट्रंप

▶▶ *ईरान ने कहा कि अमेरिका से बातचीत के दौरान हमारा हाथ ट्रिगर पर होगा*

▶▶ *ट्रंप ने कहा कि पाक के कहने पर हम ईरान के प्रस्ताव का कर रहे हैं इंतजार*



**एक जहाज भारत की ओर आ रहा था**

जिन जहाजों पर गोलीबारी की गई, उनमें से एक जहाज तो भारत की ओर आ रहा था। इन हालातों में वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर संकट के बादल और गहरे हो गए हैं। ईरानी सेना ने पहले एक कंटेनर जहाज पर गोलियां चलाईं और उसके कुछ ही देर बाद दूसरे जहाज को निशाना बनाया। इन जहाजों ने सेना की चेतावनियों को नजरअंदाज किया था, इसलिए उन पर कानूनी रूप से कार्रवाई की गई। पकड़े गए जहाजों की पहचान एमएससी फ्रांसिस्का और एपामिनोड्स के रूप में हुई है, जिन्हें ईरानी सेना अपने साथ ले गई है। इसके कुछ देर बाद एक तीसरे जहाज यूफोरिया पर भी हमला किया गया, जिसके ईरानी तट पर फंसे होने की खबर है।

शरीर के भीतर कोई बीमारी पनप रही है, इसकी जांच के लिए अलग-अलग टेस्ट तो किए ही जाते हैं। लेकिन अगर ध्यान दें तो आंखों से भी कई तरह के हेल्थ इंडिकेशंस मिल सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

# आंखें देती हैं हेल्थ इंडिकेशंस



एलर्टनेस
डॉ. मधुस्मिता बेहेरा
नेत्र रोग विशेषज्ञ

हमारी आंखें, शारीरिक स्वास्थ्य की खिड़की जैसी होती हैं। इसलिए सेहत पर नजर रखने के लिए समय-समय पर नेत्र रोग विशेषज्ञ को जरूर दिखाते रहें। आंखों के पिछले हिस्से यानी रेटिना से चिकित्सक को आपकी नर्व्स और ब्लड वेसल्स का हाल पता चल जाता है। इनका बारीकी से मुआयना करने पर कई खतरनाक रोगों का शुरुआती चरण में ही पता चल जाता है, जिससे समय पर इलाज शुरू करवा कर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

**ब्रेन हेल्थः** आंखों की पुतली और ऑप्टिक नर्व सीधे मस्तिष्क से जुड़ी होती हैं, जिससे ट्यूमर या अल्जाइमर जैसी स्थितियों का संकेत मिल सकता है। आंखों के पीछे रेटिना में वसा और कैल्शियम के छोटे जमाव अल्जाइमर रोग का संकेत हो सकते हैं। शोध के अनुसार, दृष्टि में बदलाव डिमेंशिया के निदान से कई साल पहले आ सकते हैं।

**ब्रेन ट्यूमरः** आंखों की जांच के दौरान ऑप्टिक नर्व (दृष्टि तंत्रिका) में सूजन या दबाव का पता चल सकता है, जो मस्तिष्क में ट्यूमर का संकेत हो सकता है।

**हृदय रोगः** पलकों के आस-पास वसा जमा होना या रक्त वाहिकाओं की स्थिति हृदय संबंधी जोखिमों को दर्शा सकती है। फ्लोरिडा (अमेरिका) की नोवा साउथ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ ऑप्टोमेट्री आई केयर इंस्टीट्यूट के एसोसिएट प्रोफेसर और नेत्र रोग विशेषज्ञ जोसेफ पिजिमेंटी कहते हैं कि हम आंखों के चेकअप से ब्रेन ट्यूमर और ब्रेस्ट कैंसर से लेकर लंग्स कैंसर तक का पता लगा सकते हैं जिनका प्रभाव आंखों तक पहुंच जाता है। नेत्र रोग विशेषज्ञ मरीज की दृष्टि में आए परिवर्तन की जांच करके ब्रेन ट्यूमर की आशंका का पता लगा सकते हैं।

**डायबिटीजः** टाइप 2 डायबिटीज के शुरुआती संकेतों में से एक है रेटीना में मामूली मात्रा में ब्लीडिंग होना, जो डायबिटिक रेटीनोपैथी का लक्षण है। इसका समय पर इलाज शुरू न किया जाए, तो मरीज अपनी दृष्टि पूरी तरह खो सकता है। डायबिटिक रेटिनोपैथी का शुरुआती चरण में पता चल जाए तो जीवनशैली में बदलाव लाकर, पौष्टिक भोजन के माध्यम से और वजन घटाकर दृष्टिहीनता के खतरे को कम किया जा सकता है।

**उच्च रक्तचापः** न्यूयॉर्क (अमेरिका) की विल कोर्नेल मेडिकल कॉलेज में ऑफ्थेल्मोलॉजी की प्रोफेसर जेसिका सिराल्सकी कहती हैं, ब्लड वेसल्स को पहुंची क्षति, धमनियों में सिकुड़न और उनका कमजोर होना आदि उच्च रक्तचाप की निशानी हो सकते हैं। अमेरिकन जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक रेटीना की छोटी ब्लड वेसल्स का संकरा होना हार्ट डिजीज का संकेतक हो सकता है।

**मल्टीपल स्क्लेरोसिसः** अमेरिकन ऑप्टोमेट्रिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मिटशेल मुनसोन बताते हैं कि ऑप्टिक नर्व का इनफ्लेमेशन यानी ऑप्टिक न्यूराइटिस, मल्टीपल स्क्लेरोसिस का शुरुआती लक्षण हो सकता है। मल्टीपल स्क्लेरोसिस के 75 फीसदी मरीजों में ऑप्टिक न्यूराइटिस होता है। लेकिन ऑप्टिक न्यूराइटिस का मतलब यह जरूरी नहीं कि मरीज को एमएस डिजीज भी हों, यह किसी अन्य कारण से भी हो सकता है।

**रूमेटाइड आर्थराइटिसः** विशेषज्ञ बताते हैं कि रूमेटाइड आर्थराइटिस के 25 फीसदी मरीजों में आंखों की समस्या भी पाई जाती है। जिनमें ड्राई आइज की समस्या सबसे आम है। अगर किसी मरीज की आइरिस में साल में दो बार दर्द और इन्फ्लेमेशन की शिकायत हो, तो उसमें रूमेटाइड आर्थराइटिस की संभावना होती है।

कहने का सार है कि आपको अपनी आंखों की रेग्युलर जांच करानी चाहिए। *

प्रस्तुतिः अंजू जैन

हेल्थ सजेशन
शिखर चंद जैन

स्वस्थ, ऊर्जावान और दीर्घायु जीवन की कामना लगभग सभी लोग करते हैं। लेकिन इसके लिए अपनी जीवनशैली में किन बातों को अमल में लाना जरूरी होता है, इस बारे में कम लोग ही जानते हैं। विभिन्न अध्ययनों पर आधारित हम यहां दस ऐसे कारगर सूत्रों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप लंबे समय तक स्वस्थ, ऊर्जावान जीवन जी सकते हैं।

# 10 स्वस्थ जीवन के लिए अपनाएं सरल-कारगर सूत्र

सभी हेल्थ एक्सपर्ट्स का यह मानना है कि स्वस्थ-निरोगी तन और दीर्घायु जीवन रातों-रात प्राप्त नहीं किया जा सकता है। बल्कि यह हमारे रोजमर्रा की जीवनशैली में शामिल छोटी-छोटी अच्छी आदतों का परिणाम होता है। आपकी जीवनशैली और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधा संबंध होता है। आधुनिक विज्ञान यह साबित कर चुका है कि हमारी दैनिक आदतें हमारे जीन से भी ज्यादा प्रभावशाली हो सकती हैं। वैज्ञानिक शोधों के आधार पर यहां 10 ऐसी हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपका अच्छा स्वास्थ्य तय करते हैं। यानी इन सूत्रों पर अमल करके आप स्वस्थ और ऊर्जावान बने रह सकते हैं।

## प्लांट-बेस्ड डाइट को अपनाएं

दुनिया में मौजूद 'ब्लू जोन' (जहां रहने वाले लोग सबसे ज्यादा जीते हैं) पर किए गए अध्ययनों से पता चला है कि फल, सब्जियां और साबुत अनाज आधारित भोजन, कैंसर और हृदय रोगों को दूर रखता है। इसके लिए आपके भोजन की थाली का आधा हिस्सा फलों और सब्जियों से भरा होना चाहिए। साबुत अनाज (ओट्स, ब्राउन राइस) और बींस (दालें, मटर, लोबिया) को भी अपने आहार में शामिल करना लाभकारी होता है। पशु उत्पादों (मांस, डेयरी) को अपने आहार में कम शामिल करें, पूरी तरह बंद करना अनिवार्य नहीं है। प्रोसेस्ड फूड के सेवन से बचें और साबुत खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें।

## सर्केडियन रिदम रखें सही

सर्केडियन रिदम यानी शरीर की आंतरिक 24 घंटे एक्टिव रहने वाली घड़ी। यही हमारे सोने-जागने, हार्मोन स्तर, मेटाबॉलिज्म और तापमान को नियंत्रित करके स्वास्थ्य को बनाए रखती है। यह रात में मेलाटोनिन जारी कर अच्छी नींद, दिन में ऊर्जा और शरीर को रिपेयर करने में मदद करती है, जिससे तनाव कम होता है और शुगर/बी.पी. जैसी बीमारियों का जोखिम घटता है। शोध बताते हैं कि शरीर की आंतरिक घड़ी के अनुसार जागना और सोना मेटाबॉलिज्म को ठीक रखता है। समय पर सोने से हृदय रोग और डायबिटीज का खतरा कम होता है।



## तनाव प्रबंधन है बहुत जरूरी

अच्छे जीवन के लिए तनाव प्रबंधन भी जरूरी है। तनाव प्रबंधन, शरीर में कोर्टिसोल के स्तर को कम करके, रक्तचाप को नियंत्रित रखकर और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखता है। नियमित व्यायाम, पौष्टिक भोजन, पर्याप्त नींद और योग/ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन किया जा सकता है। यह अनिद्रा और थकान को दूर करता है, जिससे हृदय रोग और पुरानी बीमारियों का जोखिम कम होता है। लंबे समय तक तनाव रहने से 'कार्टिसोल' नामक हार्मोन का स्तर बढ़ता है। रिसर्च कहती है कि ध्यान और योग क्रॉनिक इंफ्लेमेशन को कम करते हैं।







## अच्छी हो नींद की गुणवत्ता

'नेशनल स्लीप फाउंडेशन' के अनुसार, डेली 7-9 घंटे की गहरी नींद मस्तिष्क से विषाक्त पदार्थों को साफ करती है, जिससे अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। अच्छी नींद की गुणवत्ता शारीरिक मरम्मत, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन के लिए अनिवार्य है। यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है, तनाव वाले हार्मोन के स्तर को कम करती है, याददाश्त बढ़ाती है और वजन प्रबंधन में मदद करती है। बिना रुकावट वाली गहरी नींद, आपको ऊर्जावान बनाए रखने और पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने के लिए भी जरूरी है।

## सक्रिय जीवनशैली को अपनाएं

अच्छी हेल्थ के लिए सक्रिय जीवनशैली भी बहुत मायने रखती है। 'हार्वर्ड हेल्थ' (हार्वर्ड मेडिकल स्कूल) के अनुसार, रोजाना 30 मिनट की वॉकिंग दीर्घायु होने में सहायक हो सकती है। व्यायाम न केवल वजन घटाता है, बल्कि एंडोर्फिन नामक हार्मोन जारी करता है, जो मानसिक स्वास्थ्य सुधारता है। सक्रिय जीवनशैली, हृदय के स्वास्थ्य, वजन नियंत्रण और मानसिक मजबूती बढ़ाकर शरीर को स्वस्थ रखती है। यह हृदय रोगों, मधुमेह और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम करती है। इसके साथ ही मांसपेशियों/ हड्डियों को मजबूत बनाकर जीवन प्रत्याशा में वृद्धि भी करती है।



## स्क्रीन टाइम ना हो अनलिमिटेड

**अत्यधिक मोबाइल** का उपयोग मानसिक थकान और आंखों की समस्याओं की वजह बन सकता है। कई शोध बताते हैं कि आज के समय में डिजिटल डिटॉक्स जरूरी हो गया है। स्क्रीन एडिक्शन के बजाय नेचर के करीब समय बिताने से ब्लड प्रेशर तुरंत कम होता है। स्क्रीन का कम उपयोग दिमाग को शांत करता है, जिससे किसी काम में ध्यान (फोकस) बेहतर होता है। आंखों की सुरक्षा के लिए हर 20 मिनट के बाद 20 सेकेंड के लिए 20 फीट दूर देखने (20-20-20 नियम) से आंखों का सूखापन और तनाव कम होता है। स्क्रीन-मुक्त समय में टहलने, योग करने या हॉबी अपनाने से शारीरिक गतिविधि बढ़ती है और मोटापा कम होता है। भोजन के समय या बेडरूम में फोन का उपयोग न करने से परिवार और दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने का अवसर मिलता है, इससे आपको खुशी मिलती है।



## सामाजिक जुड़ाव है बहुत जरूरी

'हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट' (करीब 80 साल तक चली स्टडी) में पाया गया कि अच्छे रिश्ते हमें खुश और स्वस्थ रखते हैं। अकेलापन, धूम्रपान जितना ही हानिकारक होता है। सामाजिक जुड़ाव मानसिक तनाव, अवसाद और चिंता को कम करके, दीर्घकालिक बीमारियों का जोखिम घटाकर और स्वस्थ व्यवहारों (जैसे व्यायाम, अच्छी नींद) को बढ़ावा देकर स्वास्थ्य में सुधार करता है। परिवार और दोस्तों के साथ मजबूत रिश्ते सकारात्मक भावनाएं, जीवन में उद्देश्य प्रदान करते हैं, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

## हाइड्रेशन लेवल ना हो कम

अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना भी आवश्यक होता है। ऐसा करना गुर्दे यानी किडनी की कार्यक्षमता और ऊर्जा के स्तर को बनाए रखता है। शोध बताते हैं कि सही मात्रा में हाइड्रेशन, त्वचा और पाचन के लिए भी अनिवार्य है। यह शारीरिक तापमान को नियंत्रित करता है, जोड़ों को चिकनाई प्रदान करता है, पोषक तत्वों का परिवहन करता है, ऊर्जा स्तर बनाए रखता है और पाचन में मदद करता है। रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से किडनी स्वस्थ रहती है और विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते रहते हैं।

## गट हेल्थ हो सही

अच्छी हेल्थ और गट हेल्थ के रिलेशन पर किया गया हालिया रिसर्च, 'गट-ब्रेन एक्सिस' पर जोर देता है। प्रो-बायोटिक्स और फाइबर युक्त भोजन हमारे इम्यून सिस्टम को 70-80 प्रतिशत तक नियंत्रित करते हैं। इसलिए गट हेल्थ पर ध्यान दिया जाना जरूरी है।

## नशीले पदार्थों से रहें दूर

प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल 'द लैंसेट' की रिपोर्ट के अनुसार, शराब, तंबाकू या किसी भी अन्य नशीले पदार्थ का सेवन किसी भी स्तर पर सुरक्षित नहीं है। यह सीधे तौर पर डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों की वजह बन सकता है। इसलिए स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए किसी भी नशीले पदार्थ का किसी भी रूप में सेवन हानिकारक हो सकता है। यहां बताई गई बातों को अपनी जीवनशैली में अपनाकर निश्चित ही आप स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जी सकते हैं। *

डिजीज
डॉ. अनुराग अग्रवाल
क्लिनिकल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स, ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट
मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद

लगभग एक हजार बच्चों में से एक को हिप ज्वाइंट से जुड़ा डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया रोग होता है। इसमें बच्चे की मूवमेंट प्रभावित हो सकती है। समय पर ट्रीटमेंट न कराने पर प्रॉब्लम बढ़ सकती है। इस बारे में डिटेल में जानिए।

# डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप बच्चे के मूवमेंट को करता है प्रभावित

हाल ही में फिल्म एक्टर वरुण धवन की 2 साल की बेटी के एक फिजिकल प्रॉब्लम से उबरने की खबर सामने आई। उनकी बेटी डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप (डीडीएच) नामक विकार से जूझ रही थी, जो अब उपचार के बाद ठीक है।

**क्या है यह रोगः** डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप, बच्चों के हिप सॉकेट या कूल्हे के जोड़ में होने वाली विकृति है। इसे हिप डिसप्लेसिया भी कहा जाता है। जोड़ शरीर का वह हिस्सा होता है, जहां दो हड्डियां आपस में मिलती हैं। हिप का जोड़ जांघ की हड्डी (फीमर) और पेल्विस के बीच का जुड़ाव बिंदु होता है। डीडीएच में हिप का जोड़ नॉर्मल स्वस्थ जोड़े की तरह विकसित नहीं हो पाता और काफी उथला या ढीला हो जाता है। फीमोरल हेड बॉल (फीमर का ऊपरी भाग) पेल्विस में मौजूद हिप सॉकेट (एसीटैबुलम) में सही तरीके से फिट नहीं हो पाता और बाहर निकलने लगता है। जिसकी वजह से मरीज का हिप-लक्सेशन शुरू हो जाता है यानी हिप अपनी जगह से खिसक जाती है। जांघ के अंदरूनी हिस्से-ग्रोइन में सामान्य से ज्यादा गहरे स्किन-फोल्ड या क्रीज बन जाती हैं। पैर के बाहर की तरफ खोलने का मूवमेंट रुक जाता है। जिस पैर में यह दिक्कत होती है, वो पैर थोड़ा छोटा हो सकता है। बच्चे को हिप में अकड़न-सी महसूस होती है, मूवमेंट करने पर हिप के अंदर चटकने या क्लिक की आवाज आती है।

**क्या होता है असरः** डीडीएच डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो बचपन में ही हो जाता है। ध्यान न देने पर धीरे-धीरे समस्या बढ़ती जाती है। बच्चे को क्रॉनिक दर्द रहता है। उसके हिप के मूवमेंट बहुत कम हो जाते हैं। पैर छोटे-बड़े हो जाने पर बच्चे को चलने-फिरने में दिक्कत आती है। नजरअंदाज करने पर बड़े होने पर बच्चे को हिप ऑस्टिओअर्थराइटिस हो सकता है। यानी हिप खराब होने और चाल में स्थाई रूप से लंगड़ापन आने की संभावना रहती है। जबकि सही ढंग से उपचार होने पर बच्चा सामान्य जीवन जी सकता है।



**समस्या के कारणः** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं।

- आनुवांशिक, जेनेटिक फैक्टर्स की वजह से होता है।
- ब्रीच पाश्जीशन/उल्टे पैदा हुए बच्चे जो जन्म के समय सिर के बजाय हिप्स के माध्यम से पैदा होते हैं।
- प्री-मैच्योर पैदा हुए बच्चे।
- पैरेंट्स की गलत आदतें जैसे बच्चे को उठाते या सुलाते समय बच्चे के पैर सीधे करके हिप्स को चादर, टावल या कंबल से कसकर बांधना।

**किन्हें है खतराः** लड़कियों में लड़कों की अपेक्षा 80 प्रतिशत मामले ज्यादा होते हैं। पहली संतान को ज्यादा खतरा रहता है।

**न करें नजरअंदाजः** पैरेंट्स को इसके कोई भी लक्षण नजर आएं, तो डॉक्टर से कंसल्ट कर उपचार कराना चाहिए। बच्चे का पैरों की लंबाई या जांघों के आस-पास ग्रोइन एरिया के स्किन-फोल्ड असमान दिखाई दें, हिप के आस-पास हाथ लगाने पर कोई आवाज सुनाई दे या हिप के मूवमेंट प्रॉपर न हों या मूवमेंट सामान्य से कुछ कम लगे।

**कैसे होता है डायग्नोजः** डीडीएच को कंफर्म करने के लिए डॉक्टर बच्चे का हिप एब्डेक्शन टेस्ट या बार्लोस-मैनुअल टेस्ट करते हैं। साथ ही हिप फीमर की स्थिति की जांच के लिए 4-6 महीने के बच्चे का अल्ट्रासाउंड और बड़े बच्चे का एक्स-रे टेस्ट भी कराया जाता है।



**क्या है उपचारः** इस रोग का उपचार बच्चे की उम्र और समस्या की गंभीरता पर निर्भर करता है। 6 महीने से छोटे बच्चे का हिप हाथ लगाने पर अगर अंदर की तरफ रिड्यूस हो रहा है, तो बच्चे को पेल्विक हार्नेस ब्रेस लगाया जाता है। जो बच्चे के हिप्स को बाहर की तरफ फैलाकर और घुटनों को मोड़कर रखता है। हिप पर प्रेशर पड़ने से धीरे-धीरे रिड्यूस होकर स्टेबल हो जाता है। पेल्विस में एसीटैबुलम सॉकेट सही पोजीशन में आ जाता है, जिसमें फीमर हेड आसानी से फिट हो जाता है। शुरू में ब्रेस पूरे टाइम के लिए लगाया जाता है, कुछ टाइम बाद सिर्फ रात को लगाने के लिए कहा जाता है। अगर बच्चा 6 महीने से बड़ा है और हिप सही पोजीशन में नहीं जा पा रहा हो तो ऐसी स्थिति में हिप-रिडक्शन सर्जरी की जाती है और कुछ समय के लिए हिप स्पाइका कास्ट प्लास्टर लगाया जाता है। इस तरह की सर्जरी से पहले हिप को रिड्यूस करके सही पोजीशन में लाया जाता है। कुछ समय बाद यह फिट हो जाता है।

**रखें ध्यानः** बच्चे को डीडीएच की समस्या से बचाने के लिए पैरेंट्स को यहां बताई जा रही बातों पर अमल करना जरूरी है।

- पैदा होने पर बच्चे के हिप्स को बहुत ज्यादा कसकर नहीं बांधें, ताकि बच्चा अपने घुटने को किक करने वाले मूवमेंट को आराम से कर सके।
- बच्चे के पैरों को लंबे समय तक जबरदस्ती सीधे करके नहीं रखें। हिप और घुटने का मूवमेंट होते रहना बहुत जरूरी है।
- बच्चे को उठाते समय ध्यान रखें कि बच्चा फ्रॉग और एम पोजीशन में रहे ताकि बच्चे का हिप्स और हिप सॉकेट एसीटैबुलम ठीक पोजीशन में हो।
- बच्चे को सीट पर बिठाते समय ध्यान रखें कि उसके घुटने-हिप्स के ऊपर हों।
- बच्चों के चलने-फिरने और फिजिकल ग्रोथ पर नजर रखें। किसी भी तरह की असामान्यता नजर आने पर यथाशीघ्र मेडिकल सलाह लें। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा



पहलगाम आतंकी हमले के एक साल पूरे

# पीएम मोदी ने जान गंवाने वाले मासूमों को किया याद, कहा-भारत कभी नहीं झुकेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले को 22 अप्रैल को एक साल पूरा हो गया है और इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने उस दर्दनाक घटना में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को याद किया। उन्होंने कहा कि उनकी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जो आज भी इस अपार दुख को झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के आगे कभी नहीं झुकेगा और न ही कभी आतंकवादियों के नापाक मंसूबे कामयाब होंगे


हमले में मारे गए मासूमों के स्मारक पर श्रद्धांजलि देते लोग




## खबर संक्षेप

### नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने दिया इस्तीफा


**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने



यह फैसला नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए और अपने वित्तीय निवेशों (शेयरों) की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए किया है। फेसबुक पर अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए गुरुंग ने कहा कि वह सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और नैतिक मानकों को बनाए रखना चाहते हैं। नेपाली भाषा में किए गए फेसबुक पोस्ट में उन्होंने लिखा कि मैं सुदान गुरुंग 2082 चैत्र 13 से गृहमंत्री की जिम्मेदारी पर ईमानदारी से काम कर रहा हूं।

### पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की नई किताब प्रकाशित

**नई दिल्ली।** पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे की नई किताब लॉन्च हो गई है। यह किताब अंग्रेजी



में है जिसका नाम है- द क्यूरियस एंड द क्लासिफाइडः एनादर थिंग अबाऊट मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीस। उन्होंने बताया कि उन्हें इसे लिखने का विचार एक दोस्त के घर पर पड़ी शशि थरूर की किताब देखकर आया।

## जर्मनी में पश्चिम एशिया संकट पर बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह


कहा- पीएम का दृष्टिकोण संतुलित

# भविष्य में वैश्विक संघर्षों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा भारत

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने हमेशा संतुलित और समझदारी भरी विदेश नीति अपनाई है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी कई देशों के नेताओं से सीधे बातचीत की है*

एजेंसी ▶▶ बर्लिन


बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने हमेशा शांति की दिशा में प्रयास किए हैं, लेकिन हर चीज का एक सही समय होता है। पश्चिम एशिया संकट पर उन्होंने कहा कि हो सकता है आने वाले समय में भारत इस दिशा में अहम भूमिका निभाए और सफल भी हो। उन्होंने यह भी बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने संघर्ष में शामिल दोनों पक्षों से युद्ध खत्म करने की अपील की है और उनका रुख हमेशा संतुलित रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने हमेशा संतुलित और समझदारी भरी विदेश नीति अपनाई है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी कई देशों के नेताओं से सीधे बातचीत की है। उन्होंने बताया कि जब पीएम ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, यूक्रेन के राष्ट्रपति और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की, तब भी शांति और समाधान पर चर्चा की गई। रक्षा मंत्री ने वैश्विक राजनीति में भारत की स्थिति को मजबूत बताते हुए कहा कि भारत का रुख किसी एक पक्ष के खिलाफ नहीं है।


भारतीय समुदाय को संबोधित करते राजनाथ सिंह

**भारत का रुख** किसी एक पक्ष के खिलाफ नहीं

**जर्मनी यूरोप में** सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

### रवींद्रनाथ टैगोर को दी श्रद्धांजलि



*रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और जर्मनी केवल राजनीतिक और रणनीतिक संबंध ही साझा नहीं करते, बल्कि कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच गहरा उत्साह और जुड़ाव है। राजनाथ सिंह ने बताया कि उन्हें हम्बोल्ट विश्वविद्यालय जाने का अवसर मिला, जहां उन्होंने रवीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।*

### जर्मनी के साथ संबंध लगातार मजबूत हुए

*यह उनका जर्मनी का पहला दौरा है और वे वहां के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के निमंत्रण पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी के संबंध लगातार मजबूत हुए हैं और वर्ष 2026 दोनों देशों के लिए खास है, क्योंकि इस साल उनके कूटनीतिक संबंधों के 75 साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। पिछले 70 वर्षों में भारत और जर्मनी के बीच हर क्षेत्र में सहयोग बढ़ा है। आज जर्मनी यूरोप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन चुका है। भारत में 2,000 से ज्यादा जर्मन कंपनियां काम कर रही हैं, जो देश के औद्योगिक विकास और 'मेक इन इंडिया' अभियान को बढ़ावा दे रही हैं। वहीं कई भारतीय कंपनियां भी जर्मनी में अपनी मजबूत मौजूदगी बना रही हैं।*

## इजराइल का बड़ा कबूलनामा

# ईरान के खिलाफ ऑपरेशन में मारा गया 'मोसाद' एजेंट


मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया

एजेंसी ▶▶ यरूशलम

इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के एक एजेंट को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। उन्होंने ईरान के खिलाफ इजराइल के हालिया अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह जानकारी मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने मंगलवार को दी। इजराइली एजेंट की मई 2023 में इटली में एक नाव हादसे में मौत हो गई थी। यह एजेंट केवल उनके नाम के पहले हिब्रू अक्षर मेम से पहचाने जाते हैं।

उनकी मौत इटली की मैगी गोर झील में नाव पलटने से हुई थी, जिसमें कुल चार लोगों की जान गई थी। उस समय इटली की मीडिया रिपोर्ट्स में उनकी पहचान 50 वर्षीय एरेज शिमोनी के रूप में की गई थी, जिसे एक उपनाम माना जाता है। उनकी असली पहचान आधिकारिक रूप से सार्वजनिक नहीं की गई।

### देश के लिए किया जीवन समर्पित

मोसाद मुख्यालय में आयोजित मेमोरियल डे समारोह में डेविड बार्निया ने कहा कि आज के दिन मैं उन शहीद मोसाद कर्मियों को याद करता हूं, जिन्होंने वर्षों तक इजराइल की सुरक्षा में योगदान दिया और देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन रोअरिंग लायन के दौरान मेरे विचार और मेरा हृदय मेम के व्यक्तित्व और उनके कार्यों को लेकर गर्व से भर गया था। वह इजराइल के बाहर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हुए। बार्निया ने कहा कि मेम के नेतृत्व में चलाया गया अभियान रचनात्मकता, चतुराई और अत्याधुनिक तकनीक का मिश्रण था, जिसने ईरान के खिलाफ अभियान की सफलता पर महत्वपूर्ण असर डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वही अभियान था, जिसने हालिया इजराइल-ईरान युद्ध के दौरान इजराइल की सफलता में योगदान दिया।




Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Jabalpur: Nagrath Chowk FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • Damoh Naka SELECT BAJAJ 7880097791 • Balaghat SAI BAJAJ 9425822517• Damoh MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • Narsinghpur SATKAR BAJAJ 7747008720 • Seoni FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • Shahdol JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • Katni TARA BAJAJ 9111407700.

# एलन के कबीर छिल्लर को ऑल इंडिया रैंक-1

## टॉप-10 में 4 स्टूडेंट्स एलन क्लास रूम से, टॉप-100 में 42 स्टूडेंट्स और 21 स्टेट टॉपर्स एलन से




**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई-मेन 2026 की ऑल इंडिया रैंक व सेशन-2 का परिणाम जारी कर दिया गया। परिणामों में एक बार फिर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने श्रेष्ठता साबित की है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि अभी तक देखे गए परिणामों में एलन क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की है। इसके साथ ही टॉप-10 में 4 स्थानों पर एलन क्लासरूम स्टूडेंट रहे हैं। इनमें अर्णव गौतम रैंक-5, शुभम कुमार रैंक-6 और ऋषि प्रेमनाथ ने आल इंडिया रैंक-8 प्राप्त की है। टॉप-20 में 9 स्टूडेंट्स एलन क्लासरूम से तथा टॉप-100 में 42 स्टूडेंट्स एलन से शामिल हैं। इसके साथ ही 21 स्टेट टॉपर्स एलन से हैं।

उन्होंने कहा कि रिजल्ट्स की ऑथेंटिसिटी एवं पारदर्शिता को बरकरार रखते हुए एलन ने अपने रिजल्ट्स को देश की बड़ी ऑडिट फर्म ई-वाई इंडिया से वैलिडेट करवाया है। पिछले दो वर्षों के रिजल्ट्स में आईआईटी में प्रवेश लेने वाला हर चौथा स्टूडेंट एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से है। जेईई मेन व एडवांस्ड में एलन क्वालिटी और क्वांटिटी दोनों क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। जेईई मेन व एडवांस्ड के रिजल्ट्स में पिछले दो वर्षों से लगातार एलन से आल इंडिया रैंक-1 के साथ टॉप-100 और ओवरआल बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स क्वालीफाई कर रहे हैं।जेईई-मेन 2026 में अब तक के सर्वाधिक 15 लाख 38 हजार 468 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी। दोनों सेशन में मिलाकर 26 स्टूडेंट्स को 100 पर्सेन्टाइल घोषित किया गया। रिजल्ट में स्टेट वाइज टॉपर्स के साथ-साथ कैटेगिरी टॉपर्स की सूची भी जारी की गई है।

### जेईई-मेन 2026
### फैकल्टीज की गाइडेंस फॉलो करना ही सक्सेस मंत्र : कबीर छिल्लर

**जेईई मेन : ऑल इंडिया रैंक 1**
**पिता : मोहित छिल्लर (आईआईटीयन)**
**माता : प्रियंका छिल्लर (प्राइवेट टीचर)**
**जन्मतिथिः 30 जुलाई 2008**

-एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने जेईई मेन सेशन-1 में परफेक्ट स्कोर 300 में से 300 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की है। सेशन-2 की परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परिवार मूलतः दिल्ली-एनसीआर गुरूग्राम से है। पिछले दो वर्षों से एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के रेगुलर क्लासरुम स्टूडेंट कबीर की यह उपलब्धि लगातार मेहनत, सटीक रणनीति और सेल्फ एनालिसिस का परिणाम है। कबीर के पिता मोहित छिल्लर आईआईटीयन हैं और वर्तमान में दिल्ली एनसीआर में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि मां प्रियंका छिल्लर प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं। कबीर इससे पहले 10वीं कक्षा 98 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर चुके हैं। कबीर ने बताया कि मेरी सक्सेस का मुख्य कारण फैकल्टीज का गाइडेंस मानता हूं, साथ ही मैंने अपने पढ़ाई करने के तरीके को भी अलग बनाया है। क्योंकि मैं सेल्फ स्टडीज में अटेंशन स्पान और क्वालिटी देखता हूं। हर टेस्ट के बाद खुद का एनालिसिस किया और जहां कमी थी, उसी पर सबसे ज्यादा फोकस किया। मैं एग्जाम से पहले स्टडी स्ट्रेटेजी को फाइन ट्यून करता हूं। नियमित मॉक टेस्ट देने के साथ-साथ हर पेपर का डीपली एनालिसिस किया, जिससे मेरी एक्यूरेसी और टाइम मैनेजमेंट दोनों बेहतर होते चले गए। कॉन्सेप्ट क्लियर होना सबसे जरूरी है। रटने की बजाय हर टॉपिक को समझना और उसे एप्लाई करना ही मेरी सबसे बड़ी ताकत रही। पढ़ाई को छोटे-छोटे टारगेट्स में बांटा, शॉर्ट नोट्स बनाए और नियमित रिवीजन को अपनी आदत बनाया। गलतियों को दोहराने से बचने के लिए मैं हर टेस्ट के बाद कमजोरियों पर फोकस करता था। मैं दोस्तों के साथ समय बिताता हूं, जिससे मानसिक रूप से रिफ्रेश रहने में मदद मिलती है। भविष्य को लेकर मेरा लक्ष्य स्पष्ट है। आईआईटी मुम्बई से कम्प्यूटर साइंस ब्रांच में बीटेक करने के बाद वर्ल्ड की नंबर-1 मैसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहता हूं।

### मॉक टेस्ट का मिला फायदा, उससे मिलते-जुलते प्रश्न पेपर में आएः ऋषि प्रेमनाथ

जेईई मेनः एआईआर 8
पिताः प्रेमनाथ राघवेंद्र (व्यवसायी)
माताः आरती अच्युतन (गृहिणी)
जन्मतिथिः 27 फरवरी 2008

-एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के क्लासरूम स्टूडेंट हैदराबाद के छात्र ऋषि प्रेमनाथ ने जेईई मेन अप्रैल सेशन में 300 में से 295 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 8 हासिल की है। इससे पूर्व जेईई मेन जनवरी सेशन में ऋषि ने 262 मार्क्स हासिल किए थे। इसके बाद उसने अपनी तैयारी पर और ज्यादा फोकस किया और अप्रैल सेशन में शानदार मार्क्स हासिल किए। पिछले दो वर्षों से एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के रेगुलर क्लासरुम स्टूडेंट ऋषि ने कक्षा 10वीं में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। अपनी की-आफ-सक्सेस शेयर करते हुए ऋषि ने बताया कि सब्जेक्टवाइज टॉपिक्स का डीप रिवीजन, विशेष रूप से फिजिक्स और केमिस्ट्री के कॉन्सेप्ट्स की क्लीयर समझ तथा केमिस्ट्री लैब मैनुअल की स्टडी से काफी फायदा मिला। मैंने मॉक टेस्ट पर विशेष फोकस किया। अप्रैल सेशन से पहले मैंने एक सप्ताह तक प्रतिदिन एक मॉक टेस्ट दिया। परीक्षा में कई प्रश्न मॉक टेस्ट से मिलते-जुलते आए, जिससे उन्हें काफी लाभ मिला। मैंने एलन हैंडबुक से पिछले वर्षों के क्वेश्चन पेपर्स का भी गहन रिवीजन किया। अपनी सक्सेस का श्रेय मैं एलन के अनुभवी फैकल्टी की गाइडेंस और अपने पेरेन्ट्स के निरंतर सहयोग को देते हैं। एलन की पढ़ाई मेरे लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुई।

### कॉन्सेप्ट क्लियर होने से सवाल हल करना आसानः शुभम कुमार

जेईई मेनः ऑल इंडिया रैंक 06
पिताः शिवकुमार (व्यवसायी)
माताः कंचन देवी
जन्मतिथिः 20 सितंबर 2008

-एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के क्लासरूम स्टूडेंट शुभम कुमार ने 300 में से 295 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 06 हासिल की है। बिहार के गया निवासी शुभम दो वर्षों से एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट, कोटा के रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट शुभम ने यह साबित किया है कि सही रणनीति और निरंतर सुधार ही बड़ी सफलता दिलाते हैं। पिता शिवकुमार व्यवसायी हैं, जबकि माता कंचन देवी गृहिणी हैं। शुभम इससे पहले 10वीं कक्षा में 98.5 प्रतिशत अंक हासिल कर चुके हैं। शुभम ने बताया कि एग्जाम की तैयारी के दौरान मैंने अपनी गलतियों पर सबसे ज्यादा काम किया, जो टॉपिक्स कमजोर थे, उन्हें बार-बार प्रैक्टिस करके मजबूत बनाया। मैं रोजाना 6 से 8 घंटे सेल्फ स्टडी करता हूं। क्लास में पढ़ाए गए टॉपिक्स का उसी दिन रिवीजन करता हूं और नियमित रूप से मॉक टेस्ट देकर अपनी तैयारी का एनालिसिस करता हूं। कॉन्सेप्ट पर फोकस करता हूं, क्योंकि कॉन्सेप्ट क्लियर होने से सवाल सॉल्व करना आसान हो जाता है। मैंने एग्जाम के प्रेशर को पॉजिटिव तरीके से संभाला। हमेशा अपने लक्ष्य पर ध्यान रखा और खुद पर भरोसा बनाए रखा। फिलहाल पूरा फोकस जेईई एडवांस्ड 2026 पर है। क्योंकि आईआईटी मुम्बई की सीएस ब्रांच से बीटेक करना मेरा सपना है।

### अनुशासन, रणनीति और फोकस, यही मेरी सक्सेस का फॉर्मूला : अर्णव

जेईई मेन 2026ः ऑल इंडिया रैंक 05
पिताः डॉ. बुद्धिप्रकाश (ज्योग्राफी शिक्षक)
मांः निधि गौतम (गर्वनमेन्ट टीचर)

-एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के क्लासरूम स्टूडेंट अर्णव गौतम ने ऑल इंडिया रैंक 05 हासिल की है। कोटा निवासी अर्णव पिछले छह वर्षों से एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा में रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट है। इससे पहले 10वीं कक्षा 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। अर्णव ने बताया कि एलन में नेशनल व इंटरनेशनल ओलंपियाड्स की तैयारी से अकेडमिक्स मजबूत हुई। वर्ष 2023 में जूनियर साइंस ओलंपियाड के ओसीएससी, 2024 में एस्ट्रो ओलंपियाड के ओसीएससी और 2025 में फिजिक्स ओलंपियाड के ओसीएससी में भाग लिया। इसके अलावा एशियन फिजिक्स ओलंपियाड 2025 में ब्रॉन्ज मेडल मिला। मेरी इस सफलता के पीछे एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का बड़ा योगदान है। मेरा मानना है कि सेल्फ स्टडी बहुत जरूरी है, लेकिन सही गाइडेंस के लिए कोचिंग के सहयोग भी जरूरी है। जेईई जैसे एग्जाम की तैयारी में डाउट्स का तुरंत समाधान होना बेहद जरूरी है, जो फैकल्टीज के मार्गदर्शन से ही संभव हो पाता है। मेरे दिमाग में हमेशा टारगेट रहता था कि मुझे यह हासिल करना है। अगला लक्ष्य जेईई एडवांस्ड में अच्छी रैंक हासिल कर आईआईटी मुंबई से कंप्यूटर साइंस ब्रांच में बीटेक करना है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर का स्किल डेवलपमेंट पहल का विस्तार, 279 छात्रों को मिलेगा प्रशिक्षण



**जबलपुर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने BSF Polytechnic CSMT, टेकनपुर (ग्वालियर) में टोयोटा टेक्निकल एजुकेशन प्रोग्राम (T-TEP) की शुरुआत की है। यह पहल कंपनी के CSR कार्यक्रम 2025–26 के तहत युवाओं को कौशल विकास के जरिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन Anand Pratap Singh, Rajesh Kumar और Dr. C. P. Meena सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। T-TEP सेंटर में मैकेनिकल और ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के दो प्रमुख ट्रेड्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसकी वार्षिक क्षमता 279 छात्रों की है। इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को इंडस्ट्री-अलाइन पाठ्यक्रम, क्लासरूम शिक्षा और अधिकृत टोयोटा डीलरशिप्स पर ऑन-जॉब ट्रेनिंग (OJT) का अवसर मिलेगा। Skill India Mission के अनुरूप यह पहल तकनीकी शिक्षा और उद्योग की जरूरतों के बीच की दूरी को कम करने में सहायक होगी। कंपनी का लक्ष्य ग्रामीण और वंचित वर्ग के युवाओं को बेहतर रोजगार अवसर प्रदान करना है। Vikram Gulati ने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए नई पीढ़ी के कुशल पेशेवर तैयार किए जाएंगे, जो ऑटोमोबाइल उद्योग को मजबूत बनाने में योगदान देंगे।

## मोटोरोला एज 70 प्रो लॉन्च

**जबलपुर।** मोटोरोला ने Motorola Edge 70 Pro स्मार्टफोन लॉन्च किया है, जिसकी शुरुआती कीमत 36,999 रुपये रखी गई है। यह फोन 29 अप्रैल 2026 से Flipkart, Motorola.in और प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। इस स्मार्टफोन में 50MP Sony LYTIA 710 सेंसर के साथ ट्रिपल कैमरा सेटअप दिया गया है, जो कम रोशनी में भी शानदार फोटोग्राफी करता है। इसके अलावा 50MP अल्ट्रावाइड और 50MP फ्रंट कैमरा के साथ 4K 60FPS वीडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा मिलती है। MediaTek Dimensity 8500 Extreme प्रोसेसर से लैस यह फोन 12GB तक रैम और 256GB स्टोरेज के साथ आता है। इसमें 6.8 इंच का 144Hz AMOLED डिस्प्ले, 6500mAh बैटरी और 90W फास्ट चार्जिंग सपोर्ट दिया गया है। कंपनी के अनुसार, यह डिवाइस प्रीमियम डिजाइन, एडवांस्ड AI फीचर्स और तेज परफॉर्मेंस के साथ यूजर्स को फ्लैगशिप अनुभव प्रदान करेगा।




## भारत की व्यापारिक प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने के लिए ईएमआई और एईओ देंगे योगदान : योगेंद्र गर्ग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी), वित्त मंत्रालय के सदस्य (सीमा शुल्क) और विशेष सचिव योगेंद्र गर्ग ने आयोजित सीबीआईसी-सीआईआई के ईएमआई योजना और एईओ के साथ इसके संबंध पर आधारित जनसंपर्क कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। गर्ग ने व्यापार सुगमता में परिवर्तन लाने के लिए डिजाइन किए गए 'विश्वास-आधारित सीमा शुल्क सुधार' के महत्व पर बल दिया।

इस दौरान गर्ग ने बताया कि पात्र निर्माता आयातक (ईएमआई) योजना के तहत अनुमोदित निर्माता आयातकों को सीमा शुल्क का भुगतान स्थगित करने की सुविधा मिलती है, जिससे वे लेनदेन-वार भुगतान के बजाय मासिक चक्र के अंत में समेकित और निपटान कर सकते हैं। इससे नकदी प्रवाह में उल्लेखनीय सुधार होता है, कार्यशील पूंजी पर दबाव कम होता है।

Form No. [See Regulation - 33 (2)]

**Office of the Recovery Officer - I/II**
**Debts Recovery Tribunal, Jabalpur**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building),
Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur - 482001, MP.

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993**

RC/213/2025 01/04/2026

**IDBI BANK**
**VERSUS**
**SHUBHA BHARADWAJ Shubha Bharadwaj**

To, (CD1) Shubha Bharadwaj Shubha Bharadwaj
House No. 136, Plot No. 815, Veer Savarkar Ward, Sanjeevani Nagar, Garha, Jabalpur MP- 482003
(CD2) ANKIT BHARADWAJ
House Number 136 Plot Number 815 Veer Savarkar Ward Sanjeevani Nagar Garha Distt Jabalpur MP- 482003

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **08/09/2025** in **OA/941/2024** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs. 5730056 ( Rupees Fifty Seven Lakhs Thirty Thousands Fifty Six Only )** along with pendentellite and future interest @ **10 %** w.e.f. **22/07/2024** till realization and costs of **Rs 60000 ( Rupees Sixty Thousands Only )**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **06/05/2026 at 10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**SPECIFICATION OF PROPERTY**

It is Double Storied Residential House, all the piece and parcel of land area 2450 sq.ft., Mouza Sanjeevni Nagar, Jabalpur Development Authority, Scheme No.6 lease Plot No.-815, Corp. House No.-136, Veer Savarkar Ward, Distt.-Jabalpur (M.P.) 482003; belonging to Defendant No.1 .

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **01/04/2026**

Seal

Recovery Officer,
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** आज दिन काफी सकारात्मक और ऊर्जावान रहेगा। करियर में मेहनत रंग लाएगी, पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

**वृष** आज स्थिरता और धैर्य का दिन होगा। वीनस अपनी राशि के प्रभाव से आर्थिक लाभ और सुख-सुविधाएं बढ़ा सकता है।

**मिथुन** आज चंद्रमा मिथुन में होने से बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से दिन अनुकूल रहेगा, लेकिन व्यर्थ खर्च से बचें।

**कर्क** चंद्रमा की स्थिति से घरेलू मामलों में सुधार होगा, लेकिन शनि के प्रभाव से कुछ चुनौतियां आ सकती हैं। करियर में मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी।

**सिंह** सूर्य के प्रभाव से आत्मविश्वास उच्च रहेगा। करियर में तरक्की के अवसर आएंगे, बॉस या वरिष्ठों का समर्थन मिलेगा। परिवार में आनंद का माहौल रहेगा।

**कन्या** आज विश्लेषणात्मक सोच काम आएगी। नौकरी में छोटे-मोटे बदलाव हो सकते हैं। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, लेकिन निवेश सावधानी से करें।

**तुला** आज सौंदर्य और संतुलन का दिन होगा। वीनस के प्रभाव से रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। परिवार के साथ समय बिताना सुखद

**वृश्चिक** शनि के उदय से कुछ चुनौतियां आ सकती हैं, इसलिए सावधानी बरतें। करियर में मेहनत रंग लाएगी। आर्थिक दृष्टि से दिन मिश्रित रहेगा।

**धनु** आज भाग्यशाली दिन रहेगा। गुरु के प्रभाव से नई ऊर्जा मिलेगी। आर्थिक लाभ अच्छा रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं। परिवार में खुशियां छाई रहेंगी।

**मकर** करियर में उपलब्धियां हासिल होंगी। परिवार में सम्मान बढ़ेगा। प्रेम में गंभीरता दिखाएं। धैर्य बनाए रखें और लक्ष्य पर फोकस करें।

**कुंभ** यूरेनस के प्रभाव से रचनात्मकता बढ़ेगी। करियर में अप्रत्याशित सफलता मिल सकती है। आर्थिक पक्ष अनुकूल रहेगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मीन** नेप्च्यून के प्रभाव से आध्यात्मिक रुचि बढ़ेगी। करियर में रचनात्मक कार्यों से सफलता मिलेगी। परिवार में भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)**

क्रमांक.02/भण्डार/न.पा.नि./2026-27 **निविदा सूचना** सतना, दिनांक 13/04/2026


निम्नलिखित कार्य/सप्लाई हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेबसाइड http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | एन.आई.टी. क्रमांक व दिनांक | निविदा क्रमांक | सामग्री का प्रकार | अनुमानित व्यय प्राक्कलन | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02/01 13.04.2026 | 2026_UAD_499980_1 | पी.व्ही.सी./जी.आई./एच.डी.पी.ई. पाइप की दरें। | 40,00,000/- | 50,000/- | 5,000/- | वित्तीय वर्ष 2026-2027 |
| 02 | 02/02 13.04.2026 | 2026_UAD_499981_1 | एनीकेट प्लांट हेतु सहायक सामग्री की दरें। | 50,00,000/- | 50,000/- | 10,000/- | वित्तीय वर्ष 2026-2027 |
| 03 | 02/03 13.04.2026 | 2026_UAD_499982_1 | डी.आई./सी. आई. पाइप एवं सहायक सामग्री की दरें। | 50,00,000/- | 50,000/- | 10,000/- | वित्तीय वर्ष 2026-2027 |

**शर्तें** - 1. निविदा प्रपत्र की खरीदी ऑनलाइन बेबसाइट http://www.mptenders.gov.in ऑनलाइन पेमेन्ट एवं पटल सर्विस चार्ज के द्वारा दिनांक 14/04/2026 समय 15-30 बजे से दिनांक 15/05/2026 समय 17-30 बजे तक खरीदी जा सकती है। 2. निविदा में संसोधन की सूचना वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी, समाचार पत्र पर संसोधन की सूचना प्रकाशित नही की जावेगी।

**भण्डार प्रभारी**
**नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)**

## शब्द पहेली - 6204



**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

**शब्द पहेली -6203 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | म | या | ब | ■ | र | ■ | श | ब | न | म |
| ■ | म्मी | ■ | र | फू | च | क्क | र | ■ | र्म | ■ |
| आ | ■ | मा | स | ■ | ना | ■ | मा | ह | ■ | प्र |
| स | ह | ला | ना | ■ | का | ■ | ना | रा | य | ण |
| ■ | थ | ■ | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | ज्ञो | ■ |
| ह | क | ब | का | ना | ■ | अ | प | ना | प | न |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | ख | ■ | ■ | ■ | वी | ■ |
| मे | घा | ल | य | ■ | ल | ■ | क | म | त | र |
| घ | ■ | त | म | ■ | ना | ■ | ल | त | ■ | क्षा |
| ■ | यं | ■ | रा | सा | य | नि | क | ■ | कै | ■ |
| म | हा | रा | ज | ■ | क | ■ | ल | म्बो | द | र |

## सूडोकु नवताल - 6214

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6213 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

## शाम 7.30 बजे से वानखेड़े स्टेडियम में एमआई और चेन्नई में भिड़ंत

# वापसी की राह पर रोहित और धोनी, मुंबई इंडियंस-सुपर किंग्स में महामुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम गुरुवार को जब आईपीएल में आमने-सामने होंगी तो वे अपने पूर्व कप्तानों रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी की संभावित वापसी पर नजर रखकर अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेंगी। रोहित (हैमसर्ट्रिंग) और धोनी (पिंडली में खिंचाव) वापसी की राह पर हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या इनमें से कोई भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतरेगा।

रोहित ने वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं खेलने वाले धोनी ने जमकर अभ्यास किया। इससे उनकी इंपैक्ट प्लेयर के रूप में वापसी की संभावना बन गई है। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की वापसी इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है कि अब तक पांच-पांच खिताब जीतने वाली यह दोनों टीम कई समस्याओं से जूझ रही हैं।



### लय में नहीं आ पा रही सीएसके

सीएसके ने प्रत्येक टीम की तरह टूर्नामेंट की शुरुआत फॉर्म और सही संयोजन की तलाश में की लेकिन जैसे ही वे लय में आने लगे, उसके युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमसर्ट्रिंग में खिंचाव के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए, जो सीएसके के लिए बड़ा झटका है। इससे सीएसके को बल्लेबाजी में नए सिरे से रणनीति बनानी पड़ रही है। गुजरात के विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल को म्हात्रे की जगह टीम में शामिल किया जा सकता है।

### हार का सिलसिला तोड़ने को बेताब सीएसके

सीएसके लगातार दो मैचों में हार के सिलसिले को तोड़ने के लिए बेताब होगा। वह मुंबई के खिलाफ हाल के अपनी रिकॉर्ड से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। उसने इन दोनों टीम के बीच पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत हासिल की है। दोनों टीम के अभी चार-चार अंक हैं। मुंबई बेहतर नेट रन रेट के कारण सीएसके से आगे है।

### मुंबई की राह आसान नहीं

अहमदाबाद में तिलक वर्मा के शानदार प्रदर्शन ने मुंबई इंडियंस को लगातार चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने में मदद की, लेकिन उसके लिए अब भी राह आसान नहीं है। मुंबई के लिए सबसे बड़ी चिंता भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और इस फ्रेंचाइजी टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या के फॉर्म को लेकर बनी हुई है। सूर्यकुमार अभी तक केवल एक अर्धशतक ही बना पाए हैं जबकि हार्दिक जरूरत पड़ने पर पारी को संभालने या आखिर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने में नाकाम रहे हैं। टीम ने नमन धीर पर भरोसा जताया है और वह अब तक इस पर खरे उतरे हैं।

### एमआई में शामिल हुए विल जैक्स

जसप्रीत बुमराह आखिरकार पिछले मैच में विकेट लेने में सफल रहे जबकि अश्वनी कुमार के चार विकेट ने टीम की चिंताओं को कम किया क्योंकि ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर और हार्दिक में से कोई भी शुरू में लगातार सफलता नहीं दिला पाए थे। मुंबई इंडियंस के इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स टीम में शामिल हो गए हैं और उनकी वापसी से टीम को मजबूती मिलेगी।

**मैच का समय :** शाम 7:30 बजे

# आईपीएल में फूटा 'स्मोकिंग बम'

## सिगरेट पीते हुए रबाडा की क्लिप वायरल?



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के बीच एक वीडियो ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। दावा किया जा रहा है कि गुजरात टाइटंस के स्टार तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा होटल में सिगरेट पीते नजर आए। हालांकि, इस वीडियो की सच्चाई अभी तक साबित नहीं हो सकी है, लेकिन फैंस के बीच इसको लेकर बहस तेज हो गई है।

दरअसल, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक क्लिप में रबाडा जैसे दिखने वाले शख्स को सिगरेट पीते हुए देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो गुजरात टाइटंस के टीम होटल का हो सकता है, लेकिन इसकी लोकेशन और समय की पुष्टि नहीं हो पाई है। वीडियो में कुछ अन्य लोग भी नजर आ रहे हैं, जिन्हें टीम से जुड़ा बताया जा रहा है, मगर उनकी पहचान भी साफ नहीं हो सकी है। ऐसे में पूरे मामले को लेकर स्थिति अभी भी अस्पष्ट बनी हुई है। गौरतलब है कि रबाडा इस सीजन में गुजरात टाइटंस के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं। वह पर्पल कैप की रेस में फिलहाल सातवें स्थान पर हैं और 6 मैचों में 10 विकेट ले चुके हैं। उनका औसत 22.20 और इकॉनमी रेट 9.73 रहा है।

### पुराना विवाद भी आया चर्चा में

इस वीडियो के सामने आने के बाद रबाडा का पुराना अनुशासनात्मक रिकॉर्ड भी चर्चा में आ गया है। पिछले आईपीएल सीजन में उन्हें साउथ अफ्रीकन इंस्टिट्यूट फॉर ड्रग फ्री स्पोर्ट्स द्वारा एक महीने का बैन झेलना पड़ा था। उस दौरान वह टूर्नामेंट बीच में छोड़कर गए थे और बाद में टीम से दोबारा जुड़े थे। हालांकि, डोपिंग मामले की पूरी जानकारी कभी सार्वजनिक नहीं की गई थी, जिससे अटकलों को हवा मिली थी।


### पहले भी सामने आ चुका है ऐसा मामला

सीजन की शुरुआत में भी इसी तरह का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें युजवेंद्र चहल को कथित तौर पर धूम्रपान करते और गाड़ी चलाते हुए दिखाया गया था। हालांकि, उस वीडियो की भी पुष्टि नहीं हो सकी थी, लेकिन सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी आलोचना हुई थी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 1 | 11 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 8 |
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 6 | 3 | 3 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 6 | 2 | 4 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
323 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप



#### तमिलनाडु ने महाराष्ट्र को हराया, बना अंडर 19 चैंपियन

**देहरादून।** शीर्ष वरीयता प्राप्त तमिलनाडु ने यूटीटी अंतरराज्यीय जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में महाराष्ट्र को 3-1 से हराकर लड़कों के अंडर19 वर्ग का टीम खिताब जीता। पीबी अभिनंद तमिलनाडु की जीत के नायक रहे। उन्होंने पहले नील मुल्ये को 11-5, 11-3, 7-11, 11-6 से हराया और फिर उलट एकल में कुशल चोपड़ा पर 11-6, 11-6, 11-8 से शानदार जीत दर्ज करके अपनी टीम को खिताब दिलाया। महाराष्ट्र की टीम चोपड़ा पर काफी निर्भर थी क्योंकि उन्होंने इससे पहले टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया था।

# आईसीसी रैंकिंग : टी20 में नामीबिया और स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों की छलांग, वनडे में बांग्लादेशियों को फायदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला वनडे मैच 26 रन से गंवाने के बाद दूसरा मुकाबला 6 विकेट से अपने नाम करने के बाद बांग्लादेश ने न सिर्फ तीन मुकाबलों की सीरीज को 1-1 से बराबर किया, बल्कि उसके खिलाड़ियों ने भी व्यक्तिगत प्रदर्शन में काफी सुधार किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ ढाका में खेले गए दूसरे वनडे मैच के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने आईसीसी मेंस वनडे रैंकिंग में छलांग लगाई है।




### तंजीद हसन को वनडे रैंकिंग में फायदा

बांग्लादेशी ओपनर तंजीद हसन उन खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें वनडे रैंकिंग सबसे ज्यादा फायदा मिला। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 199 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 76 रनों की संयमित पारी खेलने के बाद तंजीद बल्लेबाजों की रैंकिंग में 14 पायदान की छलांग लगाकर 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तौहीद हिरदॉय पांच पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 26वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### बांग्लादेशी स्पिनर रिशाद 10 पायदान ऊपर चढ़े

इस मुकाबले के साथ बांग्लादेश की गेंदबाजी यूनिट को भी फायदा हुआ। स्पिनर रिशाद हुसैन 10 पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि तेज गेंदबाज नाहिद राणा मैच में 5 विकेट लेने के बाद 32 पायदान की छलांग लगाकर 64वें स्थान पर पहुंच गए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम ने सीरीज में लगातार विकेट लेने वाले प्रदर्शन के बाद रैंकिंग में 39वां स्थान हासिल कर लिया है। भले ही डेरिल मिशेल इस वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उन्होंने इस फॉर्मेट में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

# आईपीएल में दिखा धोनी का बिहारी अंदाज, वायरल हुआ मजेदार वीडियो

एजेंसी ▶▶| मुंबई

फैंस 2026 आईपीएल सीज़न में एमएस धोनी को देखने के लिए बहुत ज़्यादा उत्साहित लग रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने इस सीज़न में अब तक छह मैच खेले हैं, जिनमें से किसी में भी धोनी चोट की वजह से नहीं खेल पाए हैं। हालाँकि धोनी असली मैचों में मैदान पर नहीं दिखे हैं, लेकिन प्रैक्टिस सेशन के दौरान वह लगातार मैदान पर नज़र आए हैं। इसी बीच,धोनी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एक खास 'बिहारी' अंदाज़ में बात करते दिख रहे हैं। मुंबई इंडियंस ने धोनी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह एमआई के तेज गेंदबाज़ दीपक चाहर से बात करते दिख रहे हैं।




### धोनी ने क्या कहा

वीडियो में धोनी ने दीपक चाहर से कहा, "तुम आए, और साथ में कैमरा भी ले आए?" जवाब में, चाहर ने कैमरामैन की तरफ मुड़कर कहा, अरे भाई, चलो, अब तुम जाओ। फिर माही ने बीच में कहा, "हाँ, वरना हम बात नहीं कर पाएंगे (कैमरामैन की वजह से)। यह ध्यान देने वाली बात है कि यह पहली बार नहीं है जब धोनी को इस तरह बात करते देखा गया है। पहले भी कई मौकों पर उन्हें बिहारी अंदाज में बात करते सुना गया है। फैंस को माही की पर्सनैलिटी का यह पहलू बहुत प्यारा लगता है।

# लगातार हार के बाद भी फ्रेंच ओपन खेलना चाहती हैं वीनस

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी वीनस विलियम्स महिला एकल में लगातार दसवां मैच हारने के बावजूद अगले महीने होने वाले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलना चाहती हैं।

इस 45 वर्षीय खिलाड़ी मैड्रिड ओपन में स्पेन की 20 वर्षीय खिलाड़ी कैटलिन क्वेडो से 6-2, 6-4 से हार गईं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस ने कहा, ' मैं लंबे समय से क्ले कोर्ट पर नहीं खेली थी और मैं इसमें खेलने का अनुभव लेना चाहती थी।' उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्य से मैं इटालियन ओपन में नहीं खेल पाऊंगी क्योंकि मेरी कुछ प्रतिबद्धताएं हैं। मेरे पति इटालियन हैं, इसलिए हमें भी दुख है कि हम वहां नहीं जा सकते। लेकिन (फ्रेंच ओपन की तैयारी के लिए) हम क्ले कोर्ट पर खेलना जारी रखना चाहेंगे।'



**मुझे क्ले कोर्ट पसंद : वीनस**
वीनस ने पांच साल से मैड्रिड में कोई मैच नहीं खेला था। क्ले कोर्ट पर उनका आखिरी टूर्नामेंट 2021 फ्रेंच ओपन था, जहां वह अपने पहले मैच में ही एकातेरिना एलेक्सांद्रोवा से हार गई थीं। उन्होंने कहा, ' मैंने मियामी ओपन के कुछ हफ़्ते बाद क्ले कोर्ट पर अभ्यास शुरू कर दिया था। मैं कई साल से क्ले कोर्ट पर नहीं खेली हूं।

## टेनिस जगत में सुर्खियां बटोर रहा स्पेन का एक और 'राफा'

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज की उम्र केवल 22 वर्ष है, लेकिन उनके देश स्पेन में प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी के बारे में पहले से ही चर्चा हो रही है। इनमें से सबसे चर्चित नाम उस खिलाड़ी का है, जिनका पहला नाम सर्वकालिक महान खिलाड़ी राफेल नडाल के समान है। यह खिलाड़ी है 19 वर्षीय राफेल जोडर, जो रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाने से स्पेन और पूरे टेनिस जगत में सुर्खियां बटोर रहे हैं। जोडर को नडाल की तरह 'राफा' उपनाम से भी जाना जाता है। वह मैड्रिड ओपन में अपने पदार्पण से ठीक पहले शीर्ष 50 में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं।

# बिनु ने बनाया 9 अंडर का स्कोर, हासिल की बढ़त

एजेंसी ▶▶| लुबुम्बाशी



युवा गोल्फर शौर्य बिनु ने अफ्रीकी चरण में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एएम ग्रीन आई जी पी ए ल आमंत्रण कांगो गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में 9 अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाकर बढ़त हासिल कर ली। यह 21 वर्षीय खिलाड़ी पिछले दो हफ्तों में अफ्रीकी चरण में दो बार शीर्ष 10 में जगह बना चुका है। उन्होंने गोल्फ क्लब लुबुम्बाशी में पहले दौर में एक अंडर 72 के साथ शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने दूसरे दौर में 9 अंडर का शानदार स्कोर बनाया। इससे वह 36 होल के बाद 10 अंडर पर पहुंच गए। वह चार अन्य चार खिलाड़ियों से दो शॉट आगे हैं। उनके बाद पहले दौर में संयुक्त बढ़त हासिल करने वाले तुषार पन्नू (67-71) और मन्नत बरार (67-71), पिछले सप्ताह के विजेता उदयन माने (70-68) और आर्यन रूपा आनंद (71-67) का नंबर आता है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लाईट मशीनरी एवं विद्युत यांत्रिकी संभाग नरसिंहपुर (म. प्र.)**

दूरभाष नं. 07792-230328 Email id-eelmtg@yahoo.com

पत्र क्रमांक 920 / कार्य / 2026-27 **विज्ञप्ति** नरसिंहपुर, दिनांक 01/04/2026

जल संसाधन विभाग भोपाल मध्यप्रदेश के अधीन कार्यालय कार्यपालन यंत्री लाईट मशीनरी एवं विद्युत यांत्रिकी संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.) के कार्यालय में मासिक किराये पर 3 वर्ष के लिए निर्धारित अर्हताधारी कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवाएं, डेस्कटॉप, बहुउद्देश्यीय प्रिंटर एवं अन्य अनिवार्य उपकरणों के साथ लिया जाना है। इच्छुक आवेदक अपना मोहरबंद प्रस्ताव दिनांक 30.04.2026 को दोपहर 3:00 बजे तक कार्यपालन यंत्री लाईट मशीनरी एवं विद्युत यांत्रिकी संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.) के कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदा प्रस्तुत करने हेतु बयाने की राशि (Earnest Money) एवं विस्तृत विवरण जल संसाधन विभाग की वेबसाइट http://www.mpwrd.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

| स. क्र. | कार्यालय का नाम एवं पता (जहां कार्य के लिए नियोजन होना है) | कार्यालय में वांछित कम्प्युटर ऑपरेटर की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कार्यपालन यंत्री लाईट मशीनरी एवं विद्युत यांत्रिकी संभाग नरसिंहपुर (म. प्र.) | 01 |

(पी. एन. उइके ) कार्यपालन यंत्री
लाईट मशीनरी एवं विद्युत यांत्रिकी संभाग
नरसिंहपुर (म. प्र.)

G-11896/26



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

**वस्तु क्रम संख्या i). ई-टेंडर सूचना संख्या: NIT/15/APR/ 95265175/01 दिनांक 15.04.2026**
**वस्तु का संक्षिप्त विवरण:-** ट्रैक्शन मोटर प्रकार TM-4303 BY की आपूर्ति, 8-पहिया टॉवर कार के लिए उपयुक्त
**अनुमानित टेंडर लागत :** 6859948/- **अंतिम तिथि :** 07/05/2026 **अंतिम समय :** 10.30 AM **ईएमडी :** 137200/- **मात्रा :** 2 सेट

**वस्तु क्रम संख्या ii). ई-टेंडर सूचना संख्या: NIT/16/APR/95265230/02 दिनांक 16.04.2026**
**वस्तु का संक्षिप्त विवरण:-** वस्तु का संक्षिप्त विवरण:-हाइड्रोलिक पावर पैक टेस्ट बेंच की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग
**अनुमानित टेंडर लागत :** 8201000/- **अंतिम तिथि :** 11/05/2026 **अंतिम समय :** 10.30 AM **ईएमडी :** 164020/- **मात्रा :** 1 नग

**नोट:-** उपरोक्त टेंडर ई-टेंडर है और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी निविदाएं ऑनलाइन IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रस्तुत करें। उपरोक्त टेंडर तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट देखें।

**वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक**
**द.पू.म. रेलवे, नागपुर**

AAA/09/33

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



# रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे के द्वारा **रीवा–छत्रपति शिवाजी टर्मिनस स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन** को दिनांक 23.04.2026 से रेगुलर गाड़ी में परिवर्तित कर चलाया जाएगा, जिसका विवरण निम्न है:–



**गाड़ी संख्या**
**20154/20153**
**रीवा–सीएसएमटी साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस**

**परिचालन का दिन एवं दिनांक:** गाड़ी सं. 20154 रीवा से **(प्रत्येक गुरूवार)**–दिनांक 23.04.2026 से एवं वापसी में गाड़ी सं. 20153 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से **(प्रत्येक शुक्रवार)** दिनांक 24.04.2026 से:–

| गाड़ी सं. 20154 रीवा–छत्रपति शिवाजी टर्मिनस | | गाड़ी सं. 20153 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस–रीवा |
|---|---|---|
| आगमन–प्रस्थान | स्टेशन | आगमन–प्रस्थान |
| D.15.50 (Thu) | रीवा | A.09.45(Sat) |
| 16.55-17.00 | सतना | 07.40-07.45 |
| 17.25-17.27 | मैहर | 07.03-07.05 |
| 18.05-18.10 | कटनी | 06.10-06.15 |
| 19.40-19.50 | जबलपुर | 04.55-05.05 |
| 20.48-20.50 | नरसिंहपुर | 03.23-03.25 |
| 21.18-21.20 | गाडरवारा | 02.48-02.50 |
| 21.53-21.55 | पिपरिया | 02.13-02.15 |
| 23.20-23.30 | इटारसी | 01.15-01.25 |
| 00.22-00.24 | हरदा | 00.03-00.05 |
| 02.02-02.05 | खंडवा | 22.43-22.45 |
| 04.05-04.10 | भुसावल | 20.15-20.20 |
| 04.35-04.37 | जलगांव | 19.38-19.40 |
| 06.38-06.40 | मनमाड | 17.53-17.55 |
| 07.42-07.45 | नासिक रोड | 16.58-17.00 |
| 10.57-11.00 | कल्याण | 14.22-14.25 |
| 11.52-11.55 | दादर | 13.42-13.45 |
| A.12.20(Fri) | सीएसएमटी | D.13.30(Fri) |

**ठहराव:**
सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, जलगांव, मनमाड, नासिक रोड, कल्याण, दादर

**कोच संरचना**
वातानुकूलित प्रथम श्रेणी–01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी–01
वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–04, द्वितीय श्रेणी शयनयान–12
सामान्य कोच–04, एसएलआर–02

**पश्चिम मध्य रेल**



स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

@wc_railway | West Central Railway | West Central Railway Official




रफ्तार का कहर, 2 की मौत, 1 गंभीर

# हिट एंड रन : धनवंतरी नगर तिराहे पर कार का कोहराम

हरिभूमि जबलपुर।

गढ़ा थाना अतंर्गत धनवंतरीनगर तिराहे पर हिट एंड रन का मामला सामने आया है। शराब के नशे में धुत्त एक कार चालक ने मंगलवार की देर रात सड़क किनारे खड़ी तीन बाईकों को टक्कर मारी, टक्कर इतनी भीषण थी की कार पलट गई। कार की चपेट में आए दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।



गढ़ा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार धनवंतरी नगर तिराहे के पास एक सफेद रंग की क्रेटा कार क्रमांक एमपी 20 जेडबी 2934 ने सड़क किनारे खड़ी तीन मोटरसाइकिलों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और बाइक सवारों के ऊपर जा गिरी। पुलिस के मुताबिक अधारताल महाराजपुर निवासी गणेश प्रसाद अपने बेटे शुभम के साथ अपनी बहन विमला चक्रवर्ती के यहां शादी में शामिल होने के बाद घर आ रहे थे। प्यास लगने पर सड़क किनारे पानी पीने के लिए रुके। इसी बेलगाम कार ने पिता पुत्र को अपनी चपेट में ले लिया जिसमें में पिता गणेश कुमार की मौत हो गई बेटा शुभम घायल हो गया, वहीं एक अन्य एक युवक लार्डगंज गंजीपुरा निवासी 34 वर्षीय विजय साहू की मौत हो गई।

### आरोपी कार चालक हिरासत में

घटना के बाद भागने का प्रयास कर रहे बड़ा पत्थर रांझी निवासी कार चालक किशन चौधरी को स्थानीय लोगों ने पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी जिस कार को चला रहा था, वह अरविंद चौधरी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस ने कार जब्त कर ली है। मृतको के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने आरोपी कार चालक किशन चौधरी के विरुद्ध धारा 105 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध प्रकरण विवेचना में लिया है।

झुलसा देने वाली धूप से जन जीवन परेशान

# पारा फिर पहुंचा 42 डिग्री के पास

**जबलपुर।** गर्मी अप्रैल के अंतिम सप्ताह में अपने प्रचंड रूप में आ गई है। बुधवार 22 अप्रैल को पारे ने फिर 41.6 डिग्री की उछाल बनाई है। मौसम विभाग की मानें तो दक्षिणी पश्चिमी हवाओं के संगम से पारे में एकदम तेज उछाल आई। अप्रैल में ही ये हाल हैं तो मई के महीने में क्या होगा। आमतौर पर 41-42 डिग्री तापमान मई के महीने में जाता है। इस बार अप्रैल में ही गर्मी ने रिकार्ड तोड़ दिया। बुधवार को आसमान से आग उगल रही थी। हवाओं में नमी खत्म हो जाने से मौसम शुष्क हो चला है, जो तापमान को बढ़ने का मौका दे रहा है। अप्रैल के पहले पखवाड़े में गर्मी अपना जोरदार असर दिखा रही है। अप्रैल के सीजन में पहली बार पारा 19 अप्रैल को 42.5 डिग्री के करीब पहुंचा था। कल दिन में धूप के थपेड़े बदन पर मार कर रहे थे। सड़कें दोपहर में वीरान नजर आ रही थीं। शादी व्याह वाले परिवार के लोग पसीना बहाते गमछा लपेट कर शीतल पेयों के सहारे किसी तरह अपना काम निपटा रहे थे। काम से थके लोगों को छांव की तलाश और शीतल हवाओं की दरकार महसूस हो रही थी। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार हवा में नमी एकदम घट गई है। आसमान पूरी तरह साफ है। गर्म राज्यों दक्षिणी और पश्चिमी दिशा से आ रही गर्म हवाओं के कारण तापमान को मनमानी करने का मौका मिल गया। फिलहाल मौसम शुष्क बना हुआ है। कोई अप्रत्याशित स्वभाव मौसम



का नहीं बदला तो अब गरमी अपना असर दिखाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 41.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 28 प्रतिशत और सायंकाल 11 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.43 बजे और सूर्यास्त शाम 6.34 बजे हुआ। पश्चिमी हवायें 4-5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 43 डिग्री तापमान खजुराहो जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 42.0 और न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस रहा। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

चीफ जस्टिस की बेंच ने दिया निर्देश, अयोग्य घोषित, 117 नर्सिंग कॉलेजों के छात्रों की परीक्षाएं 27 अप्रैल से प्रस्तावित होने के तर्क पर निर्देश

# दूसरी डिवीजन बेंच में होगी नर्सिंग कॉल फर्जीवाड़ा मामले की सुनवाई

**जबलपुर।** नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा मामले की सुनवाई अब हाईकोर्ट की दूसरी डिवीजन बेंच करेगी। अभी तक चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने निर्देश दिए कि जस्टिस विवेक अग्रवाल की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच मामले की सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से त्वरित सुनवाई की मांग की गई। कोर्ट को बताया गया कि सीबीआई द्वारा अयोग्य घोषित किए गए 117 नर्सिंग कॉलेजों के छात्रों की परीक्षाएं 27 अप्रैल से प्रस्तावित हैं। यदि समय रहते हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हुई तो हजारों छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। इसे गंभीरता से लेते हुए चीफ जस्टिस की कोर्ट ने दूसरी बेंच में सुनवाई निर्देश दिए । अगली सुनवाई 24 अप्रैल को तय की गई।

दरअसल 2022 में लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने इस मामले में जनहित याचिका दायर की थी। इसमें प्रदेश के निजी नर्सिंग कॉलेजों में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा, मानकों की अनदेखी और अवैध मान्यता का आरोप लगाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने पहले सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। बाद में कई कॉलेजों को अयोग्य घोषित किया गया।9 अप्रैल को कोर्ट ने वर्ष 2024 में जीएनएम परीक्षा देने वाले करीब 30 हजार छात्रों के परिणाम घोषित करने पर रोक लगा दी थी।

हाईकोर्ट का राज्य सरकार को निर्देश

# 30 दिनों के भीतर चालू करो प्रदेश के सभी आरटीओ चेक पोस्ट



**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कहा कि 30 दिनों के भीतर प्रदेश के सभी आरटीओ चेक पोस्ट दोबारा चालू किए जाएं।जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने सरकार की ओर से दिए गए जवाब को असंतोषजनक माना। कोर्ट ने कहा कि विभागीय अधिकारियों का रवैया अदालती निर्देशों की अवहेलना जैसा है। स्पष्ट किया कि चाहे सरकार कोई भी अन्य विकल्प अपनाए, लेकिन चेक पोस्ट का संचालन अनिवार्य है।निर्देश दिए कि फैसले की प्रमाणित प्रति मिलने के 30 दिनों के भीतर सभी बॉर्डर चेक पोस्ट चालू हो जाने चाहिए। यदि सरकार समय सीमा में आदेश का पालन नहीं करती है, तो याचिकाकर्ता अवमानना की कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होगा।

याचिकाकर्ता रजनीश त्रिपाठी ने 2025 में याचिका दायर कर कहा था कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर राज्य सरकार ने 1 जुलाई 2024 से प्रदेश के सभी 47 आरटीओ चेक पोस्ट बंद कर दिए थे। सरकार का तर्क था कि इससे भ्रष्टाचार रुकेगा और वाहनों की आवाजाही सुगम होगी। इसके विकल्प के तौर पर परिवहन विभाग ने 'मोबाइल चेक पॉइंट' व्यवस्था लागू की थी, लेकिन धरातल पर इसके परिणाम संतोषजनक नहीं रहे। दलील दी गई कि चेक पोस्ट हटने से ओवरलोडिंग के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। नियमों के उल्लंघन के कारण सड़क हादसों का ग्राफ बढ़ा है। परिवहन विभाग की निगरानी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने निर्देश दिया कि दूसरे राज्यों से आने वाले हर वाहन की तकनीकी जांच और ओवरलोडिंग की सख्ती से जांच हो। निर्धारित ऊंचाई से अधिक माल ले जाने वाले वाहनों पर तत्काल चालानी कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

बड़ा हादसा टला : शिक्षिका की जान बची, तालाब को सुरक्षित घेरने की मांग

# एक्टिवा सहित शिक्षिका हनुमानताल में गिरी

हरिभूमि जबलपुर।

शहर के हनुमानताल में गत सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। पूजा सामग्री का विसर्जन करने पहुंची एक शिक्षिका संतुलन बिगड़ने से अपनी एक्टिवा सहित तालाब के गहरे पानी में जा गिरीं। महिला को डूबता देख वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों की तत्परता से समय रहते उनकी जान बचा ली गई। जानकारी के अनुसार, पेशे से शिक्षिका महिला गत सुबह हनुमानताल पूजा सामग्री का विसर्जन करने पहुंची थीं। वह अपनी एक्टिवा से तालाब के किनारे तक गईं। इसी दौरान किनारे पर फिसलन और असंतुलन के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गाड़ी सहित सीधे गहरे पानी में जा गिरीं। अचानक हुई इस घटना से आसपास



मौजूद लोग घबरा गए और मदद के लिए शोर मचाने लगे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर तैनात हनुमानताल थाने के एएसआई चतुर्भुज और आरक्षक दिलीप दुबे ने बिना देर किए साहस का परिचय दिया। दोनों पुलिसकर्मी तुरंत पानी में कूद पड़े। गहराई अधिक होने और वाहन के भार के कारण महिला को बाहर निकालना आसान नहीं था, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद पुलिसकर्मियों ने शिक्षिका को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पानी से बाहर निकालते ही उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। कुछ देर बाद उनकी स्थिति सामान्य हो गई।

### बारिश में और बढ़ेगा खतरा

क्षेत्रवासियों का कहना है कि तालाब के कई हिस्सों में खुली जगहें हैं, जहां कोई मजबूत बाउंड्री वॉल या रेलिंग नहीं है। सुबह-शाम बड़ी संख्या में लोग यहां टहलने, पूजा करने और विसर्जन के लिए आते हैं। बरसात के मौसम में जलस्तर बढ़ने और ओवरफ्लो की स्थिति बनने पर खतरा और ज्यादा बढ़ जाता है। फिसलन और पानी के बढ़ते स्तर के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते ठोस इंतजाम नहीं किए गए तो बारिश के दौरान दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ सकती है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थान जोखिम भरा साबित हो सकता है।

### कुछ दिन पहले ऑटो डूबने की घटना

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। कुछ दिन पहले भी हनुमानताल में एक ऑटो पानी में जा गिरा था। उस घटना के बाद भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठे थे, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया गया। लगातार हो रहे ऐसे हादसों ने तालाब किनारे की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### बाउंड्री वॉल और चेतावनी संकेत लगाने की मांग

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि हनुमानताल के खुले और संवेदनशील स्थानों पर मजबूत बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाए। साथ ही चेतावनी बोर्ड, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा गार्ड की तैनाती भी बढ़ाई जाए। धार्मिक आस्था से जुड़े इस प्रमुख स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम आवश्यक बताए जा रहे हैं।

जबलपुर के युवक की कटनी में ऑटो पलटने से मौत

# शादी की खुशियां मातम में बदलीं

**जबलपुर।** जबलपुर निवासी एक युवक की कटनी जिले में ऑटो हादसे में मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार भेड़ाघाट क्षेत्र निवासी भारतपुरी गोस्वामी पिता गणेशपुरी गोस्वामी अपने रिश्तेदार के यहां कटनी जिले के बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम मुड़हरा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे। शादी कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वे दोपहर में ऑटो से कटनी की ओर रवाना हुए। बताया जा रहा है कि ऑटो जैसे ही पोनियां गांव से आगे बढ़ा, वह तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार भारतपुरी गोस्वामी सहित एक अन्य यात्री नीचे गिरकर वाहन के नीचे दब गए। दोनों को गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य करते हुए घायलों को निकालकर शासकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद भारतपुरी गोस्वामी को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल को उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया है। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

सविता एवेन्यू अपार्टमेंट के सामने बिना अनुमति बनी दुकानों पर चला बुलडोजर

# अवैध निर्माण पर निगम की सख्त कार्रवाई

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा अवैध निर्माणों के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जा रही है। इसी क्रम में आज संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला के वार्ड नं. 66 के अंतर्गत कजरवारा रोड पर एक प्रभावी कार्रवाई की गई। कजरवारा रोड, सविता एवेन्यू ग्रीन अपार्टमेंट के सामने, बिल्डर अनिल मिश्रा द्वारा मुख्य मार्ग के 'फ्रंट मॉस' पर बिना अनुमति निर्मित 2 दुकानों को ध्वस्त किया गया। मुख्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करना और निर्माण नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना।

सविता एवेन्यू ग्रीन अपार्टमेंट के सामने फ्रंट मार्जिन की जगह पर बिल्डर द्वारा व्यावसायिक दुकानों का निर्माण कर लिया गया था, जो नगर निगम के मानचित्र और भवन अनुज्ञा नियमों के विरुद्ध था। विभाग द्वारा नोटिस दिए जाने के उपरांत, आज निगम की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए इन अवैध संरचनाओं को हटा दिया। निगमायुक्त ने बताया कि इस तरह की कार्रवाइयां न केवल शहर के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देती हैं, बल्कि भविष्य में होने वाली यातायात बाधाओं को भी रोकती हैं। वार्ड 66 के निवासियों ने निगम की इस निष्पक्ष कार्रवाई की सराहना की है, जिससे यह संदेश गया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी रसूखदार व्यक्ति या बिल्डर को बख्शा नहीं जाएगा। शहर को व्यवस्थित और सुंदर बनाना हमारी प्राथमिकता है। अवैध निर्माण न केवल नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि यह सार्वजनिक सुविधाओं को भी बाधित करते हैं। भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

अपेक्स कमेटी की मंजूरी के बाद प्रदेश का इकलौता शहर बना जबलपुर

ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर और जलवायु समाधान पर होगा फोकस

# जबलपुर बनेगा 'क्लाइमेट स्मार्ट सिटी' सिटीज 2.0 मिशन में ऐतिहासिक चयन

हरिभूमि जबलपुर।

संस्कारधानी के लिए यह गर्व और उपलब्धि का ऐतिहासिक क्षण है। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली में आयोजित अपेक्स कमेटी की उच्च स्तरीय बैठक में सिटीज 2.0 मिशन के तहत देश के 18 चुनिंदा शहरों को अंतिम मंजूरी दी गई है। इनमें आगरा और जयपुर के साथ जबलपुर का नाम शामिल है। खास बात यह है कि मध्यप्रदेश से जबलपुर एकमात्र शहर है जिसे यह स्वीकृति प्राप्त हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर इस चयन ने जबलपुर की साख को और मजबूत किया है। शहर ने न केवल प्रदेश में बाजी मारी, बल्कि देश में तीसरे स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसे मजबूत प्रोजेक्ट प्लानिंग, प्रशासनिक दक्षता और टीम वर्क का परिणाम माना जा रहा है। स्मार्ट सिटी के चेयरमैन राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने इसे जबलपुर के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि शहर को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम है।

JABALPUR SMART CITY LIMITED

### अब बनेगा 'क्लाइमेट स्मार्ट सिटी'

सिटीज 2.0 मिशन का मुख्य उद्देश्य शहरों को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। जबलपुर को अब 'क्लाइमेट स्मार्ट सिटी' के रूप में विकसित किया जाएगा। बढ़ती गर्मी, अनियमित वर्षा, जल संकट और जलभराव जैसी समस्याओं से निपटने के लिए विशेष परियोजनाएं लागू की जाएंगी। शहर में ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा दिया जाएगा। हरित क्षेत्र का विस्तार, ऊर्जा दक्षता को प्रोत्साहन, पर्यावरण संरक्षण और वर्षा जल प्रबंधन पर विशेष फोकस रहेगा। बारिश के दौरान जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति से बचाव के लिए आधुनिक जल निकासी प्रणाली विकसित की जाएगी। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर को इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि वह जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का सामना कर सके। वहीं, स्मार्ट सिटी के सीईओ अरविंद शाह ने कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विशेष प्रारूप तैयार किए जा रहे हैं, जिससे पारदर्शिता, समयबद्धता और उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित होगी।

### विकास के साथ राष्ट्रीय पहचान

विशेषज्ञों का मानना है कि इस मंजूरी से जबलपुर को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। शहर में निवेश, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के विकास के नए अवसर खुलेंगे। सिटीज 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाएं न केवल विकास को गति देंगी, बल्कि जबलपुर को पर्यावरण अनुकूल, सुरक्षित और भविष्य के लिए तैयार शहर के रूप में स्थापित करेंगी। प्रदेश में अकेले चयनित शहर के रूप में अब जबलपुर अन्य शहरों के लिए उदाहरण बनेगा।

# यूपीआई जनरेट कर 2 बैंक खातों से जालसाजों ने निकाले डेढ़ लाख

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत देवताल निवासी एक एमआर के दो बैंक खातों से अज्ञात जालसाजों ने साईबर फ्राड के जरिए 1 लाख 45 हजार रुपए निकाल लिए। पैसे निकलने के मैसेज भी उसके मोबाइल पर नहीं आए। गत दिवस जब उसने खाते का बैलेंस चैक कराया तब उसे पता चला। गढ़ा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वामी वीरेंद्रपुरी वार्ड देवताल निवासी 45 वर्षीय एमआर विभाष कुमार जैन के एचडीएफसी बैंक मदन महल शाखा के खाता से 74 हजार रूपये तथा एसबीआई आनंदकुंज गढ़ा के खाता से 49 हजार रूपये साईबर फ्राड के जरिये सायबर अपराधियों ने अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। बैंक स्टेटमेंट से पता चला कि यूपीआई आईडी शोभाएडदरेटकेपीएचडीएफसी, निक्कीलोखम99एंड1एडदरेटओकेआईसीआईसीआई, सलमान पटेल 49 हजार पटेलस2548एडदरेटओकेएसबीआई की आईडी से 15-16 मार्च को ट्रांसफर किए गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## हाईकोर्ट ने स्वतंत्रता देते हुए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का किया निराकरण

# मेडिकल से लापता पति की मृत्यु की जांच या मुआवजे की मांग कर सकती है पत्नी

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का यह स्वतंत्रता देते हुए निराकरण कर दिया कि पत्नी लापता पति की मृत्यु की जांच या मुआवजे की मांग कर सकती है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि इस सिलसिले में अलग से दायर की जाने वाली याचिका में वह यह सवाल खड़ कर सकती है कि जब उसके पति की इलाज के लिए भर्ती होने के दूसरे की दिन मृत्यु हो गई थी और लाश लावारिस पड़ी थी, तो इस बारे में उसे अवगत क्यों नहीं कराया गया। इसके स्थान पर शव को अस्पताल के मुर्दाघर से लेकर जाकर दफना क्यों दिया गया।



दरअसल, जबलपुर निवासी प्रीति विश्वकर्मा ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि उसके पति मेडिकल अस्पताल, जबलपुर में इलाज के लिए भर्ती हुए थे। उसके बाद अचानक कहीं गायब हो गए। काफी खोजबीन के बावजूद सुराग नहीं मिला। लिहाजा, पुलिस में शिकायत की गई। लेकिन ठोस कार्रवाई न होने पर हाई कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। हाई कोर्ट ने मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद गढ़ा पुलिस को निर्देश दिया था कि लापता को खोजकर पेश किया जाए। पुलिस ने जांच के उपरांत कोर्ट को जानकारी दी कि याचिकाकर्ता के पति की अगले ही दिन मृत्यु हो गई थी। अस्पताल ने उसे दफना दिया था, क्योंकि कोई भी उसके शव पर दावा करने नहीं आया था। हाई कोर्ट को यह भी बताया गया कि याचिकाकर्ता प्रीति विश्वकर्मा ने अपने पति की पहचान उन कपड़ों से की जो उसने अस्पताल में भर्ती होते समय पहने हुए थे।

### क्या था मामला

दरअसल, याचिकाकर्ता प्रीति ने पुलिस सखी ऐप पर अपने पति के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। गढ़ा पुलिस ने इस शिकायत का संज्ञान लिया था। साथ ही राज्य मानवाधिकार आयोग ने भी इस मामले का संज्ञान लेते हुए एसपी जबलपुर से रिपोर्ट तलब की थी। जब उसके पति का पता नहीं चला, तो हाईकोर्ट चली आई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जबलपुर पुलिस को उसके लापता पति को ढूंढने और कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया था। जबलपुर पुलिस ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता के पति हास्पिटल के सीसीटीवी फुटेज में नहीं दिखे। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि जब तलाश शुरू की गई थी, तब हास्पिटल में लापता पोस्टर लगाए गए थे।

## तीन राज्य पुलिस अधिकारियों को अंतरिम राहत

**जबलपुर।** केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, कैट की खंडपीठ ने तीन राज्य पुलिस अधिकारियों के हक में राहतकारी अंतरिम आदेश पारित किया। कोर्ट ने इन अधिकारियों के भारतीय पुलिस सेवा, आइपीएस केडर में शामिल करने के दावे पर विचार करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच यथास्थिति बकरार रखने की व्यवस्था दी गई है। केंद्र व राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। याचिकाकर्ता जबलपुर में पदस्थ एडिशनल एसपी जितेंद्र सिंह के अलावा सत्येंद्र सिंह तोमर व महेश कुमार वैश्य की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता 1998 बैच के राज्य पुलिस अधिकारी हैं। उन्हें 56 वर्ष की आयुसीमा पार करने के कारण आइपीएस के दावे से बाहर किया जा रहा है। दरअसल, ओवरएज होने की वजह याचिकाकर्ता नहीं हैं बल्कि केंद्र व राज्य शासन ने प्रत्येक पांच वर्ष में किए जाने वाले अनिवार्य कैडर रिव्यू में विलंब किया है। नियमानुसार कैडर रिव्यू 2018 में होना था, लेकिन 2022 में चार वर्ष के विलंब से किया गया। इस विलंब के कारण आवेदक नियत आयुसीमा पार कर दिए। इस वजह से उनका वैधानिक अधिकारी प्रभावित हुआ है। आवेदक 26-27 वर्ष की सेवा पूरी करने के आधार पर आइपीएस कैडर के पात्र हैं। लिहाजा, शासन-प्रशासन के स्तर पर हुए विलंब के लिए उन्हें नुकसान पहुंचाना अनुचित है।

**कैट ने आइपीएस के दावे पर विचार के निर्देश दिए, केंद्र व राज्य शासन सहित अन्य से मांगा जवाब**



नदी घाटों पर चल रहा था अवैध उत्खनन, 2 नाव भी की गईं नष्ट

## जबलपुर में अवैध रेत खनन पर बड़ी कार्रवाई, 3 हाईवा जब्त

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने शहपुरा तहसील के पावला, जुगपुरा और आसपास के नदी घाट क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान ग्राम पावला में अवैध रेत परिवहन में लगे 3 हाईवा (10 पहिया वाहन) जब्त किए गए। सभी वाहनों को सुरक्षा के लिहाज से बेलखेड़ा थाना परिसर में खड़ा कराया गया है।

वहीं, नदी घाटों पर रेत उत्खनन में उपयोग हो रही 2 नावें भी मौके पर मिलीं, जिन्हें विभाग ने नष्ट कर दिया, ताकि भविष्य में उनका इस्तेमाल अवैध खनन में न हो सके।

खनिज अधिकारी ए.के. राय और खनि निरीक्षक विवेकानंद यादव के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने साफ किया है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### मुख्यमंत्रीने वर्चुअली किया शुभारंभ, कैंसर उपचार और रेडियोथेरेपी सेवाओं को मिलेगी नई दिशा

## जबलपुर में 'द विराट विश्वात्मा इंस्टिट्यूट ऑफ रेडियोथेरेपी एंड ट्रीटमेंट' का उद्घाटन

**जबलपुर।** शहर में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त 'द विराट – विश्वात्मा इंस्टिट्यूट ऑफ रेडियोथेरेपी एंड ट्रीटमेंट' का भव्य उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य (टेली कॉन्फ्रेंस माध्यम) में एवं कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। यह संस्थान कैंसर उपचार और रेडियोथेरेपी के क्षेत्र में जबलपुर सहित पूरे महाकौशल क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर इस पहल को प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक से लैस ऐसे संस्थान मरीजों को बेहतर और सुलभ उपचार उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि जबलपुर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और यह संस्थान कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के उपचार में नई आशा प्रदान करेगा। इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव राघवदेवाचार्य जी महाराज एवं पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मिक, विधायक नीरज सिंह लोधी, डॉ. अखिलेश गुमास्ता सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अतिथियों ने संस्थान की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र आधुनिक तकनीक के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराकर क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करेगा।

## हाई पावर्ड इलेक्शन कमेटी ने बहाल किया नामांकन

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल हाई पावर्ड इलेक्शन कमेटी के चेयरपर्सन पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर व सदस्यद्वय पूर्व हाईकोर्ट जज केके त्रिवेदी तथा वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ की बेंच ने नोटरी अधिवक्ता आनंद मोहन चौधरी का नामांकन निरस्त करने का निर्वाचन अधिकारी को पूर्व आदेश निरस्त कर दिया। इसके साथ ही कहा कि अपीलकर्ता नोटरी अधिवक्ता आनंद मोहन चौधरी स्टेट बार चुनाव में प्रत्याशी बने रहेंगे। आवेदक की ओर से अधिवक्ता रवींद्र गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि निर्वाचन अधिकारी द्वारा 17 अप्रैल को पारित आदेश के विरुद्ध हाई पावर्ड कमेटी के समक्ष अपील की गई है। वास्तविकता यह है कि अपीलकर्ता के विरुद्ध दर्ज अपराध सात वर्ष या उससे अधिक सजा से दंडनीय नहीं है। इसलिए उनका प्रकरण बार काउंसिल आफ इंडिया के चुनाव के नियमों अंतर्गत अयोग्यता निर्धारण के दायरे में नहीं आता। हाई पावर्ड कमेटी ने तर्क से सहमत होकर नामांकन निरस्त करने के आदेश को निरस्त कर राहत दे दी।

**नोटरी अधिवक्ता आनंद मोहन चौधरी रहेंगे चुनाव में प्रत्याशी**

### कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने किया गेहूँ खरीदी केंद्र का निरीक्षण

## पहले छोटे किसानों का होगा स्लॉट बुक, धैर्य रखें अन्नदाता

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने पाटन प्रवास के दौरान परमपिता वेयरहाउस स्थित गेहूँ खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण कर उपार्जन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अब तक हुई गेहूँ खरीदी की विस्तृत जानकारी ली और स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया पर आवश्यक चर्चा की।



कलेक्टर ने मौके पर मौजूद किसानों से संवाद कर उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन हर पात्र किसान की उपज खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है।स्लॉट बुकिंग को लेकर किसानों की शंकाओं का समाधान करते हुए श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि पारदर्शी व्यवस्था के तहत सबसे पहले छोटे किसानों के स्लॉट बुक किए जाएंगे, जिसके पश्चात मध्यम और फिर बड़े किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे स्लॉट बुकिंग को लेकर बिल्कुल भी परेशान न हों, क्योंकि समय सीमा के भीतर सभी पात्र किसानों के गेहूँ की खरीदी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम, तहसीलदार सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्हें कलेक्टर ने सुचारू उपार्जन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### साहित्य समाज का मार्गदर्शन करता है, संगीतमय प्रस्तुति के साथ हुआ कृति विमोचन

**जबलपुर।** प्रसंग अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा अपने सफल 33 वर्षों की श्रृंखला में 509 वां आयोजन अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण को शहीद स्मारक रंगमंच, में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में साहित्यकारों, कलाकारों एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। अवसर था स्मृतिशेष श्रीमती राजकुमारी रांधेलिया की कृति ओस की बूंद तथा श्रीमती अर्चना मलैया की कृति बस, इतनी सी बात !! के विमोचन समारोह का जिसके मुख्य अतिथि डॉ.अखिलेश गुमास्ता, अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे एवं विशिष्ट अतिथि डॉ बैजनाथ गौतम के करकमलों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अखिलेश गुमास्ता ने कहा साहित्य समाज का मार्गदर्शन करता है।अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे ने कृतिकारों की सृजनशीलता की सराहना की। समारोह में समालोचक डॉ. इला घोष एवं डॉ.अनामिका तिवारी ने कृतियों की समीक्षा की। इसके साथ ही डॉ. बैजनाथ गौतम एवं डॉ. विमला चौधरी ने भी अपने विचार रखे। तथा मंगल भाव अशोक मनोध्याय संयोजक श्री रामलीला समिति गढ़ा द्वारा प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना डॉ. रानू रूही एवं गणेश वंदना नृत्य श्रीमती स्वाति परेश मोदी तिवारी के निर्देशन में श्रींम कथक पीठ के कला साधकों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## शीतला माई मंदिर के पीछे मिला शव

**जबलपुर।** घमापुर थाना क्षेत्र स्थित शीतला माई मंदिर के पीछे बुधवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह टहलने निकले लोगों ने जब एक व्यक्ति को अचेत हालत में पड़ा देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही घमापुर थाना प्रभारी दिनेश गौतम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। मृतक की पहचान बेलबाग निवासी 50 वर्षीय महेंद्र सिंह ठाकुर के रूप में हुई, मृतक कबाड़ का काम करता था और काम के सिलसिले में इस इलाके में अक्सर आता-जाता रहता था। घटना की खबर मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों के अनुसार महेंद्र लंबे समय से शराब का सेवन करता था। प्राथमिक आशंका जताई जा रही है कि अधिक नशे के कारण उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण स्पष्ट हो सकेंगे। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।


**23 अप्रैल विश्व पुस्तक दिवस पर विशेष**

## पौराणिक कथाओं को नई पीढ़ी के अंदाज़ में लिख रहे निलेश

अनुरोध पटेरिया

**जबलपुर।** भारतीय पौराणिक कथाओं को आधुनिक अंदाज़ में प्रस्तुत करने की कोशिशों के बीच लेखक निलेश पाठक का नाम तेजी से उभर रहा है। परंपरा और कल्पना के संतुलन के साथ वे ऐसी कहानियां लिख रहे हैं जो युवा पाठकों को आकर्षित करती हैं और साथ ही भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से भी जोड़े रखती हैं।

उत्तर प्रदेश के जौनपुर में जन्मे और इंदौर में शिक्षित निलेश पाठक पेशे से ऑटोमोबाइल सेल्स ट्रेनर हैं। पेशेवर जीवन के साथ-साथ उन्होंने लेखन को भी निरंतर जारी रखा।जबलपुर रिड्स समूह द्वारा आमंत्रित किए जाने पर जबलपुर आए नीलेश पाठक ने बताया कि छात्र जीवन से ही उन्हें लिखने का शौक था। शुरुआत छोटी कविताओं और संक्षिप्त रचनाओं से हुई। धीरे-धीरे यह रुचि एक नियमित अभ्यास में बदल गई। साल 2015 के आसपास उन्होंने लेखन को गंभीरता से लेना शुरू किया और कविता, मोनोलॉग सहित कई रचनात्मक प्रयोग किए। इसी दौरान एक ऐसे कथानक की कल्पना आकार लेने लगी जिसने आगे चलकर आयुध माइथोवर्स का रूप लिया।



### सनातन परंपरा से मिली प्रेरणा

पारंपरिक ब्राह्मण परिवार में पले-बढ़े निलेश पाठक पर धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण का गहरा प्रभाव रहा। बचपन से ही महाभारत, रामायण और शिव पुराण जैसे ग्रंथों से उनका जुड़ाव रहा है। विशेष रूप से भगवान शिव की निष्पक्ष दृष्टि और व्यापक चिंतन ने उनके विचारों को प्रभावित किया, जिसकी झलक उनके लेखन में दिखाई देती है। आयुध श्रृंखला पर काम शुरू करने से पहले उन्होंने प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन भी किया। उनका मानना है कि पौराणिक कथाओं को बदले बिना उनके आसपास नए काल्पनिक कथानक रचे जा सकते हैं, जिससे पाठकों को नई कहानी भी मिले और परंपरा का सम्मान भी बना रहे।

### सात-आठ साल की तैयारी से बना 'आयुध माइथोवर्स'

निलेश पाठक की पहली प्रमुख कृति "भस्मांग पर्व" को पूरा होने में लगभग तीन वर्ष लगे। वहीं पूरे आयुध माइथोवर्स की अवधारणा को आकार देने में करीब सात से आठ वर्षों का समय लगा।

यह श्रृंखला पांच भागों में नियोजित है और खासतौर पर युवा पाठकों को ध्यान में रखकर लिखी गई है। इसमें एक्शन, भावनात्मक तत्व और पौराणिक संदर्भों को आधुनिक शैली में प्रस्तुत किया गया है।

पाठकों के बीच इसकी सिनेमाई शैली और सरल भाषा की सराहना की जा रही है। श्रृंखला का अगला भाग "आयुध– निगस पर्व" जल्द आने की संभावना है। इसके साथ ही इसे अंग्रेज़ी संस्करण और ऑडियोबुक के रूप में भी लाने की योजना है। निलेश पाठक की रचनाओं को पाठकों तक पहुंचाने में विचार प्रकाशन की भी महत्वपूर्ण भूमिका है, जो नए और मौलिक लेखन को मंच देने का प्रयास कर रहा है।

**सारे निश्चय पूर्ण कर जाऊंगा मैं,**
**उस के बाद ही नीरवता से मर पाऊंगा मैं,**
**लाख जंजीरे मुझे रोकें भले ही,**
**जग की सारी भीड़ मुझको टोंके भले ही,**
**पैर के छाले भले ही फूट जाएं**
**पर कृपा हो, सारे बन्धन टूट जाए,**
**मुक्त होकर मैं करूँ सर्वत्र विचरण**
**मार दू ऊंची छलांगे बन कर हिरण**
**प्राप्त वो हो जो सदा पर्याप्त हो,**
**साथ परमानंद भी सम्प्राप्त हो**

**सम्भवत: तभी अविमुक्त हो पाऊंगा मैं**
**उसी के बाद ही नीरवता से मर पाऊंगा मैं ।।**
**मुझे अब केवल क्षितिज का सूर्य दिखता है,**
**और उसी की लालिमा की लालसा है**
**विस्मरण कैसे करूँ अपमान को,**
**सर्वस्व अर्पण है प्रतिष्ठा मान और सम्मान को,**
**उठ कर खड़ा हो जाऊं पापा की नज़र में,**
**हो नाम उनका भी मेरे सारे शहर में,**
**सम्भवत: तभी विश्राम कर पाउंगा मैं,**
**उसी के बाद ही नीरवता से मर पाऊंगा मैं ।।**

### संस्कृति को आधुनिक शैली में पढ़ें सकें युवा

"मेरा प्रयास यह नहीं है कि पौराणिक कथाओं को बदला जाए, बल्कि उनके आधार पर नई कहानियां रची जाएं, ताकि युवा पाठक अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए आधुनिक शैली में उन्हें पढ़ सकें।"

— निलेश पाठक

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने लाइसेंस किया निलंबित

## उपयुक्त अनुमति के बिना चल रहे पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्लांट पर कार्रवाई

**जबलपुर।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार विजयनगर स्थित एक पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्लांट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बिना उचित अनुमति के पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का उत्पादन करने वाले इस प्लांट का खाद्य पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने आज बुधवार को एसबीआई कॉलोनी, उखरी रोड, विजयनगर स्थित एक्वा ब्लू वाटर सप्लाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रतिष्ठान में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का उत्पादन बिना अनुमति के किया जा रहा था। प्रतिष्ठान के पास खाद्य पंजीयन तो है, लेकिन यह खाद्य पदार्थों के विक्रय प्रतिष्ठान के प्रकार का है। इस पंजीयन से खाद्य या पेय पदार्थों के निर्माण की अनुमति नहीं है।खाद्य सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक भारत सरकार के 17 सितम्बर 2025 के आदेश के तहत पैकेटबंद पेयजल और मिनरल वाटर का निर्धारित प्रक्रिया से परीक्षण कराना अनिवार्य है, जिसका अनुपालन भी प्लांट संचालक द्वारा नहीं किया गया था।खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं पंजीयन प्राधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे ने खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 31 के अंतर्गत उपयुक्त अनुमति के अभाव तथा निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किये जाने पर एक्वा ब्लू वाटर सप्लाई प्लांट का खाद्य पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान प्रतिष्ठान से खाद्य कारोबार का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।





# महापौर की पहल लाई रंग, जेल के समीप कांचघर मार्ग अब आम जनता के लिए खुला

## एक दिन पूर्व जेल के समीप का मार्ग देखने खुद पहुंचे थे महापौर, आज कराया निराकरण

जबलपुर।

शहर के नागरिकों की सुविधा और सुगम आवागमन को प्राथमिकता देते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने एक और सराहनीय कार्य किया है। महापौर की सक्रियता और प्रशासन के साथ सार्थक संवाद के बाद, जेल के समीप स्थित बाधित कांचघर मार्ग को आम नागरिकों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है।

### जनता की समस्या पर त्वरित एक्शन

विगत दिनों महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने कांचघर क्षेत्र का दौरा कर निरीक्षण किया था। इस दौरान स्थानीय रहवासियों ने उन्हें बताया कि इस मार्ग के बंद होने या प्रतिबंधित होने के कारण उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होती है। नागरिकों की इस जायज



समस्या को महापौर ने गंभीरता से लिया और तत्काल प्रशासन के साथ इस विषय पर चर्चा शुरू की।

### प्रशासन के साथ बनी सहमति

महापौर ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चर्चा कर सुरक्षा मानकों और जनता की सुविधा के बीच समन्वय बिठाया। सार्थक चर्चा के परिणाम स्वरूप यह निर्णय लिया गया कि जनहित में इस मार्ग को निश्चित समय सीमा के लिए खोला जाए।

### प्रशासन द्वारा तय किए गए नए शेड्यूल के अनुसार:

प्रतिदिन सुबह 6:00 बजे से 8:30 बजे तक स्थानीय रहवासी, मॉर्निंग वॉकर्स और विद्यार्थी आवागमन कर सकेंगे।

महापौर ने कहा कि उनका उद्देश्य शहर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना और नागरिकों की छोटी-बड़ी समस्याओं का धरातल पर निराकरण करना है। प्रशासन के सहयोग से कांचघर मार्ग का खुलना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व इस मार्ग को देखने खुद महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू पहुंचे थे और आज उन्होंने समस्या का समाधान निकाल लिया।



# अभिव्यक्ति सिहोरा की बैठक आयोजित

**सिहोरा।** अभिव्यक्ति सिहोरा का द्वितीय वार्षिकोत्सव जून में आयोजित होगा इस संबंध में बैठक का आयोजन भी किया गया जिसमें सिहोरा नगर एवं अन्य संस्थाओं,पत्रकारों आदि की सम्मान सूची तैयार करने के साथ पुस्तक लोकार्पण एंव वर्ष भर की गतिविधियों और संस्था के सदस्यों की देश के विभिन्न आयोजनों में हिस्सेदारी पर भी चर्चा की गई। बैठक अश्वनी कुमार पाठक,विजय बागरी,डॉ.श्रीकृष्ण तिवारी,अधिवक्ता रमेश पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।इस अवसर पर चंद्र किशोर श्रीवास्तव चंदन,सुशील जैन,डॉ.अरुणा पाण्डे,सुशील शर्मा,आशा जैन,सुषमा खरे,लक्ष्मी नारायण पटेल,मुकेश त्रिपाठी,नारायण तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# टक्कर मार कर घायलों को अस्पताल छोड़कर भागा

**जबलपुर।** खमरिया थानान्तर्गत कल शाम लगभग साढ़े 4 बजे प्रियदर्शनी कालोनी मोड़ पर एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटर साइकिल सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। घटना में गाड़ी समेत गिरने से तीनों को चोटें आई है। आरोपी मोटर साइकिल चालक घायलों को ईलाज कराने के बहाने विक्टोरिया अस्पताल ले गया और उन्हें छोड़कर भाग गया। जिसकी तालाश की जा रही है। खमरिया पुलिस ने बताया कि बरगी नगर निवासी सुरेश कुमार चौधरी राजमिस्त्री का काम करता है। वह कल शाम लगभग साढ़े चार बजे अपनी मोटर साइकिल से अपने बेटे सावन चौधरी व भतीजे अनुराग चौधरी को लेकर प्रियदर्शनी कालोनी डुमना साईड देखने के लिए गया था जहां से वापस आते समय प्रियदर्शनी कालोनी मोड़ से मुड़ते ही डुमना तरफ से आ रही मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 एनजे 8795 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए सुरेश की मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। घटना में सुरेश उसका बेटा सावन कुमार व भतीजा अनुराग मोटर साइकिल समेत गिर गये घटना में तीनों को हाथ पैरों में चोटें आयी हैं जिन्हें आरोपी मोटर साइकिल चालक ईलाज कराने का बोलकर अपने साथ विक्टोरिया अस्पताल ले गया जहां उन्हें छोड़कर भाग गया। ईलाज में देरी होने से सावन व अनुराग को उपचार के लिए मेडिजोन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# यज्ञोपवीत संस्कार हेतु पंजीयन प्रारंभ

## 6 मई को होगा सिहोरा में आयोजन

**सिहोरा।** ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार आगामी 6 मई को खितौला के माता महाकाली मंदिर में आयोजित होगा। परम श्रद्धेय गुरुदेव सुरेंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में होने वाले इस आयोजन के पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। समाज के उपाध्यक्ष नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि जो भी पालक अपने बटुकों का संस्कार कराना चाहते है वे 30 अप्रैल तक अपना पंजीयन करा सकते है।

# जनगणना कर्मियों के लिए 5 लाख बीमा की मांग, दुर्घटना पर जताया शोक

**बरेला।** म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ ने जनगणना-2026 के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की है। तहसील अध्यक्ष रजनीश कुमार पाण्डेय ने सागर जिले में ड्यूटी पर जाते समय हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा दुख जताते हुए दिवंगत पटवारी जयकुमार वैद्य के परिवार को क्षतिपूर्ति व अनुकंपा नियुक्ति तथा घायल अतुल कुमार रैकवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। संघ ने बताया कि इसी प्रकार रायगढ़ जिले में जनगणना प्रशिक्षण से लौट रहे शिक्षक हेमसागर कमलवंशी की भी सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। इन घटनाओं से कर्मचारी वर्ग में शोक और चिंता का माहौल है। संघ के पदाधिकारियों, जिनमें जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय सहित देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, शहजाद सिंह द्विवेदी, दालचंद पासी, रजनीश पाण्डेय सहित अन्य सदस्य शामिल हैं, ने मांग की है कि जनगणना जैसे जोखिम भरे कार्य को देखते हुए सभी कर्मचारियों का 5 लाख रुपये का सामूहिक बीमा अनिवार्य किया जाए। संघ ने प्रशासन से अपील की है कि भीषण गर्मी और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य कर रहे कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उनके परिवारों को संबल प्रदान करने हेतु जल्द निर्णय लिया जाए।

# रास्ते में रोककर रंगदारी वसूलने मारा चाकू

जबलपुर। गोरखपुर थाना अतंर्गत रामपुर में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर एक बदमाश ने एक युवक पर चाकू से हमलाकर घायल कर दिया।गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर छापर गुरुद्धारे के पास गोरखपुर निवासी 23 वर्षीय शिवम उर्फ शिवा राव शैलार देर रात लगभग 12.30 बजे मेडिकल दिलखुश ढाबा से खाना खाकर अपने दोस्त एंजिल राबर्ट के साथ मोटर



सायकल से शक्ति नगर वाले रास्ते से घर वापस आ रहे थे नगर निगम कार्यालय के पास से एक आटो में केशू बेन अपने एक साथी के साथ पीछा करते हुए रामपुर आया और उसको रोककर शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगा, मना करने पर गाली गलोज करते हुये चाकू से उस पर हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 126(2), 119(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# सीमित स्थान में ट्रांसको की बड़ी उपलब्धि, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर हुआ ऊर्जीकृत

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के इंजीनियरों ने तकनीकी कौशल और सटीक कार्ययोजना का परिचय देते हुए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 132 केवी जीआईएस सबस्टेशन, ई-8 अरेरा कॉलोनी में सीमित स्थान के बावजूद 20 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक स्थापित कर उसे ऊर्जीकृत किया गया है।जानकारी के अनुसार, जीआईएस (गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन) तकनीक में जगह की कमी के कारण यह कार्य काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इंजीनियरों ने सूक्ष्म योजना और समन्वय से इसे संभव बनाया। एमपी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश शांडिल्य ने बताया कि नए ट्रांसफार्मर के जुड़ने से भोपाल की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता में वृद्धि हुई है और अब रखरखाव के दौरान भी बिजली आपूर्ति निर्बाध रखी जा सकेगी। इस स्थापना के बाद सबस्टेशन की कुल क्षमता बढ़कर 70 एमवीए हो गई है, जिससे राजधानी की बढ़ती विद्युत मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी।

# कॉलेज छात्रा ने बीमारी से तंग आकर लगायी फांसी

**जबलपुर।** कोतवाली थानान्तर्गत आनंद कालोनी बल्देवबाग में एक किराये के मकान में बहन भाई के साथ रहकर बीएससी प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही सिवनी निवासी कॉलेज छात्रा ने कल सुबह बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पूछताछ के दौरान पता चला कि कॉलेज छात्रा महिला संबंधी बीमारी से पीड़ित थी। जिससे तंग आकर उसने फांसी लगा ली। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लेते हुए प्रकरण विवेचना में लिया गया है। घटना के संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि छपारा सिवनी निवासी कपिल बरमैया आनंद कालोनी बल्देवबाग में अपनी बहन स्वर्णलता बरमैया तथा चचेरी बहन कणिका के साथ किराये का मकान लेकर पिछले 6-7 माह से रह रहा है। कपिल बीटेक का कोर्स कर रहा है उसकी बहन स्वर्णलता बीएससी प्रथम वर्ष की पढ़ाई करती है कल सुबह लगभग 10 बजे स्वर्णलता ने अपने भाई कपिल को जगाया और बोली कि वह कपड़े धोने जा रही है। दोपहर लगभग 1 बजे कपिल उठा तो देखा कि स्वर्णलता कहीं दिखायी नहीं दे रही है। उसने देखा कि बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद था कटखटाने पर कोई आवाज नहीं आई तो उसने हाथ डालकर अंदर से बाथरूम का दरवाजा खोला तो देखा कि उसकी बहन स्वर्णलता चुनरी से फांसी लगाकर लटकी हुई थी। जिसे उसने अपनी चचेरी बहन कणिका के साथ मिलकर फांसी से उतारा और ईलाज के लिए तत्काल गैलेक्सी अस्पताल ले गये जहां डाक्टर ने चैक कर स्वर्णलता को मृत घोषित कर दिया।

# जनगणना अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण का जायजा

## प्रगणकों को 'स्व-गणना' के लिए प्रेरित किया

**सिहोरा।** पुलिस थाने के पास स्थित सामुदायिक भवन में जनगणना प्रशिक्षण केंद्र में जनगणना अधिकारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती जयश्री चौहान के संयोजन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करने जनगणना अधिकारियों की उच्च स्तरीय टीम पहुंची। इस दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रगणकों और पर्यवेक्षकों से सीधा संवाद किया।




प्रशिक्षण में मुख्य रूप से बलवंत सिंह राहंगडाले अतिरिक्त जनगणना अधिकारी,अशोक चौबे जनगणना निदेशालय भोपाल,मनोज नथानी भारत सरकार के मास्टर ट्रेनर जबलपुर संभाग अशोक उपाध्याय प्राचार्य सीएम राइज स्कूल अधिकारियों ने प्रशिक्षक संदीप तिवारी एवं अखिलेश मांझी द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण का सूक्ष्मता से फीडबैक लिया। अधिकारियों ने प्रगणकों से जनगणना प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न पूछे जिसका प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। प्रगणकों ने बताया कि उन्हें बहुत ही सरल और प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित किया गया है जिससे वे जनगणना के तकनीकी पहलुओं को पूरी तरह समझ चुके हैं। उपस्थित अधिकारियों ने सभी से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में भ्रमण कर नागरिकों को 30 अप्रैल तक 'स्व-गणना' करने हेतु प्रेरित करें।

इस अवसर पर जनगणना प्रभारी सुशील श्रीवास्तव सहित योगेंद्र मिश्रा,अमित श्रीवास्तव, धीरेंद्र पाण्डे,वृषभान सिंह,शोभना राजपूत, आराधना यादव,रोशनी चौरसिया,ज्योति हल्दकार, मंजू दुबे,ममता ठाकुर और श्वेता पांडे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थी एंव कार्य व्यवस्था में सुशील वर्मा,मनोज खम्परिया, विजय बैगा, चमन श्रीवास,रवि बर्मन,इम्तियाज़ खान,संतोष तिवारी,संजय पाठक गगन पटेल,सुजीत पटेल,राहुल ठाकुर,आनंद नामदेव,अनिकेत तिवारी, संदीप श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## सिहोरा खितौला वासियों ने एकजुट होकर किया

# खितौला में रेलवे फाटक बंद होने के विरोध में धरना आन्दोलन आज

**सिहोरा।** पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा सिहोरा मंझगवा खितौला रोड़ में बने समपार पाटक 336 किमी 1029/22-24 को सडक यातायात हेतु आज 23 अप्रैल गुरुवार से स्थाई रूप से बंद करने के आदेश ने क्षेत्रीय जनों के लिए एक नई समस्या खड़ी कर दी है । यह समस्या अब खितौला बस्ती की न होकर सम्पूर्ण सिहोरा खितौला वासियों की समस्या बन गई है तथा इसी ने सभी को एक जुट भी कर दिया है । आज रेलवे फाटक के पास दोपहर 3 बजे से धरना प्रदर्शन आन्दोलन की तैयारी भी चल रही है। फाटक बंद होने की खबर से जहां सभी सिहोरा खितौला के राजनैतिक दलों क्षेत्र वासियों ने लामबंद होकर मुखर विरोध शुरु कर दिया है वहीं एकजुट होकर फाटक बंद करने विरोध में कलेक्टर एसडीएम,एसडीओपी को ज्ञापन सौंपने के साथ मंत्री,सांसद विधायक से भी सम्पर्क किया है। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि खितौला के वार्ड नं. 16,17,18 के आम लोगो की आने जाने के लिये 3 किमी का चक्कर




लगाना पडेगा साथ ही ओवर ब्रिज में स्टीट लाइट न होने के कारण रात में लूट व अपराधिक घटनायें घटने के साथ समय व आर्थिक रूप से हानि होगी साथ ही दुर्घटनायें होने की संभावना बनी रहेगी।और इसी कारण आमजन रात में ओवर ब्रिज से आना जाना नहीं करते है।इसी तरह यहां करीब दस हजार की आबादी निवास करने के साथ स्कूल कालेज के छात्र छात्राओं के साथ उस तरफ से इस तरफ भी छोटे बच्चे साईकिल से पढ़ने आते हैं साथ ही अंतिम यात्रा भी यहीं से जाती है। सारे लोग खरीददारी करने इसी फाटक से पैदल चलकर खितौला बाजार आते हैं। सभी का कहना है की रेलवे का यह आदेश वे स्वीकार नहीं करेंगे।

# बरेला में सफाई व्यवस्था पर सवाल वार्डों में लगे कचरे के ढेर

**बरेला।** नगर परिषद द्वारा शहर में बेहतर सफाई व्यवस्था और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के दावों के बावजूद हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। नगर के विभिन्न वार्डों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे अघोषित कचरा घर बन गए हैं। जानकारी के अनुसार, नगर परिषद हर महीने लाखों रुपये खर्च कर सफाई व्यवस्था चला रही है। इसके लिए करीब आधा सैकड़ा सफाई कर्मचारी, दो कचरा गाड़ियां और 2-3 ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाए गए हैं। बावजूद इसके वार्ड नंबर 2 में लोकसागर तालाब से श्मशान घाट रोड, हुबी साहू की कुलिया (वार्ड 6), अरविंद तिवारी के घर के



सामने मेन रोड (वार्ड 2) और वार्ड 14 में बजरंग बाल विहार के आगे सिलगौर रोड पर नियमित रूप से कचरे के ढेर देखे जा सकते हैं। सड़क किनारे पड़े कचरे को जानवर इधर-उधर फैला देते हैं, जिससे राहगीरों को परेशानी होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई-कई दिनों तक कचरा नहीं उठाया जाता और सफाई कर्मचारी मनमर्जी से काम करते हैं। जबकि नगरवासियों से स्वच्छता कर भी वसूला जा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद के सफाई प्रभारी और सीएमओ द्वारा वार्डों का नियमित निरीक्षण नहीं किया जाता, जिसके चलते व्यवस्था बिगड़ी हुई है। कचरे के ढेरों के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है।



**श्री सुरेंद्र कुमार दुबे-** बाई का बगीचा घमापुर निवासी प्रेसकर्मी श्री सुरेंद्र कुमार दुबे (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जयंती लाल चावड़ा-** वैशाली परिसर नर्मदा नगर गौरीघाट रोड निवासी जयंती लाल चावड़ा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लीलाधर यादव-** कांचघर चौक विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री लीलाधर यादव (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरीश चांदवानी-** शुभम रेसीडेंसी तिलहरी निवासी श्री हरीश चांदवानी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शीला रानी अग्रहरि-** गुड़हाई मिलौनीगंज निवासी श्री रामनाथ अग्रहरि की धर्मपत्नी श्रीमती शीला रानी अग्रहरि (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरि शंकर नामदेव-** बीटी तिराहा गढ़ा निवासी श्री हरि शंकर नामदेव (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कोमल बाई प्रजापति-** बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री भोला प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती कोमल बाई प्रजापति (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुमन शुक्ला-** नर्मदा नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री रामभान शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन शुक्ला (55) का निधन हो गया।




अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ललिता बाई अहिरवार-** चौधरी मोहल्ला भानतलैया निवासी श्री रूप लाल अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता बाई अहिरवार (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गुणवंती-** बड़ी ओमती पेशकारी मस्जिद के पास निवासी श्री इंदरदास की धर्मपत्नी श्रीमती गुणवंती (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली पाल-** बिहारी मोहल्ला सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री मोतीलाल पाल की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली पाल (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री उमा शर्मा-** शिवनगर गढ़ा रेलवे क्रासिंग के पास निवासी श्री धूपन शर्मा की पुत्री सुश्री उमा शर्मा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दसोदा-** रेतनाका कचंनपुर रोड गौरीघाट निवासी मोहन की धर्मपत्नी श्रीमती दसोदा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रमेश प्रसाद-** आनंद नगर भिलाई दुर्ग निवासी श्री रमेश प्रसाद (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गणेश प्रसाद चौबे-** जोगनी नगर रामपुर निवासी श्री गणेश प्रसाद चौबे (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अरविंद मिश्रा-** एमआईजी 22 पुनीत नगर अधारताल निवासी श्री अरविंद मिश्रा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

## खबर संक्षेप

### अकासा एयर के बेड़े में शामिल हुआ नया विमान



**नई दिल्ली।** अकासा एयर ने एक बोइंग 737 मैक्स 8-200 विमान की आपूर्ति प्राप्त की है। इसके साथ उसके बेड़े में विमानों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है। चार महीनों में सात विमान शामिल किए जा चुके हैं। अगस्त 2022 में उड़ान शुरू करने वाली इस एयरलाइन कंपनी ने कहा कि लगातार बेड़े में हो रही बढ़ोतरी से उसका नेटवर्क और मजबूत होगा।

### टेक महिंद्रा के लाभ में 16 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** कंपनी टेक महिंद्रा का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत बढ़कर 1,353.8 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी 2024-25 की चौथी (मार्च) तिमाही में मुनाफा 1,166.7 करोड़ रुपये रहा था। परिचालन आय 12.6 प्रतिशत बढ़कर 15,076.1 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 13,384 करोड़ रुपये थी।

### पांच लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन शुरू



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से एलपीजी की आपूर्ति पर बने दबाव के बीच मार्च से अब तक देश में पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) के 5.01 लाख से अधिक नए कनेक्शनों में आपूर्ति शुरू हो चुकी है, जबकि 5.68 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने नए कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है।

### आईएचसीएल ने हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया पूरा



**नई दिल्ली।** टाटा समूह की इकाई इंडियन होटल्स कंपनी ने अपनी अनुषंगी कंपनियों के साथ मिलकर लगभग 222 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ ब्रिज हॉस्पिटलिटी में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। जानकारी के मुताबिक इस अधिग्रहण के बाद ब्रिज अब इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी बन गई है।

### पोस्को दो दशक बाद ओडिशा वापस लौटेगी: सरकार



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में करीब दो दशक पहले स्थानीय विरोध के कारण अपनी बड़ी परियोजना छोड़ चुकी दक्षिण कोरिया की दिग्गज इस्पात कंपनी पोस्को अब राज्य में वापसी करने जा रही है। कंपनी जेएसडब्ल्यू समूह के साथ मिलकर एक नई इस्पात परियोजना लगाएगी। उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव हेमंत शर्मा ने यह जानकारी दी।

### अजंता फार्मा के पैठण संयंत्र पर जारी हुई टिप्पणियां



**नई दिल्ली।** दवा कंपनी अजंता फार्मा को अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने महाराष्ट्र के पैठण स्थित उसके संयंत्र के निरीक्षण के बाद फॉर्म-483 के तहत पांच टिप्पणियां जारी की हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यूएसएफडीए ने 13 से 21 अप्रैल 2026 के दौरान पैठण स्थित उसके विनिर्माण संयंत्र का निरीक्षण किया और इसके पूरा होन के बाद पांच टिप्पणियों के साथ फॉर्म-483 जारी किया। अजंता फार्मा ने कहा कि वह निर्धारित समयसीमा के भीतर यूएसएफडीए को जवाब देगी।

# ओटीपी की अब छुट्टी, 15,000 तक के ऑटो पेमेंट के लिए नहीं डालना होगा ओटीपी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने डिजिटल पेमेंट्स को और सुरक्षित बनाने के लिए ई-मैंडेट से जुड़े नए नियम जारी किए हैं। इन गाइडलाइंस को डिजिटल पेमेंट ई-मैंडेट फ्रेमवर्क 2026 नाम दिया गया है और ये तुरंत लागू कर दिए गए हैं। इन गाइडलाइंस के तहत अब बार-बार होने वाले ट्रांजैक्शन के लिए अतिरिक्त ऑथेंटिकेशन फैक्टर (एएफए) यानी ओटीपी जैसी सुरक्षा प्रक्रिया को जरूरी बनाया गया है। बात करें ई-मैंडेट की तो ई- मैंडेट एक ऐसी सुविधा है, जिसमें ग्राहक पहले से किसी पेमेंट की अनुमति दे देता है, जिससे तय समय पर अपने आप ही पैसे कट जाते हैं। यह रकम फिक्स भी हो सकती है और बदलती हुई भी, लेकिन बदलती रकम में अधिकतन लिमिट तय करने का ऑप्शन मिलेगा।

- अतिरिक्त ऑथेंटिकेशन फैक्टर ओटीपी जैसी सुरक्षा प्रक्रिया जरूरी बनाया

## आरबीआई ने पेमेंट्स सुरक्षित बनाने ई-मैंडेट से जुड़े नियम जारी किए

### ओटीपी कब जरूरी होगा?

हर ट्रांजैक्शन पर 15 हजार रुपए तक पेमेंट बिना ओटीपी के हो सकता है। अगर आप 15 हजार से ज्यादा के ट्रांजैक्शन करते हो तब एएफए (ओटीपी) जरूरी होगा। वहीं अगर इंश्योरेंस, म्यूजुअल फंड और क्रेडित कार्ड बिल के लिए 1 लाख रुपए तक बिना ओटीपी पेमेंट की अनुमति होगी।



### पहला ट्रांजैक्शन कैसे होगा?

अगर बाते करें पहले ट्रांजैक्शन की तो ये हमेशा एएफए के साथ ही होगा। वहीं अगर रजिस्ट्रेशन के टाइम ही पेमेंट होता है तो दोनों प्रक्रिया एक साथ पूरी की जा सकती है।

### किन मामलों में नोटिफिकेशन जरूरी नहीं?

फास्टटेग और नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) के बैलेंस को अपने-आप फिर से भरने (आटोफिनिश) के लिए रजिस्टर किए गए ई-मैंडेट के लिए, लेन-देन से पहले की सूचना की जरूरत नहीं है।

### नोटिफिकेशन और कंट्रोल

बता दें कि हर ट्रांजैक्शन से कम से कम 24 घंटे पहले ग्राहक को सूचना दी जाएगी। इस नोटिफिकेशन में मर्चेंट का नाम, पैसे, तारीख और टाइम जैसी सभी जानकारी होगी। ग्राहक एसएमएस या फिर ईमेल से नोटिफिकेशन पाने का ऑप्शन चुन सकता है।

*बदलाव और कैंसिलेशन के नियम क्या है?* *मैंडेट में अगर आपको बदलाव या उसे बंद करना हो तो उसके लिए एएफए जरूरी होगा। ग्राहक किसी भी ट्रांजैक्शन को रोक सकता है। आउट-पुट की प्रक्रिया भी एएफए से वैलिडेट होगी।*

### वस्त्र मंत्रालय ने वर्ष 2025-26 के लिए जारी की रिपोर्ट

# भारत का वस्त्र निर्यात 2025-26 में 2.1 प्रतिशत बढ़कर 3.16 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हस्तशिल्प सहित देश का वस्त्र निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 2.1 प्रतिशत बढ़कर 3.16 लाख करोड़ रुपये हो गया। 2024-25 में यह 3.09 लाख करोड़ रुपये था। वस्त्र मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह वृद्धि उस समय हुई जब समूचे वित्त वर्ष के अधिकतर समय क्षेत्र को उसके सबसे बड़े निर्यात गंतव्य अमेरिका द्वारा लगाए गए ऊंचे शुल्क का सामना करना पड़ा। अमेरिका ने जवाबी शुल्क व्यवस्था दो अप्रैल 2025 को 10 प्रतिशत से लागू की और यह दर निरंतर तेजी से बढ़ती गई। भारत के लिए दरें सात अगस्त 2025 तक 25 प्रतिशत और 28 अगस्त तक 50 प्रतिशत हो गईं जो फरवरी 2026 की शुरुआत तक इसी स्तर पर बनी रहीं। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लागू किया।

### 120 से अधिक देशों को निर्यात

न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर लगाए गए व्यापक शुल्क को खारिज कर दिया था। मंत्रालय ने कहा कि यह प्रदर्शन भारतीय वस्त्र उत्पादों की स्थिर वैश्विक मांग और प्रमुख उत्पाद श्रेणियों में क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को दर्शाता है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के दौरान सालाना आधार पर 120 से अधिक गंतव्यों में निर्यात वृद्धि दर्ज की गई जो भौगोलिक विस्तार का संकेत है।



- वर्ष 2024-25 में यह 3.09 लाख करोड़ रुपए था
- अतिकतर समय क्षेत्र को अमेरिका के ऊंचे शुल्क का सामना करना पड़ा
- अमेरिका ने जवाबी शुल्क व्यवस्था दो अप्रैल 2025 से लागू की



### प्रमुख बाजारों में अमीरात व जर्मनी रहे

प्रमुख बाजारों में संयुक्त अरब अमीरात (22.3 प्रतिशत), ब्रिटेन (7.8 प्रतिशत), जर्मनी (9.9 प्रतिशत), स्पेन (15.5 प्रतिशत), जापान (20.6 प्रतिशत), मिस्र (38.3 प्रतिशत), नाइजीरिया (21.4 प्रतिशत), सेनेगल (54.4 प्रतिशत) और सूडान (205.6 प्रतिशत) में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। प्रमुख खंडों में सिले हुए वस्त्रों (आरएमजी) का सबसे अधिक योगदान रहा जिसका निर्यात 1.35 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 1.39 लाख करोड़ रुपये हो गया, यानी 2.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### ब्रिटेन और यूरोपीय संघ बाजार की ओर रुख

*चेयरमैन ने कहा कि भविष्य में ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे प्रमुख बाजारों के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते प्रतिस्पर्धात्मकता और बाजार पहुंच बढ़ाकर निर्यात को महत्वपूर्ण बढ़ावा देंगे। शक्तिवेल ने कहा कि साथ ही, लागत दबाव से निपटने और निर्यात गति बनाए रखने के लिए योजनाओं के माध्यम से नीतिगत समर्थन जारी रहना जरूरी होगा। आने वाले वर्ष में यह क्षेत्र मजबूत वृद्धि के लिए अच्छी स्थिति में है।*

*हथकरघा उत्पादों का निर्यात स्थिर रहा* *सूती धागे, कपड़े, तैयार माल और हथकरघा उत्पादों का निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में स्थिर रहा। ये 0.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.02 लाख करोड़ रुपये रहा। मानव निर्मित धागे, कपड़े और तैयार उत्पादों में 3.6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई जिसमें निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 41,196 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 के दौरान 42,687.8 करोड़ रुपये हो गया।*

**हाथ से बने कालीन ने सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की :** मूल्य-वर्धित खंडों में हस्तशिल्प (हाथ से बने कालीन को छोड़कर) ने सबसे अधिक 6.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जो 2024-25 के 14,945.5 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 15,855.1 करोड़ रुपये हो गया।

# जापान का व्यापार घाटा 1,700 अरब येन पहुंचा

एजेंसी ⏭ टोक्यो

जापान का वित्त वर्ष 2025-26 में व्यापार घाटा 1700 अरब येन (10.7 अरब डॉलर) रहा। सरकार ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि लगातार पांचवें वित्त वर्ष में व्यापार घाटा दर्ज किया गया है।

वित्त मंत्रालय के अनुसार, निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि आयात केवल 0.5 प्रतिशत बढ़ा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जापान और अन्य देशों से आयात पर लगाए गए ऊंचे शुल्क वैश्विक मोटर वाहन विनिर्माताओं और अन्य उद्योगों के लिए बड़ा झटका साबित हुए हैं।

गत वित्त वर्ष में अमेरिका को जापान का कुल निर्यात 6.6 प्रतिशत घटा जबकि मोटर वाहन निर्यात में 16 प्रतिशत की गिरावट आई।मार्च में जापान का व्यापार अधिशेष एक साल पहले की तुलना में हालांकि 26 प्रतिशत बढ़ा, जो निर्यात क्षेत्र के पिछले झटकों से उबरने का संकेत है। मार्च में निर्यात लगभग 11.7 प्रतिशत और आयात करीब 10.9 प्रतिशत बढ़ा।



- लगातार पांचवें वित्त वर्ष में दर्ज किया घाटा
- वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निर्यात चार प्रतिशत बढ़ा

### जापान पूरे तेल व गैस जरूरतों का आयात करता है

इस बीच, ईरान युद्ध से पश्चिम एशिया से तेल आपूर्ति में बाधा की आशंका भी जापान के लिए चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि वह लगभग अपनी पूरी तेल और गैस जरूरतों का आयात करता है। ऊर्जा के अलावा, तेल की कमी नेफ्था आधारित उत्पादों के उत्पादन को भी प्रभावित कर सकती है जो चिकित्सा आपूर्ति एवं अन्य प्लास्टिक के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### आपात स्थिति के लिए 254 दिन का तेल भंडार

जापानी सरकार ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा है कि देश के पास ऐसी आपात स्थिति के लिए 254 दिन का तेल भंडार है। आपूर्ति को स्थिर रखने के लिए सरकार इस भंडार से कुछ आपूर्ति कर सकती है। जापान इसके अलावा एशिया के अधिकतर तेल एवं गैस की आपूर्ति के मुख्य मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य का विकल्प भी तलाश रहा है।

# इंडक्शन चूल्हे के उपकरणों पर सीमा शुल्क कटौती पर विचार

- मिड ईस्ट संकट के बीच सरकार घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा दे रही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सरकार घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और पश्चिम एशिया संकट के बीच कीमतों में वृद्धि से निपटने के लिए इंडक्शन चूल्हे के महत्वपूर्ण उपकरणों पर सीमा शुल्क में कटौती करने पर विचार कर रही है।

एक अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने इन चूल्हे को और अधिक किफायती बनाने के लिए इन पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने की सिफारिश भी की है। पश्चिम एशिया संकट ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य से तेल और गैस ले जाने वाले जहाजों की आवाजाही को बाधित कर दिया है, जिससे रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसके चलते लोग इंडक्शन यानी इलेक्ट्रिक चूल्हे और इसके अनुकूल बर्तन खरीद रहे हैं।

इंडक्शन कुकटॉप क्षेत्र में मांग-आपूर्ति की चुनौतियों से निपटने और आपूर्ति एवं कीमतों को स्थिर करने के लिए उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने वाणिज्य विभाग और बिजली मंत्रालय के साथ मिलकर हितधारकों के साथ परामर्श किया है।


## जापान को अमोनिया की आपूर्ति करेगी एलएंडटी



**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने जापान की इटोचू कॉरपोरेशन के साथ कांडला (गुजरात) में प्रस्तावित संयंत्र से हर साल तीन लाख टन हरित अमोनिया की आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक समझौता किया है। कंपनी ने बुधवार को बीएसई को दी सूचना में बताया कि यह समझौता एलएंडटी की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एलएंडटी एनर्जी ग्रीनटेक लिमिटेड (एलटीईजीएल) द्वारा किया गया है। इटोचू वस्त्र, मशीनरी, धातु, खनिज, ऊर्जा, रसायन, खाद्य एवं सामान्य उत्पादों सहित विभिन्न वस्तुओं के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय व्यापार, आयात-निर्यात में सक्रिय है। कांडला से होने वाली आपूर्ति इटोचू के सिंगापुर और अन्य स्थानों पर 'बंकरिंग' संचालन को समर्थन देगी।

# चांदी 2,700 रुपए फिसली और सोना 300 रुपए टूटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- चांदी फिसलकर 2 .55 लाख रुपए किलो पर आई
- सोने की कीमत टूटकर 1.57 रुपए प्रति दस ग्राम

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को अमेरिका-ईरान शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता के बीच सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जबकि चांदी 2,700 रुपये फिसलकर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये टूटकर 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई, क्योंकि अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत की योजना विफल हो गयी। हालांकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघर्ष विराम की अवधि बढ़ा दी है।''

गांधी ने कहा कि प्रगति की कमी ने अनिश्चितता को बढ़ाए रखा, जिससे कच्चे तेल और डॉलर की कीमतों को समर्थन मिला, जबकि कीमती धातुओं के लिए यह एक बाधा साबित हुआ।

### ट्रंप के विरोधाभासी बयान से बाजार में अस्थिरता

हालांकि, संघर्ष विराम की अवधि बढ़ाने के संबंध में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरोधाभासी बयानों ने बाजार में अस्थिरता को बढ़ाए रखा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक घटनाक्रमों से मिल रहे मिश्रित संकेत सभी संपत्ति श्रेणियों में अनिश्चितता पैदा कर रहे हैं, जिससे सोने की कीमतों में तेज लेकिन अल्पकालिक उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

# सेंसेक्स 757 अंक फिसला निफ्टी भी नुकसान में बंद

एजेंसी ⏭ मुंबई

पश्चिम एशिया संकट जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी और आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार में तीन दिनों से जारी तेजी बुधवार को थम गई। सेंसेक्स में करीब 757 अंकों की गिरावट रही जबकि निफ्टी 198 अंक टूट गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी और पश्चिम एशिया में लंबे समय तक अस्थिरता की आशंका से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 756.84 अंक टूटकर 78,516.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 831.03 अंक तक लुढ़क गया था। इसी तरहनिफ्टी 198.50 अंक यानी 0.81 प्रतिशत गिरकर 24,378.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर में 10.85 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। कंपनी के मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को प्रभावित नहीं कर सके और बिकवाली तेज हो गई। इसके अलावा इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक भी नुकसान में रहे।



- शेयर बाजार में तीन दिनों की तेजी पर लगा विराम
- मिड ईस्ट संकट जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी
- आईटी शेयरों में भारी बिकवाली दर्ज की गई

*निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित : लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा, /"अमेरिका-ईरान वार्ता ठप होने से पश्चिम एशिया में दीर्घकालिक अस्थिरता की आशंका बढ़ने से निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई। इसके साथ ही कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहने से मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता पर दबाव बढ़ा है।*

### ब्रेंट क्रूड बढ़कर 99.72 डॉलर प्रति बैरल

अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.26 प्रतिशत बढ़कर 99.72 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,918.99 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

# टेस्ला ने भारत में लांच की इलेक्ट्रिक एसयूवी 'वाईएल'

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माता टेस्ला ने बुधवार को अपना छह सीटों वाला इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल 'वाईएल' भारत में पेश किया जिसकी कीमत 61.99 लाख रुपये है।

यह अमेरिकी कंपनी की भारत में दूसरी पेशकश है। कंपनी ने पिछले साल मॉडल 'वाई' के साथ भारतीय बाजार में कदम रखा था। टेस्ला इंडिया के महाप्रबंधक शरद अग्रवाल ने कहा कि कंपनी ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप चार्जिंग अवसंरचना को विकसित करेगी और वाईएल मॉडल के जरिए प्रीमियम एसयूवी खंड में पकड़ मजबूत करने का लक्ष्य है। कंपनी चालू तिमाही में सेवा और बॉडी शॉप नेटवर्क का विस्तार करते हुए पश्चिम बंगाल और हैदराबाद, चेन्नई एवं अहमदाबाद शहरों में अपनी उपस्थिति बढ़ाएगी।

- छह सीटों वाली इस एसयूवी की कीमत 61.99 लाख रुपए
- अमेरिकी कंपनी टेस्ला की भारत में यह दूसरी पेशकश



*पांच सुपरचार्जर स्टेशन स्थापित : अग्रवाल ने कहा, /"भारत में चार्जिंग नेटवर्क विकसित करना कंपनी की प्राथमिकता है और अब तक पांच सुपरचार्जर स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। आने वाले महीनों में दिल्ली, चंडीगढ़, जयपुर, अहमदाबाद, पुणे, बेंगलुरु और चेन्नई को सुपरचार्जर नेटवर्क से जोड़ा जाएगा।/"*

## कृत्रिम हाइड्रोकार्बन के मिश्रण की राह हुई आसान

# सरकार ने दी विमानन ईंधन में एथेनॉल मिश्रण की मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने विमानों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन एटीएफ में एथनॉल और कृत्रिम हाइड्रोकार्बन के मिश्रण की अनुमति दे दी है लेकिन इसके लिए अभी कोई लक्ष्य तय नहीं किया गया है। एक सरकारी अधिसूचना से यह जानकारी मिली है। आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा) के तहत एटीएफ विपणन नियमन आदेश, 2001 में संशोधन के बाद यह कदम उठाया गया है। इससे एटीएफ की परिभाषा का दायरा बड़ा हो गया है जिससे कृत्रिम हाइड्रोकार्बन के मिश्रण की राह आसान हो गई है।

- फिलहाल इसके लिए कोई अनिवार्य मिश्रण लक्ष्य तय नहीं



### ब्रिटेन, जापान मिश्रण को अनिवार्य बना रहे

वैश्विक स्तर पर ब्रिटेन एवं जापान जैसे देश टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) के मिश्रण को अनिवार्य बना रहे हैं। यह ईंधन अपशिष्ट तेल, कृषि अवशिष्ट, शहरी कचरे और अन्य नवीकरणीय स्रोतों से तैयार किया जाता है। इसे कृत्रिम या मानव-निर्मित हाइड्रोकार्बन भी कहा जाता है।

### मिश्रण लक्ष्य अभी तय नहीं

हालांकि, फिलहाल इसके लिए कोई अनिवार्य मिश्रण लक्ष्य तय नहीं किया गया है। पुराने आदेश में संशोधन के तहत एटीएफ को अब ऐसे हाइड्रोकार्बन मिश्रण के रूप में परिभाषित किया गया है, जो आईएस 1571 मानकों के अनुरूप हो या आईएस 17081 मानकों के तहत कृत्रिम हाइड्रोकार्बन के साथ मिश्रित हो। इससे नई तरह के ईंधन को शामिल करने का रास्ता साफ हुआ है।

### कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाना

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की तरफ से जारी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के मुताबिक, एटीएफ की परिभाषा का विस्तार कर उसमें सिंथेटिक हाइड्रोकार्बन के साथ मिश्रण को शामिल किया गया है। इस कदम का उद्देश्य उत्सर्जन में कमी लाना और कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाना है।

### वर्ष 2027 तक एक प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य

भारत ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए वर्ष 2027 तक एक प्रतिशत, 2028 तक दो प्रतिशत और 2030 तक पांच प्रतिशत एसएएफ के मिश्रण का लक्ष्य रखा है।

हालांकि, घरेलू उड़ानों में ईंधन के मिश्रण

## चिंतन

# दवाओं को सुरक्षित और प्रभावी बनाना बेहद जरूरी

भारत में दवाओं की गुणवत्ता पर उठते सवाल अब सिर्फ स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं रहे, यह सीधे-सीधे जन-जीवन, भरोसे और अर्थव्यवस्था पर हमला है। बीमारी जब किसी व्यक्ति को जकड़ती है तो वह केवल शारीरिक पीड़ा नहीं देती, बल्कि पूरे घर से लेकर राष्ट्र तक की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है। किसी भी व्यक्ति का बीमार होना घर पर बोझ बढ़ाता है। फिर यही बोझ राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को परिलक्षित करता है। इसका दुःखद पहलू यह है कि भारत में बड़े पैमाने पर घटिया और नकली दवाएं बनाकर बेची जा रही हैं, जिनसे बीमार व्यक्ति ठीक होने की बजाय बीमारी में और फंस जाता है। यह समस्या एक व्यक्तिगत त्रासदी से बढ़कर राष्ट्रीय संकट तक बन जाती है। लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन घटिया और नकली (सबस्टैंडर्ड) दवाएं लगातार बाजार में उपलब्ध हैं। हाल ही की घटनाएं इस भयावह सच को उजागर करती हैं। गुरुग्राम में वजन घटाने वाले नकली मोंजारो इंजेक्शन की बरामदगी, कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की दवा में सस्ती एंटी-फंगल दवा मिलाना, कफ सिरप से बच्चों की मौत और कोरोना काल में नकली रेमडेसिविर की कालाबाजारी ये सब आईसोलेटेड घटनाएं नहीं, बल्कि एक संगठित और खतरनाक तंत्र की ओर इशारा करती हैं। यह तंत्र न केवल कानून को धता बता रहा है, बल्कि इंसान की जिंदगी को मुनाफे के तराजू पर तौल रहा है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की हालिया जांच में 141 दवाओं के सैंपल फेल होना इस संकट की गंभीरता को और गहरा करता है। 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' घोषित की गई इन दवाओं में रोजमर्रा की बीमारियों से लेकर कैंसर और हृदय रोग तक की दवाएं शामिल हैं। साफ है कि खतरा हर घर तक पहुंच चुका है। यह सिर्फ किसी एक राज्य या क्षेत्र की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश में फैला हुआ एक मकड़जाल है, जो नियामक व्यवस्था की कमजोरियों का फायदा उठा रहा है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस अवैध कारोबार में अब चिकित्सा तंत्र के भीतर के लोग भी शामिल पाए जा रहे हैं। दिल्ली में कैंसर की नकली दवाओं के गिरोह का भंडाफोड़ इस बात का प्रमाण है कि जब व्यवस्था के अंदर बैठे लोग ही भरोसे को तोड़ने लगें, तो हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। खाली शीशियों में सस्ती दवा भरकर लाखों में बेचना केवल आर्थिक अपराध नहीं, यह मानवता के खिलाफ अपराध है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में नकली और घटिया दवाएं बाजार तक पहुंच कैसे रही हैं? जवाब है निगरानी तंत्र की कमी, कानून के क्रियान्वयन में ढिलाई और सजा का भय न होना। जब तक दोषियों को त्वरित और कठोर दंड नहीं मिलेगा, तब तक ऐसे गिरोह फलते-फूलते रहेंगे। वहीं, आम जनता को भी जागरूक बनाना होगा। दवा खरीदते समय बिल लेना, पैकेजिंग की जांच करना और संदिग्ध दवाओं की सूचना देना, ये छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। यह जिम्मेदारी केवल नागरिकों पर डालकर सरकार अपने कर्तव्यों से मुक्त नहीं हो सकती। दवा सिर्फ एक उत्पाद नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम है। अगर इस क्षेत्र में भरोसा टूटता है, तो पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा जाएगी। इसलिए अब आधे-अधूरे उपायों का समय बीत चुका है। जरूरत है दवाओं के प्रति सतर्कता, मजबूत निगरानी तंत्र, निर्णायक, कठोर और पारदर्शी कार्रवाई की, ताकि नकली दवाओं के इस काले कारोबार पर लगाम लगाई जा सके। तभी देश का हर नागरिक निश्चिंत होकर इलाज करा सकेगा और 'स्वास्थ्य' वास्तव में 'विश्वास' का पर्याय बन पाएगा।

# लोकतंत्र की गरिमा-भाषाई मर्यादा का संकट



मुद्दा
अम्बरीष प्रजापति

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में राजनीतिक विमर्श को हमेशा एक वैचारिक रूप में देखा गया है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रकृति में एक भयावह बदलाव आया है। लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं होता, बल्कि यह संवाद, विमर्श और सम्मानजनक असहमति की एक सुसंस्कृत व्यवस्था है। किसी भी लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती इस बात पर टिकी होती है कि उसके प्रतिनिधि सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे के प्रति किस तरह के व्यवहार और भाषा का प्रदर्शन करते हैं। परंतु, वर्तमान भारतीय राजनीति के परिदृश्य पर दृष्टि डालें तो एक भयावह सत्य उभरकर सामने आता है। वह सत्य है- राजनीतिक विमर्श का निरंतर गिरता स्तर।

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में राजनीतिक विमर्श को हमेशा एक वैचारिक रूप में देखा गया है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रकृति में एक भयावह बदलाव आया है। लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं होता, बल्कि यह संवाद, विमर्श और सम्मानजनक असहमति की एक सुसंस्कृत व्यवस्था है। किसी भी लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती इस बात पर टिकी होती है कि उसके प्रतिनिधि सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे के प्रति किस तरह के व्यवहार और भाषा का प्रदर्शन करते हैं। परंतु, वर्तमान भारतीय राजनीति के परिदृश्य पर दृष्टि डालें तो एक भयावह सत्य उभरकर सामने आता है। वह सत्य है- राजनीतिक विमर्श का निरंतर गिरता स्तर। कुछ दिन पहले कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जिस तरह से देश के सर्वोच्च पद पर आसीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 'आतंकवादी' शब्द का प्रयोग किया, इससे पहले भी मौत का सौदागर, तानाशाह, नीच व बिच्छू जैसे विशेषणों का प्रयोग विपक्षी दलों द्वारा किया गया है, उसने न केवल लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाई है, बल्कि भाषाई मर्यादा के गहरे संकट को भी उजागर किया है। यह समस्या केवल एक पक्ष तक सीमित नहीं है, बल्कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही इस दलदल में समान रूप से धंसे हुए नजर आते हैं, जहां तर्कों की जगह कुतर्कों और मुद्दों की जगह व्यक्तिगत लांछनों ने ले ली है।

किसी भी राष्ट्र के प्रधानमंत्री के लिए 'आतंकवादी' जैसे शब्द का प्रयोग करना केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है, बल्कि उस संवैधानिक पद और जनमत का अपमान है जिसने उस व्यक्ति को चुना है। जब विपक्ष के बड़े नेता अपनी रैलियों में इस तरह की उग्र और अमर्यादित भाषा का सहारा लेते हैं, तो वे भूल जाते हैं कि वे समाज में वैमनस्य के बीज बो रहे हैं। आतंकवादी वह होता है जो निर्दोषों का लहू बहाता है और राज्य की संप्रभुता को चुनौती देता है। एक निर्वाचित प्रतिनिधि को, चाहे उसकी नीतियां कितनी भी विवादास्पद क्यों न हों, इस श्रेणी में खड़ा करना भाषाई दिवालियापन की पराकाष्ठा है। यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि राजनीति में अब विरोध का अर्थ केवल नीतिगत आलोचना नहीं रह गया है, बल्कि प्रतिद्वंद्वी का चरित्र हनन करना और उसे जनता की नजरों में एक अपराधी के रूप में पेश करना मुख्य उद्देश्य बन गया है। दुर्भाग्यवश, यह भाषाई गिरावट एकतरफा नहीं है, बल्कि सत्ता पक्ष के नेताओं की ओर से भी समय-समय पर विपक्ष के प्रति ऐसी टिप्पणियां की गई हैं जो किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार कर सकती हैं। सत्ता पक्ष के जिम्मेदार नेताओं द्वारा विपक्ष को देशद्रोही, विदेशी एजेंट, शहरी नक्सल, दीदी ओ दीदी, दीमक और आंदोलनजीवी कह देना भी उसी दूषित मानसिकता का हिस्सा है। जब राजनीतिक दल अपने विरोधियों को शत्रु समझने लगते हैं, तो संवाद के दरवाजे बंद हो जाते हैं। भारतीय संसद और विधानसभाओं के भीतर से लेकर सोशल मीडिया के डिजिटल गलियारों तक, आज भाषा के जो अस्त्र इस्तेमाल हो रहे हैं, वे किसी भी लोकतांत्रिक मर्यादा की परिधि से बाहर हैं।

नेताओं के बीच शब्दों का चयन अब शालीनता की कसौटी पर नहीं, बल्कि इस बात पर तय होता है कि कौन सा शब्द अधिक से अधिक सुर्खियां बटोर सकता



है और समर्थकों की भीड़ को उत्तेजित कर सकता है। इतिहास साक्षी है कि भारत के राजनीतिक आकाश में अटल बिहारी वाजपेयी, इंदिरा गांधी,पंडित दीनदयाल उपाध्याय, सुषमा स्वराज, डॉ. भीमराव अंबेडकर और राम मनोहर लोहिया जैसे दिग्गज रहे हैं, जिनके बीच वैचारिक मतभेद हिमालय की तरह ऊंचे थे, लेकिन उनके शब्दों में एक गरिमा और मर्यादा होती थी। संसद व चुनावी सभाओं में तीखे प्रहार होते थे, लेकिन उन प्रहारों में भी एक साहित्यिक लालित्य और संसदीय शिष्टाचार होता था। आज के दौर में वह शिष्टाचार कहीं खो गया है। आज के नेताओं के लिए भाषा अब विचार व्यक्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक हिंसक हथियार बन गई है। जब बड़े नेता मंच से नीच, नालायक या जहर की खेती जैसे शब्दों का उच्चारण करते हैं, तो वे अपनी युवा पीढ़ी को क्या संदेश दे रहे हैं? वे एक ऐसी संस्कृति का निर्माण कर रहे हैं, जहां असहमति का उत्तर केवल गाली और अपमान से दिया जाता है। इस भाषाई संकट का सबसे नकारात्मक प्रभाव आम जनता और समाज की मानसिकता पर पड़ता है। राजनीतिज्ञ समाज के लिए रोल मॉडल होते हैं। जब वे सार्वजनिक जीवन में मर्यादाओं का उल्लंघन करते हैं, तो समाज के निचले स्तरों पर भी वैसी ही कटुता और असहिष्णुता घर कर लेती है। सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और हिंसक बहसें इसी भाषाई पतन का विस्तार हैं। राजनीति में हार-जीत तो चलती रहती है, लेकिन जो शब्द एक बार बोल दिए जाते हैं, वे समाज के मानस पटल पर स्थायी घाव छोड़ देते हैं। प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना या विपक्ष के नेता को अपमानजनक उपनामों से पुकारना, अंततः देश की लोकतांत्रिक परिपक्वता को विश्व पटल पर कमजोर करता है। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन संवैधानिक पद तथा संस्थाओं की गरिमा और भाषाई शुचिता का बना रहना जरूरी है। लोकतंत्र में आलोचना प्राणवायु की तरह है, लेकिन आलोचना का आधार तथ्य और तर्क होने चाहिए, न कि गालियां और व्यक्तिगत आक्षेप। यदि विपक्ष सरकार की नीतियों से असहमत है, तो उसे आंकड़ों और ठोस तर्कों के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। इसी प्रकार, सत्ता पक्ष को भी विपक्ष के अस्तित्व का सम्मान करना चाहिए और उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अवसर देना चाहिए। जब तक राजनीति में प्रतिद्वंद्वी और शत्रु के बीच का अंतर स्पष्ट नहीं होगा, तब तक इस भाषाई संकट से मुक्ति मिलना असंभव है। अंततः, यह जिम्मेदारी केवल नेताओं की ही नहीं, बल्कि मतदाताओं की भी है। जब तक जनता अमर्यादित भाषा बोलने वाले नेताओं को पुरस्कृत करती रहेगी और उनकी रैलियों में तालियां बजाती रहेगी, तब तक राजनीतिक दल अपनी शैली बदलने के लिए प्रेरित नहीं होंगे।


हमें एक ऐसे राजनीतिक परिवेश की आवश्यकता है, जहां विचारों का संघर्ष हो, शब्दों का युद्ध नहीं। लोकतंत्र की गरिमा तभी सुरक्षित रह सकती है जब भाषा में शालीनता हो, व्यवहार में विनम्रता हो और विरोध में भी सम्मान का पुट हो। प्रधानमंत्री पद की गरिमा और विपक्ष की भूमिका, दोनों ही लोकतंत्र के दो पहिए हैं। यदि इनमें से किसी के प्रति भी भाषाई अनाचार होता है, तो वह पूरे लोकतंत्र के ढांचे को हिला देता है। सभी राजनीतिक दल एक साथ मिलकर एक आचार संहिता बनाएं और यह सुनिश्चित करें कि चुनावी जीत की होड़ में वे अपनी सभ्यता और भाषाई विरासत को पीछे न छोड़ दें। लोकतंत्र को बचाने के लिए केवल संविधान की रक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस भाषा की रक्षा भी जरूरी है जो हम एक-दूसरे के प्रति प्रयोग करते हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## यातायात

प्रमोद भार्गव



# दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते राजमार्ग

निःसंदेह देश में अच्छे और चौड़े राजमार्ग उत्कृष्ट विकास के प्रतीक हैं। सड़कें मानव विकास की जीवन रेखाएं हैं। देश की आर्थिक स्थिति सुधरने के साथ-साथ सड़कों के निर्माण का जाल बिछ गया है। ग्रामों से मुख्य मार्गों को जोड़ने वाली सड़कें भी बड़ी संख्या में बनी हैं, लेकिन उसी अनुपात में वाहन तो बढ़े ही, उनकी रफ्तार भी बढ़ गई। नशे में भी लोग वाहन बेधड़क चलाने लग गए। अतएव उच्च तकनीक की सहायता से निर्मित किए गए एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग उसी अनुपात में दुर्घटनाओं का कारण बनते चले जा रहे हैं। सीमेंट और कंक्रीट की बनी सड़कें दुर्घटनाओं को ज्यादा आमंत्रित कर रही हैं, क्योंकि इन सड़कों पर वाहन जितनी जल्दी रफ्तार पकड़ते हैं, उतनी जल्दी नियंत्रित नहीं होते हैं। ऐसे में ब्रेक लगाना वाहन पलटने का कारण बन जाता है। साफ है, सुविधाजनक चार और छह लाइन की सड़कें सुरक्षित सफर की कसौटी नहीं रह गई हैं। देश में राष्ट्रीय राजमार्ग केवल दो प्रतिशत हैं, किंतु सड़क हादसों में होने वाली मौतों की कुल संख्या में इनका प्रतिशत 30 है। इसकी चिंता करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र, राज्य सरकारों और संबंधित सड़क प्राधिकरणों को सड़कों को सुरक्षित बनाने के दिशा-निर्देश दिए है। देश में सड़क दुर्घटनाओं को लेकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, बीते वर्ष की तुलना में 4.2 प्रतिशत हादसे बढ़ गए, इनमें जान गंवाने वालों की संख्या भी बढ़ गई।

साल 2019 में देश में 4.56 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1.59 लाख लोग मारे गए। 2020 में कोरोना काल के चलते आवागमन लगभग बंद था, इसलिए हादसे भी कम हुए, परंतु 2021 में करीब 4.2 लाख, 2022 में 4.61 लाख और 2023 में 4.80 लाख दुर्घटनाएं हुईं और इन हादसों में करीब 8 लाख से ज्यादा लोग मारे गए। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। लिहाजा शासन-प्रशासन ने बड़े हादसों का ठीकरा वाहनों की तेज रफ्तार पर फोड़कर अपनी चिंता पूरी कर ली। चिंता की बात है कि आखिर ये हादसे क्यों हो रहे हैं? केंद्र सरकार ने नवंबर 2022 में जानकारी दी थी कि देशभर में हुई कुल सड़क दुर्घटनाओं में 32.9 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे पर घटी हैं। इनकी वजह तेज गति रही है। सवाल है कि जब तेज रफ्तार से हादसे हो रहे हैं, तो इन्हें रोकने के उपाय क्या किए जा रहे हैं। पश्चिमी देशों में तो गति रडार लगाए गए हैं। व्यावसायिक वाहनों में भी स्पीड गवर्नर लगाने की योजना है, लेकिन वह ठंडे बस्ते में पड़ी हैं। यह योजना इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम है।

इसे वाहन की ईंधन प्रदाय प्रणाली से जोड़ा जाता है, जो गति बढ़ाने के लिए अतिरिक्त तेल इंजन में जाने ही नहीं देती है। दुर्घटनाओं के बढ़ने का एक बड़ा कारण देश को कार और दो पहिया वाहनों से पाट देना भी है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर होटल और भोजनालयों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इनके सामने वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े कर दिए जाते हैं। इसी सिलसिले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि संबंधित प्राधिकरण और नियंत्रक एजेंसियां इस स्थिति को सुधारने का प्रयत्न करें। वैसे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात पुलिस की नियमित गष्त का प्रावधान है, लेकिन लापरवाही के चलते गष्तीदल दिखते ही नहीं हैं। अब तक यह आम धारणा बनी हुई है कि सड़क हादसे राजमार्गों पर अधिक होते हैं, किंतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एक नई तस्वीर पेश की है। इससे पता चला है कि राजमार्गों से कहीं अधिक हादसे भीतरी सड़कों पर भी होने लगे हैं। ग्रामीण इलाकों में जब से ट्रैक्टर, बाइक और कार-जीपों की संख्या बढ़ी है, तब से इन छोटे समझे जाने वाले मार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बीते दो दशकों के भीतर गांव-गांव सड़कें पहुंची हैं और उसी तादाद में वाहन भी बढ़े हैं। सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं में शराब पीकर वाहन चलाना, नाबालिग बाइकर्स का सड़कों पर बेलगाम होना भी है। वहीं देश में बढ़ते सड़क हादसों के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों में भी तलाशे जा रहे हैं। दरअसल, देश में हरेक साल करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और चार से पांच लाख घायल होते हैं, उनमें ज्यादातर युवा होते हैं। दूसरी तरफ सरकार राजमार्गों पर ऐसे स्थल तलाश रही है, जहां अधिकतम दुर्घटनाएं होती हैं। इसके बाद इन स्थलों पर ऐसे सुधार किए जाएंगे,जिससे घटनाएं कम हों। यदि सड़क पर गति को नियंत्रित नहीं किया गया तो सड़क हादसों में मरने वाले लोगों की संख्या इतनी बढ़ जाएगी कि शायद आबादी नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन की जरूरत ही नहीं रह जाएगी? सड़कों से वाहन कम किए बिना दुर्घटनाओं से छुटकारा मुश्किल है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# योग : कर्मसु कौशलम



संकलित
दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

# महिला के शुभ कदम



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछा- केले और सेवफल क्या भाव लगाऐ है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आयी और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदार- केले 5 रु. दर्जन और सेब 25 रु. किलो। औरत ने कहा-जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहा- ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े दे दूं। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूं। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोला-यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान हो जाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आखिर क्यों टूट रहे हैं छात्र

भारतीय तकनीकी शिक्षा के प्रतिष्ठित संस्थान, जिन्हें कभी 'सपनों की फैक्टरी' कहा जाता था, आज कई युवाओं के लिए मानसिक दबाव के कारखाने बनते जा रहे हैं। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में महज़ दो महीनों के भीतर चार छात्रों की आत्महत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह केवल चार जिंदगियों का अंत नहीं, बल्कि एक ऐसे तंत्र की विफलता है जो प्रतिभा को तराशने के बजाय उसे तोड़ रहा है। फरवरी से अप्रैल 2026 के बीच हुई ये घटनाएं अलग-अलग नहीं हैं, बल्कि एक खतरनाक सिलसिले का संकेत देती हैं, जहां एक घटना के बाद दूसरी घटना घटती चली जाती है, जैसे निराशा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक फैल रही हो। सवाल यह है कि छात्र क्यों आत्महत्याएं कर रहे हैं।

*- विकास यशकीर्ति, भिवानी*

## करंट अफेयर


# पाक के हवाई क्षेत्र में भारतीय विमान कंपनियों पर प्रतिबंध

पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को मंगलवार को एक महीने के लिए और बढ़ा दिया। पाकिस्तान ने 24 अप्रैल, 2025 से भारतीय उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद रखा है, जिससे भारतीय विमानन कंपनियों को अरबों रुपये का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने 'नोटिस टू एयरमेन' (नोटम) में कहा है कि 'सभी भारतीय-पंजीकृत, पट्टे पर लिए गए, वाणिज्यिक और सैन्य विमानों को 24 मई, 2026 को सुबह पांच बजे तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।' यह नोटिस पिछले नोटिस की समय सीमा 24 अप्रैल समाप्त होने से कुछ दिन पहले जारी किया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्पन्न तनाव के चलते पाकिस्तान ने भारतीय विमानन कंपनियों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। भारत ने आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया था। हालांकि, पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और पारदर्शी जांच की मांग की। इसके जवाब में भारत ने भी पाकिस्तानी विमानन कंपनियों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया। पाकिस्तान ने भारत पर पहली बार इस तरह के प्रतिबंध लगाए।



## ऑफ बीट

# डिजिटल तकनीक प्रौद्योगिकी आपका समय चुरा रही



प्रौद्योगिकी अमूमन हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए होती है। स्मार्ट फोन दुनिया को हथेली के आकार की खिड़की प्रदान करते हैं, जिससे हम एक बटन के स्पर्श से लगभग कुछ भी करने में सक्षम हो जाते हैं। स्मार्ट घर अपनी देखभाल खुद करते हैं, और आभासी बैठकों का मतलब है कि कई लोगों के लिए, आने-जाने में बिताया गया समय अतीत की बात हो गई है। तो इसका मतलब यह है कि हमारे पास अधिक खाली समय होना चाहिए। जो समय अब सोने, आराम करने या कुछ भी न करने में व्यतीत हो रहा है - ठीक है? यदि यह विचार कि आपके पास पहले से कहीं अधिक समय है, आपको कुछ सोचने पर मजबूर कर रहा है, तो आप अकेले नहीं हैं। इस बात के बढ़ते सबूत हैं कि डिजिटल तकनीक हमें कुछ समय बचाने में मदद कर सकती है, लेकिन हम उस समय का उपयोग ज्यादा से ज्यादा काम करने में करते हैं। हमने हाल ही में पूरे यूरोप में 300 लोगों का साक्षात्कार लिया, यह समझने के लिए कि वे दैनिक जीवन में डिजिटल उपकरणों का उपयोग कैसे करते हैं। इस शोध से पता चला कि लोग अपने जीवन में खाली समय से बचना चाहते हैं, इसलिए इस दौरान वह उन कार्यों को पूरा करते हैं, जिनमें से कुछ प्रौद्योगिकी के बिना संभव नहीं होंगे।

## ट्रेंड

### टीएमसी की सरकार गिरेगी



तृणमूल कांग्रेस ने पिछले 15 वर्षों में बंगाल को 50 साल पीछे धकेल दिया है। दशकों से युवाओं को रोजगार से वंचित रखा गया है, किसानों की उपज की कालाबाजारी की गई दमदम में उमड़ रहा उत्साह इस बात का संकेत दे रहा है कि जनविरोधी तृणमूल कांग्रेस की यह सरकार गिरने वाली है।

**-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### कांग्रेस की मानसिकता



कांग्रेस पार्टी के लोग अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इन लोगों से कुछ भी कहना समय की बर्बादी है। और जब समय आएगा, तो कांग्रेस का आज जो हाल है, कल उनका हाल उससे भी बदतर होगा।

**-रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### ममता दीदी को समर्थन



ममता दीदी से मैंने उनके प्रति एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया। वह एक बेहद कठिन लड़ाई लड़ रही हैं, जो लोकतंत्र के लिए सबसे महत्वपूर्ण लड़ाइयों में से एक है। मोदी जी हारेंगे, चाहे उन्होंने सभी संस्थानों का दुरुपयोग ही क्यों न किया हो।

**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### विनम्र श्रद्धांजलि



पहलगाम आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले 26 नागरिकों को बरसी पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। देश निर्दोष नागरिकों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा और न ही क्षमा करेगा। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तमिलनाडु में किया रोड शो, अविनाशी विधानसभा में की जनसभा

# जनता का उत्साह बता रहा तमिलनाडु में विकास एवं सुशासन का कमल खिलेगाः सीएम डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को तमिलनाडु में एनडीए प्रत्याशी डॉ. प्रेम कुमार एवं केंद्रीय मंत्री व एनडीए प्रत्याशी डॉ. एल मुरूगन के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तमिलनाडु की बहनें नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाली कांग्रेस व डीएमके को सबक सिखाएं। तमिलनाडु की जनता का उत्साह बता रहा है कि यहां विकास व सुशासन का कमल खिलेगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस और डीएमके पार्टी ने देशभर के साथ तमिलनाडु की बहनों का भी अधिकार छीना है।



तमिलनाडु में रोड शो करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व भाजपा प्रत्याशी।

### जनता पर डंडे बरसाने वाली सरकार को सबक सिखाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तमिलनाडु देश में मंदिरों की राजधानी है। जब भी कोई सनातन पर्व होता है, तमिलनाडु की डीएमके की भ्रष्टाचार में डूबी सरकार कर्फ्यू लगाकर हमारी धार्मिक यात्राओं में शामिल श्रद्धालुओं व आमजन पर डंडे बरसाती है। कांग्रेस और डीएमके इसलिए महिलाओं का विरोध कर रही हैं कि कहीं 'अम्मा' जे. जयललिता जैसा महिला नेतृत्व समाज की सेवा के लिए आगे न आने पाए। 'अम्मा' जे जयललिता महिलाओं के साथ हर समाज वर्ग के कल्णाण के लिए हमेशा संकल्पित थीं। कांग्रेस और डीएमके ऐसे राजनीतिक दल हैं जो गरीब परिवार की बेटियों को राजनीति में सक्रिय नहीं होने देना चाहते हैं।

### एनडीए में सामान्य कार्यकर्ता मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बनते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस और डीएमके परिवारवादी पार्टियां हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए में सामान्य कार्यकर्ता मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचते हैं। एनडीए सरकारों द्वारा गरीब, निर्धन, सामान्य और हर समाज वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। आप सभी देवतुल्य जनता एनडीए प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाकर तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनाएं।

### उमड़ा जनसमूह, सीएम का पुष्पवर्षा से स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नमक्कल जिले के राशिपुरम एवं तिरूपुर जिले के अविनाशी विधानसभा में रोड शो कर एनडीए प्रत्याशियों के लिए जनता का आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री के रोड शो में हजारों की संख्या में जनसमूह उमड़ा पड़ा। सड़क के दोनों ओर हजारों की संख्या में लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

### नारी सम्मान का समर्थन

तमिलनाडु विधानसभा का यह चुनाव परिवारवाद से खिलाफ और नारी सम्मान के समर्थन का है। जनता का उत्साह बता रहा है कि तमिलनाडु परिवर्तन के लिए तैयार है। भाजपा तमिलनाडु में ऐतिहासिक बहुमत से सरकार बनाएगी। कांग्रेस और डीएमके ने तमिलनाडु की बहनों के विकास का रास्ता भी रोका है। अब तमिलनाडु की बहनें उन्हें सबक खिाएगी।

## खबर संक्षेप



### तिवारी बने मानवाधिकार संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष

**भोपाल।** मानवाधिकार सुरक्षा संरक्षण ऑर्गेनाईजेशन के भोपाल स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में मंगलवार को महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई। संगठन द्वारा राहुल तिवारी को मध्य प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति पत्र डॉ. श्रीकांत अवस्थी (राष्ट्रीय सचिव), राकेश चतुर्वेदी (प्रदेश संरक्षक), अरुण द्विवेदी (प्रदेश अध्यक्ष), विकास लोधी (जिला उपाध्यक्ष) एवं राजू बगद्रे द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया। तिवारी की इस उपलब्धि पर ब्राह्मण समाज ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### नेशनल एग्जिट टेस्ट 2030 से कराने की मांग

**भोपाल।** भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) ने आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी समेत सत्र 2021-22 में प्रवेशित आयुष छात्रों के लिए नेशनल एग्जिट टेस्ट (नेक्स्ट) मार्च 2027 माह में कराने का पत्र जारी किया है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन ने यह राष्ट्रीय परीक्षा वर्ष 2030 से कराने की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि आयुष छात्रों को यूजी डिग्री के पश्चात नेशनल एग्जिट टेस्ट पास करने के पश्चात ही प्रैक्टिस अथवा पीजी में प्रवेश के लिए योग्य माने जाएं। बिना एग्जिट टेस्ट पास किए बगैर इनका भविष्य बाधित होगा। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि ये छात्र पहले ही नीट परीक्षा, यूजी डिग्री के दौरान तीन प्रॉफ में तीन परीक्षाएं पास करेंगे। फिर नेक्स्ट परीक्षा का तुरंत दबाव उचित नहीं कहा जा सकता है। बहुत बड़ी विडंबना है कि एमबीबीएस मेडिकल छात्रों के लिए इसी तरह का नेक्स्ट एग्जाम फिलहॉल स्थगित है। देशभर के 2021-22 बैच के 50 हजार से ज्यादा आयुष छात्र प्रभावित हो रहे हैं।

### भारतीय विदेश सेवा के अफसरों की जैन से भेंट

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मुख्य सचिव ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के दौरान 18 नीतियों में हुए सकारात्मक बदलाव और उससे बदले औद्योगिक परिवेश की जानकारी मंत्रालय में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों के साथ चर्चा में दी। अधिकारियों का यह दल अध्ययन के लिए मध्यप्रदेश आया हैं।

## सिविल सर्विस डे पर प्रशासन अकादमी में मुख्य सचिव ने अफसरों को दी सलाह

# नियम अपनी जगह हैं, उन नियमों के पीछे छिपी आम जनता की जरूरतों को समझना सबसे ज्यादा जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि नियम अपनी जगह हैं, लेकिन उन नियमों के पीछे छिपे आम जनता के चेहरे और उनकी जरूरतों को समझना सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि अक्सर प्रशासन में यह विरोधाभास होता है कि हम 'रूल बेस्ड' होकर काम करते हैं। फाइल के पीछे के व्यक्ति को नजरअंदाज कर देते हैं।

उन्होंने कहा कि जब नागरिक अपनी महत्वपूर्ण आवश्यकता लेकर आता है, तब हमारे 'इनोवेटिव हेड' की भूमिका शुरू होती है। अफसर ब्लाइंडली रूल फॉलो न करें। मुख्यमंत्री जैन मंगलवार को सिविल सर्विस डे के मौके पर प्रशासन अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद थे। मुख्य सचिव जैन ने कहा कि यदि कोई नियम समय के साथ अपनी उपयोगिता खो चुका है, या जनता के लिए परेशानी का सबब बन रहा है, तो हमें उसे बदलने के लिए पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा रोल एक 'फैसिलिटेटर' का होना चाहिए। प्रशासन को 360 डिग्री के नजरिए से चीजों को समझना होगा। विशेषकर जो युवा अधिकारी फील्ड में हैं, उन्हें रोजाना ऐसी विसंगतियां दिखती हैं।





कार्यक्रम में अधिकारियों को सम्मानित करते मंत्री काश्यप और मुख्य सचिव अनुराग जैन।

### मप्र पोर्टल पर सबसे ज्यादा अपलोड करने वाला राज्य बना

मुख्य सचिव ने कहा कि मप्र आज देश में सबसे ज्यादा पोर्टल पर डालने वाला राज्य बन गया है, जहां सभी 55 विभागों के हर अफसर की जिम्मेदारी और उसके लिए जरूरी ट्रेनिंग को मैप किया है। प्रशासनिक मूल्यों पर बात करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि पॉलिसी एडमिनिस्ट्रेशन में 'फेयरनेस' हमारी कोर वैल्यू होनी चाहिए। बिना एथिक्स और डेमोक्रेटिक गवर्नेंस के पब्लिक सर्विस की कल्पना नहीं की जा सकती। हर अधिकारी के हर एक्शन में निष्पक्षता अनिवार्य रूप से झलकनी चाहिए।

### मंत्री ने सुनाया पूर्व मुख्य सचिव के चुनावी चंदे का हिसाब देने का किस्सा

प्रभारी मंत्री काश्यप ने पूर्व मुख्य सचिव सुशील चंद्र वर्मा से जुड़ा एक संस्मरण सुनाया। उन्होंने बताया कि जब वे स्वयं एक उद्योगपति थे, दो करोड़ की इंडस्ट्री लगा रहे थे, तब तत्कालीन मुख्य सचिव वर्मा ने व्यक्तिगत रुचि लेकर जमीनी स्तर पर छोटी-छोटी बाधाओं को दूर किया था। किस्सा और भी रोचक तब हुआ जब रिटायरमेंट के बाद वर्मा ने चुनाव लड़ा। काश्यप ने बताया कि वे उनके पास गए और शगुन के तौर पर 11 हजार रुपए दिए। चुनाव जीतने के बाद जब वे बधाई देने पहुंचे, तो पूर्व मुख्य सचिव ने अपने सहयोगी से लिफाफा मंगवाया। उसमें से बचे हुए करीब 2700 रुपए काश्यप को वापस कर दिए। सिर्फ पैसे ही नहीं, बल्कि वर्मा जी ने एक कागज का पुर्जा भी दिया जिसमें पाई-पाई का हिसाब था कि कितनी बार रिक्शे के पैसे दिए और कितने खर्च हुए।

### आज के बदलते परिवेश में बदलाव की आवश्यकता

मुख्य सचिव ने कहा कि ऐसे में सिस्टम को यह समझने की जरूरत है कि जब वह नियम बना था, तब शायद वह सही था, लेकिन आज के बदलते परिवेश में उसमें बदलाव की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने आगाह किया कि पॉलिसी लेवल पर काम करते समय हमें शॉर्टकट से बचना चाहिए, क्योंकि आज का छोटा रास्ता भविष्य में बड़ी मुश्किलें पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि हर कर्मचारी पोर्टल पर दर्ज करें। उन्होंने उस प्रचलित अवधारणा को तोड़ने का संदेश दिया, जिसमें सिविल सर्विस डे को केवल उच्च नौकरशाही से जोड़कर देखा जाता है। यह दिन केवल आईएएस अफसरों का नहीं है, बल्कि मप्र सरकार के पेरोल पर मौजूद उन सवा सात लाख सरकारी कर्मचारियों और आईगॉट (आईगॉट) पोर्टल पर दर्ज लाखों अन्य कर्मियों का है, जो अंतिम छोर पर खड़े नागरिक की सेवा कर रहे हैं।

### नवाचार हर बार उपयोगी नहीं होता

भोपाल के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने नवाचार (इनोवेशन) की होड़ के बीच एक नया नजरिया पेश किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में नवाचार से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हमारे वर्तमान कार्यों की गुणवत्ता और उनकी निरंतरता है। 'नवाचार हर बार उपयोगी नहीं होते, बल्कि वे नियम और व्यवस्थाएं ही सबसे ज्यादा हितकारी हैं जो जनता के लिए नियमितता बनाए रखें।' उन्होंने एक उदाहरण देते हुए समझाया कि किसी भी अच्छी सेवा या अभियान को सात दिन के लिए जोश के साथ चलाना आसान है, लेकिन उस गुणवत्ता को साल भर और निरंतर बनाए रखना ही असली चुनौती और लोक सेवा की सफलता है।



## प्रेम, शांति और विश्व बंधुत्व का देगा संदेश

# पारिवारिक संस्कृति, सद्भावना रथ को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**एक वर्ष तक चलेगा जन जागरण अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा में ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से संचालित किए जा रहे पारिवारिक संस्कृति व प्रेम, शांति एवं सद्भावना रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान समाज में प्रेम, शांति और भाईचारे की भावना को सशक्त करेगा तथा प्रदेश में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। प्रेम, शांति और विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर गांव-गांव तक भ्रमण करने वाले रथ से एकता, प्रेम, सद्भावना व नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजागृति रथ में स्थापित 12 ज्योतिर्लिंगों के दिव्य स्वरूपों की पूजा-अर्चना की। रीवा के राजनिवास सर्किट हाउस में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जन जागरण अभियान की प्रशंसा की।

### विवाह समारोह में शामिल हुए सीएम



सीएम डॉ.मोहन यादव ने लखनऊ में पूर्व मंत्री उप्र और प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह के परिवार में हुए विवाह समारोह में पहुंचकर नवदंपति को बधाई दी।

## वैश्विक पहचान बना रहा संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क

# फिलीपींस के प्रतिनिधिमंडल ने ग्लोबल स्किल पार्क के कौशल मॉडल को समझा

*युवाओं को रोजगार से जोड़ने में मप्र का स्किलिंग इको सिस्टम बना मिसाल*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में मप्र के कौशल विकास मॉडल की व्यापक और प्रभावी प्रस्तुति उस समय देखने को मिली, जब फिलीपींस की तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास प्राधिकरण के 24 सदस्यीय उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान का विस्तृत भ्रमण कर इसकी कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण व्यवस्था और उद्योग-आधारित दृष्टिकोण को गहराई से समझा।

यह दौरा प्रदेश में विकसित हो रहे कौशल तंत्र की वैश्विक स्वीकार्यता और बढ़ती विश्वसनीयता का संकेत बना। कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिनिधिमंडल और अधिकारियों के बीच सार्थक संवाद हुआ। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र किया गया।



फिलीपींस के 24 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान का भ्रमण किया।

### लीडरशिप मास्टर क्लास में उत्कृष्ट प्रदर्शन

लीडरशिप मास्टर क्लास में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं प्रोत्साहन वाउचर प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में अंकित प्रजापति को इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने सिटी परिसर में प्रिसिजन इंजीनियरिंग से संबंधित सीएनसी एवं पारंपरिक प्रयोगशालाओं का गहन अवलोकन किया।

### वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की जानकारी साझा की

संवाद सत्र में प्रशिक्षण प्रक्रियाओं, पाठ्यक्रम संरचना, उद्योग सहभागिता और प्लेसमेंट व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई।

# 50 करोड़ का पैंगोलिन बेचने आए 2 तस्कर गिरफ्तार, वन विभाग ने घेराबंदी कर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में जिंदा पैंगोलिन के साथ वन विभाग ने 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। शातिर तस्कर 50 करोड़ रुपए में तस्करी करने के लिए पैंगोलिन को रायपुर लेकर आए थे। वन विभाग की टीम ने सटीक सूचना के आधार पर घेरेबंदी कर इस दुर्लभ जीव का रेस्क्यू किया है। वन विभाग की इस बड़ी कार्रवाई को पुलिस थाना सिटी चंगोराभाठा क्षेत्र में अंजाम दिया गया, जहां से पैंगोलिन का रेस्क्यू किया गया।



### पखांजूर और बालाघाट से जुड़े तस्करी के तार

पकड़े गए आरोपियों से शुरुआती पूछताछ में यह खुलासा हुआ है कि पैंगोलिन को पखांजूर से तस्करी करके रायपुर लाया गया था और यहां इसे बेचने की तैयारी थी। गिरफ्तार किए गए दो तस्करों में से एक आरोपी गोपाल बोपचे है, जो मध्य प्रदेश के बालाघाट का रहने वाला है, जिसके पास से पैंगोलिन बरामद किया गया।

**मुख्य आरोपी की तलाश जारी**

वन विभाग की टीम ने मौके से इन 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन इस पूरे गिरोह का मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। विभाग की टीम अब मुख्य आरोपी की तलाश में सरगर्मी से जुटी हुई है। साथ ही, वन विभाग अब इस तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों और इसके अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़े होने की संभावनाओं की जांच कर रहा है।

## कुछ माह पहले बाल विवाह मुक्त घोषित किया गया है जिला, विवाह शून्य घोषित कराने की तैयारी

# 21 साल का होने से 2 महीने पहले ही युवक बना दूल्हा, प्रशासन दौड़ा-दौड़ा गांव पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले को भले ही कुछ माह पहले बाल विवाह मुक्त जिला घोषित किया गया हो, लेकिन जमीनी हकीकत ने इस दावे की पोल खोल दी है। बुधवार को जिले से सामने आए एक मामले ने प्रशासनिक तंत्र को हिलाकर रख दिया, जब एक युवक ने 21 वर्ष की कानूनी उम्र पूरी होने से पहले ही विवाह कर लिया। मामला डौंडी ब्लॉक के ग्राम भर्रीटोला-43 का है।

यहां के निवासी योगेंद्र धनकर (उम्र 20 वर्ष 10 माह), पिता हेमलाल धनकर ने राजनांदगांव जिले के ग्राम साल्हेटोला की युवती आशा धनकर, पिता भोजराम धनकर के साथ बुधवार तड़के करीब 4 बजे हिन्दू रीति-रिवाजों के साथ सात फेरे ले लिए। विवाह राजनांदगांव जिले में सम्पन्न हुआ, जिससे स्थानीय स्तर पर निगरानी तंत्र की सीमाएं भी उजागर हुईं। सुबह करीब 7 बजे जब बारात दूल्हे के गांव लौटी, तो खुशियों का माहौल ज्यादा देर तक कायम नहीं रह सका।

### महिला एवं बाल विकास विभाग हरकत में आया

मामले की जानकारी मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग हरकत में आया और तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया। कलेक्टर दिव्या मिश्रा के सख्त निर्देश पर प्रशासनिक टीम बिना देर किए गांव पहुंची।

एसडीएम सुरेश साहू, तहसीलदार देवेंद्र नेताम, जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) समीर पांडे, बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और युवक के परिजनों को कड़ी समझाइश दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से हस्तक्षेप करते हुए युवक के पिता से लिखित सहमति पत्र लिया। इसमें यह सुनिश्चित किया गया कि युवक के 21 वर्ष पूर्ण होने तक युवती अपने मायके में ही रहेगी और वैधानिक आयु पूर्ण होने के बाद ही पुनः विधिवत विवाह सम्पन्न कराया जाएगा। इधर, पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए बालोद कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने राजनांदगांव कलेक्टर से संपर्क साधा और उक्त विवाह को शून्य घोषित कराने की मांग रखी है।



### सामाजिक कुरीतियों पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई

विशेषज्ञों की मानें तो केवल घोषणाओं और औपचारिक अभियानों से सामाजिक कुरीतियों पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती। इसके लिए गांव-गांव तक सक्रिय निगरानी, सतत संवाद और प्रभावी जनजागरूकता बेहद जरूरी है। इस मामले ने महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि इस पूरे प्रकरण में एक राहत की बात यह रही कि विवाह दूसरे जिले में सम्पन्न हुआ और युवती बालिग है, जिससे स्थिति को संभालने में प्रशासन को कुछ सहूलियत मिली। लेकिन यह घटना एक स्पष्ट संकेत है कि बाल विवाह जैसे मुद्दों पर अभी और अधिक गंभीरता और सतर्कता की आवश्यकता है।

### कानूनी प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में

सूत्रों के अनुसार, राजनांदगांव प्रशासन भी इस दिशा में कानूनी प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। कार्रवाई के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने गांव में जनजागरूकता अभियान भी चलाया। ग्राम पंचायत भवन की दीवार पर बाल विवाह सामाजिक अभिशाप है का पोस्टर चस्पा कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। गौरतलब है कि बालोद जिले को लगभग 7 माह पूर्व बाल विवाह मुक्त घोषित किया गया था। इसके बाद लगातार शपथ कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को समझाने का प्रयास किया जाता रहा है। बावजूद इसके, यह घटना दर्शाती है कि जमीनी स्तर पर जागरूकता और निगरानी में अभी भी बड़ी खामियां मौजूद हैं।

## 'भारत गाथा' व 'भारत कथा' की 15 पुस्तकों का विमोचन, नई दिल्ली में संगोष्ठी

# रवीन्द्र शर्मा समग्र पुस्तक श्रृंखलाओं का लोकार्पण

हरिभूमि, जबलपुर ।



**ग्राम इंद्राना स्थित जीविका आश्रम के प्रेरणास्त्रोत स्व. रवीन्द्र शर्मा जी के विचारों पर आधारित 15 पुस्तकों का भव्य लोकार्पण इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA), नई दिल्ली में आयोजित संगोष्ठी में किया गया। "गांधीमय गुरुजी" विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा, समाज और समकालीन चिंतन पर गहन विमर्श हुआ।**

कार्यक्रम में 'भारत गाथा' और 'भारत कथा' नामक दो श्रृंखलाओं के अंतर्गत प्रकाशित पुस्तकों का विधिवत विमोचन किया गया। जीविका आश्रम के संस्थापक और मुख्य संपादक आशीष गुप्ता ने गुरुजी के व्यक्तित्व और उनके विचारों की गहराई पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह ग्रंथावली भारतीय परंपरागत ज्ञान को वर्तमान संदर्भों में समझने का प्रयास है।

संगोष्ठी में विभिन्न शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने गुरुजी के विचारों पर अपने दृष्टिकोण रखे। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति राणा प्रताप सिंह ने वैज्ञानिक उदाहरणों से उनके विचारों को स्पष्ट किया, जबकि IGNCA के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने भारतीय ज्ञान परंपरा में उनके योगदान को अतुलनीय बताया। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने सामाजिक संरचना और जाति व्यवस्था के संदर्भ में उनके विचारों का विश्लेषण किया।

मुख्य अतिथि सुरेश सोनी ने गुरुजी के संवादों के सामाजिक महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन कलाकोश विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर लाल ने किया।

दूसरे सत्र में 'भारत गाथा' श्रृंखला की 10 पुस्तकों पर चर्चा हुई, जिसमें हरिजन सेवक संघ के उपाध्यक्ष लक्ष्मी दास, आईआईटी दिल्ली के प्रो. विजय चेरियर और प्रो. पवन कुमार शर्मा ने विभिन्न विषयों—कला, शिक्षा, ग्राम एवं समाज व्यवस्था—पर अपने विचार रखे।

## कार ने कार को टक्कर मारी

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत शिवाजी चौक पर एक कार ने दूसरी कार को साईड से टक्कर मार दी, जिससे युवक के घुटनों में चोटें आ गई और कार क्षतिग्रस्त हो गई।मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेठीनगर पानी की टंकी के पास कैलाशपुरी गुप्तेश्वर गोरखपुर निवासी 23 वर्षीय शिवम जायसवाल गत रात लगभग 11.30 बजे दुकान से छूटकर मदनमहल शिवाजी चौक के पास आमोदा में अपने मामा से मिलने अपनी हुण्डई कार क्रमांक एमपी 20 एक्स बी 9107 से आया था और देर रात लगभग 1.45 बजे अपने घर होमसाईंस कॉलेज रोड़ होते हुये शिवाजी चौक पार कर रहा था तभी गेट नम्बर 4 तरफ से आ रही सफेद रंग की कार टाटा पंच क्रमांक एमपी 15 जेएम 4869 के चालक ने उसकी कार में साईड से टक्कर मार दी, जिससे कार शिवानी चौक गार्डन के सामने रूक गयी। टक्कर लगने से उसके दोनो घुटनों में चोटे आयी तथा कार क्षतिग्रस्त हो गयी है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## सौम्या मिश्र लोक गंधर्व सम्मान से विभूषित

**जबलपुर।** शिक्षाविद् पं. अजय शर्मा गूंज स्मृति अंतर्राष्ट्रीय कला मंच द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित लोकगंधर्व पं. रुद्रदत्त दुबे जीवंत सम्मान से चर्चित लोकगायिका सौम्या त्रिपाठी मिश्र को विद्वान पंडितों द्वारा स्वस्ति वाचन के बीच गरिमामय समारोह में लोकगंधर्व जीवंत सम्मान नगद राशि, सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षाविद् डॉ. धीरेन्द्र पाठक के मुख्य आतिथ्य, डॉ. अल्केश चतुर्वेदी की अध्यक्षता एवं डॉ. चंद्रा चतुर्वेदी, डॉ. राकेश कुमार दुबे, डॉ. बैजनाथ गौतम के विशिष्ट आतिथ्य में लोक कवि पं. रुद्रदत्त दुबे करुण द्वारा रचित रसक मोहनी काव्यकृति का विमोचन एवं गायन संपन्न हुआ। इस अवसर पर पं. मनीष तिवारी, सोमदत्त दुबे, शरद अग्रवाल, नीरज शुक्ला, ओम दुबे, डॉ. शिवहरे, मधुमेष मिश्रा, अन्नपूर्णा दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## नवागत महाप्रबंधक द्वारा जबलपुर-मानिकपुर रेलखंड का प्रथम विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के नवागत महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 को जबलपुर-मानिकपुर रेलखंड पर अपना पहला विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलवे ट्रैक से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे पुलों (रेलवे ब्रिजों), ट्रैक की गुणवत्ता, ओएचई (OHE) लाइनों, समपार फाटक (लेवल क्रॉसिंग), कर्व, टर्नआउट, सिग्नलिंग प्रणाली एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं का गहन एवं सूक्ष्म अवलोकन किया। इस निरीक्षण का प्रमुख उद्देश्य रेल संरक्षा को सुदृढ़ करना, ट्रैक की गुणवत्ता बनाए रखना तथा ट्रेन संचालन को अधिक सुचारू बनाना रहा। महाप्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ट्रैक मेंटेनेंस, सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन तथा समयबद्ध संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर कमल कुमार तलरेजा सहित वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे तथा निरीक्षण के दौरान आवश्यक तकनीकी एवं संचालन संबंधी जानकारी दी गई।



## "हिंदी के क्षेत्र में रोजगार के अवसर" विषय पर व्याख्यान आयोजित

# "हिंदी केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि उज्जवल भविष्य की कुंजी भी है : प्रो. अरुण शुक्ल



**जबलपुर।** हिंदी विभाग, माता गुजरी महिला स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा "हिंदी के क्षेत्र में रोजगार के अवसर" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रुप में प्रो. अरुण शुक्ल, विभागाध्यक्ष हिंदी, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय जबलपुर ने छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि आज हिंदी न केवल हमारी मातृभाषा है, बल्कि यह रोजगार का एक सशक्त माध्यम भी बन चुकी है। हिंदी केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि उज्जवल भविष्य की कुंजी भी है। शिक्षण के क्षेत्र में स्कूलों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में हिंदी विषय के शिक्षक एवं प्राध्यापक के रुप में रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी सेवाओं में राजभाषा अधिकारी, अनुवादक तथा हिंदी अधिकारी के पदों पर भी नियुक्तियाँ होती हैं। पत्रकारिता भी एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जहाँ हिंदी में समाचार लेखन, रिपोर्टिंग, एंकरिंग और संपादन के क्षेत्र में युवा अपना कॅरियर बना सकते हैं।

विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ. सपना श्रीवास्तव ने कहा कि यदि सही दिशा में विद्यार्थी प्रयास करें तो हिंदी के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। डॉ. पूनम शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को हिंदी भाषा से जुड़े विविध कॅरियर विकल्पों के प्रति जागरुक करना है। साथ ही छात्राओं को हिंदी के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संगीता झाम्ब, डॉ. भारती रजक, डॉ. वर्षा दुबे के साथ महाविद्यालय की लगभग 38 छात्रायें उपस्थित रहीं।



## पश्चिम मध्य रेलवे में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**'कंप्यूटर पर यूनिकोड का प्रयोग' विषय पर प्रशिक्षण, 30 अधिकारियों-कर्मचारियों ने लिया हिस्सा**

**जबलपुर।** भारत सरकार गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग एवं रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महाप्रबंधक कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर में एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। 'कंप्यूटर पर यूनिकोड का प्रयोग' विषय पर आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी मुख्यालय संतलाल मर्सकोले द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक उपयोग पर जोर देते हुए प्रतिभागियों को प्रेरित किया। कार्यशाला में वरिष्ठ अनुवादक बिपुल कुमार मंडल ने यूनिकोड के विभिन्न आयामों और कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करने की तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान भी किया। इस प्रशिक्षण में महाप्रबंधक कार्यालय के विभिन्न विभागों से 10 रेल अधिकारी एवं 20 कर्मचारी सहित कुल 30 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन भी संतलाल मर्सकोले द्वारा किया गया।



## स्वच्छ सर्वेक्षण 2026: संस्कारधानी ने बढ़ाया हाथ, गौरीघाट में उमड़ा जन-भागीदारी का सैलाब

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26' के तहत स्वच्छता जागरूकता अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में गौरीघाट वार्ड में माँ नर्मदा तट पर 'रिवर टाउन असेसमेंट' के अंतर्गत विशाल महा-श्रमदान आयोजित किया गया। इस अभियान में नगर निगम टीम के साथ जॉय हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी और एनसीसी कैडेट्स ने घाट की सफाई कर जन-भागीदारी का उदाहरण प्रस्तुत किया। सभी ने मिलकर घाट क्षेत्र को स्वच्छ बनाया और नागरिकों को गीला, सूखा व हानिकारक कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालने, सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने तथा घर पर कचरे से खाद बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों और विद्यार्थियों ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। नगर निगम ने कहा कि बढ़ती जन-भागीदारी के साथ जबलपुर स्वच्छता सर्वेक्षण में नए मानक स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## अभा वाल्मीकि महासभा पुलिस अधीक्षक को कल सौंपेगी ज्ञापन

**जबलपुर।** अखिल भारतीय बाल्मीकि महासभा म.प्र. के युवाओं की टीम द्वारा 24/04/26 दिन शुक्रवार समय 4:30 बजे पुलिस अधीक्षक जबलपुर को अमरनाथ यात्रा के पंजीयन के लिए पंजाब नेशनल बैंक रामपुर शाखा में बाल्मीकि समाज जबलपुर के युवा साथी गौरव मेहरोलिया के साथ अमानवीय एवं निर्दयतापूर्ण मारपीट के विरोध में ज्ञापन सौपा जायेगा, हमारा उद्देश्य युवा साथी गौरव मेहरोलिया को न्याय दिलाना है जिसमें आप सभी अखिल भारतीय बाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, जबलपुर संभाग पदाधिकारी, जबलपुर जिले के सभी पदाधिकारी, बाल्मीकि समाज के युवा साथी एवं बाल्मीकि समाज के सभी वरिष्ठजन एकत्रित होकर ज्ञापन सौंपेंगे।



## जबलपुर में विकास को गतिः महापौर की 4 घंटे की मैराथन बैठक में लिए कई अहम निर्णय

**95% सड़कें गड्ढा मुक्त, मुक्तिधाम होंगे सर्वसुविधायुक्त; चौपाटी, उद्यान, स्वच्छता और जल प्रबंधन पर विशेष फोकस**

**जबलपुर।** जगत बहादुर सिंह अन्नू ने लोककर्म, उद्यान एवं स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों को लेकर चार घंटे की मैराथन बैठक में शहर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। उन्होंने बताया कि शहर की 95 प्रतिशत सड़कें गड्ढा मुक्त हो चुकी हैं तथा मुक्तिधामों के सौंदर्यीकरण और उन्नयन के लिए शीघ्र टेंडर जारी किए जाएंगे।महापौर ने जनभागीदारी के माध्यम से मुक्तिधामों में लैंडस्केपिंग, पौधारोपण, फाउंटेन और अन्य सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही शहर में दो स्थानों पर 5-स्टार स्तर की चौपाटी विकसित करने और प्रमुख प्रवेश मार्गों के सौंदर्यीकरण की योजना पर काम तेज करने को कहा गया। स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 80 नई सीएनजी कचरा गाड़ियां शामिल की जाएंगी तथा नाइट स्वीपिंग की सख्त निगरानी की जाएगी। ग्रीष्म ऋतु में जल संकट से बचाव हेतु पाइपलाइन विस्तार और जल भंडारण की व्यवस्था के निर्देश दिए गए, वहीं वर्षा ऋतु में जलभराव रोकने के लिए नालों की सफाई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में रजनी कैलाश साहू, दामोदर सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## फर्जी दस्तावेजों से करा ली जमीन की रजिस्ट्री

**जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना क्षेत्र स्थित एक जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर रजिस्ट्री करा ली गई। इस मामले में परिवाद दायर करने पर न्यायालय के निर्देश पर फर्जीवाड़ा करने वाले आरोपी मुन्ना सिंह ठाकुर राजपूत के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में अधिवक्ता संजय सिंह द्वारा पैरवी की गई। पुलिस के अनुसार जीसीएफ से रिटायर्ड नरेंद्र सिंह वर्मा उम्र 65 वर्ष वर्तमान में भोपाल निवासी की ओर से न्यायालय में परिवाद दायर किया गया था। जिसमें बताया गया था कि वर्ष 1992 में साथ उनके कुल 11 लोगों ने मिलकर कंधाई लाल से ग्वारीघाट स्थित 0.245 हेक्टेयर जमीन खरीदी थी। इस जमीन पर उनके हक में 25 सौ वर्गफीट जमीन आई थी, लेकिन रामपुर निवासी मुन्ना सिंह ठाकुर ने उप पंजीयक के फर्जी हस्ताक्षर कर जमीन की फर्जी रजिस्ट्री तैयार की और फिर गोरखपुर तहसील कार्यालय में नामांतरण के लिए आवेदन किया, जहां से फर्जी रजिस्ट्री के आधार पर नामांतरण भी हो गया। इसके बाद मुन्ना सिंह ने जमीन चार लोगों को बेच दी। इस मामले में न्यायालय के निर्देश पर मंगलवार को ग्वारीघाट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

## डिलेवरी ब्वॉय का बैग लूटकर भागे 3 बदमाश

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत शारदा मंदिर ढलान रोड पर पैदल जा रहे तीन अज्ञात लड़कों ने एक डिलेवरी ब्वॉय से उसका बिल्किंट कम्पनी का बैग झपट्टा मारकर ले गए। बैग में 300 से 400 का घरेलू सामान रखा था।गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मांडवा बस्ती रामपुर निवासी 36 वर्षीय लकी सोनी बिल्किंट कम्पनी में डिलेवरी पार्टनर का काम करता है। गत रात लगभग 8 बजे आमनपुर मदनमहल पंजाब बैंक के बाजू से बिल्किंट कम्पनी से आर्डर डिलेवर करने अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एक्स डी 3225 से सैनिक सोसायटी जा रहा था जैसे ही शारदा मंदिर ढलान रोड़ पर पहुँचा जहां पैदल आ रहे तीन अज्ञात लड़कों में से एक लड़के ने उसका बिल्किंट कम्पनी का बैग झपट्टा मारकर शारदा मंदिर की तरफ भाग गए। बैग में 300-400 रूपये के घरेलू सामान रखे हुए थे।

## चरणबद्ध योजना बनाकर करें संगठन कार्य

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा जिले की अत्यंत कामकाजी बैठक भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में सम्पन्न हुई।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि संगठन के कार्य एवं प्रवास की चरणबद्ध योजना बनाकर काम करे ताकि कार्यकर्ता पार्टी के प्रत्येक गतिविधि एवं कार्यक्रम को बूथ स्तर पर शीघ्रता से संपन्न कराएं। कार्यकर्ता केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाकर योजनाओं का लाभ सभी को प्रदान कराएं यह भी भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता की प्राथमिकता होनी चाहिए। रत्नेश सोनकर ने कहा कि एक कार्यकर्ता को अपनी दायित्व का निर्वहन करते हुए संगठन विस्तार में प्राण प्रण से कार्य करना है राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश को संगठन की सबसे मजबूत इकाई बूथ स्तर तक क्रियान्वित किया जाएं।भाजपा द्वारा आयोजित इस बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज, महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल, अभय सिंह ठाकुर, रजनीश यादव, श्रीराम शुक्ला, शंकर श्रीवास्तव, तृष्णा चटर्जी, मनीष जैन कल्लू, रीना राय, कौशल सूरी, संकल्प पाठक, विवेक अग्रवाल, राहुल दुबे, रवि शर्मा, चित्रकांत शर्मा, कुसुम चौबे, प्रशांत केशरवानी, रूपा राव, शिवा चौधरी, दिव्या बाजपेई, मीरा मरकाम, अभिनव यादव, दिलीप पटेल, पुष्पराज सैंगर, सौरभ गोयल, नरेश पटेल, आशीष राव, गुड्डा केवट,कैलाश चक्रवर्ती, अमित राय, ऋषि सोनकर आदि उपस्थित थे।

# नगर निगम में 'स्व-गणना' अभियान के लिए मास्टर प्लान तैयार

## निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बैठक में दिया डिजिटल जनगणना पर जोर

**जबलपुर।** आगामी जनगणना 2027 को अधिक सुगम, सटीक और डिजिटल बनाने के उद्देश्य से नगर निगम मुख्यालय में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की अध्यक्षता में हुई बैठक में 'स्व-गणना' अभियान को तेज करने और नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी 16 चार्ज अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन 1000 नागरिकों को स्व-गणना पोर्टल का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। इसका उद्देश्य नागरिकों को स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित करना तथा डेटा की सटीकता और गोपनीयता सुनिश्चित करना है।



निगमायुक्त ने सभी गणना कार्य 30 अप्रैल 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए और राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को अभियान की मुख्य कड़ी बताया। बैठक में जनगणना निदेशालय, भोपाल के अधिकारी अशोक चौबे और मास्टर ट्रेनर मनोज नाथानी ने तकनीकी जानकारी दी। वहीं अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेन्द्र कुमार चौहान और मनोज श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अभियान से शहर का डिजिटल डाटा बेस मजबूत होने के साथ ही भविष्य की विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से तैयार करने में मदद मिलेगी।